सुप्रभात
रांची, गुरुवार
08.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी/ चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 206



12 माइक्रोसॉफ्ट देगी 20 लाख भारतीयों को एआइ का प्रशिक्षण

## न्यूज डायरी

### पैतृक गांव में मुख्यमंत्री चंपाई का भव्य स्वागत

**सरायकेला।** मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद चंपई सोरेन बुधवार को सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा पहली बार पहुंचे। ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक तरीके से अभिवादन और स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने यहां अमर वीर शहीद डीबा-किशुन जी व जागेश्वर टुडू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गिरिडीह में सड़क हादसा एक महिला की मौत

**गिरिडीह।** बगोदर थाना क्षेत्र में बुधवार को दो सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये, जिसमें एक मैट्रिक की छात्रा है। घायलों का इलाज बगोदर ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। जिस गाड़ी से महिला की मौत हुई उसे पुलिस जब्त कर ली।

### अब 10 फरवरी तक संसद का बजट सत्र

**नयी दिल्ली।** संसद के वर्तमान बजट सत्र को एक दिन बढ़ाकर 10 फरवरी तक कर दिया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल समाप्त होते ही कहा कि संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया है कि जरूरी सरकारी कामकाज निपटाने के लिए 17वीं लोकसभा के 15वें सत्र को 10 तक बढ़ा दी जाए।

### पलामू : दिनदहाड़े गोली मारकर महिला की हत्या

**पलामू।** शहर थाना क्षेत्र के सदीक चौक से सटे इलाके में बुधवार की दिनदहाड़े एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना सदीक चौक से शाहपुर जाने वाली सड़क पर स्थित मुकेश भोजनालय में हुई। महिला की पहचान नमिता देवी (55) के रूप में हुई है।

### दुमका : सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**दुमका।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर स्टेट हाईवे पर बुधवार को ट्रक की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी। घटना के बाद ट्रक चालक भागने में सफल रहा। मृतक की पहचान साधु मिर्धा (24) और विकास मिर्धा (21) के रूप में की गयी। मृतक जरमुंडी थाना क्षेत्र के सरमारा गांव निवासी था।

### पाक के बलूचिस्तान में धमाका, 25 की मौत

**कराची।** पाकिस्तान में गुरुवार को होने वाले आम चुनाव से पहले अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दोहरे विस्फोटों में करीब 25 लोगों की मौत गयी। धमाके में 42 से अधिक लोग घायल हैं। पिशिन जिले में निर्दलीय उम्मीदवार असफंदयार खान काकड़ के कार्यालय के बाहर एक भीषण विस्फोट में 17 लोगों की मौत हो गयी।

### हत्या के आरोपी पुत्र को उम्रकैद की सजा

**सिमडेगा।** प्रधान जिला जज राजकमल मिश्र की अदालत ने हत्यारोपी घनश्याम साहू को आजीवन कारावास की सजा सुनायी तथा दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा

# हर ग्राहक को मिलेगी 125 यूनिट फ्री बिजली

**ऊर्जा विभाग शीघ्र तैयार करे प्रस्ताव**

वित्तीय प्रबंधन को और मजबूत बनायें

**योजनाओं को ससमय पूरा करें**

जनता की उम्मीद पूरा करने को सरकार प्रतिबद्ध

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि बिजली सब्सिडी में जल्द बढ़ोतरी की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को अब 100 यूनिट की जगह अब 125 यूनिट बिजली मुफ्त देने के की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी वंचित टोलों में बिजली पहुंचाई जायेगी। इस संबंध में ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का उन्होंने निर्देश दिया। सीएम ने अधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन को और भी बेहतर बनाने को कहा।

साथ ही सभी विभागों को योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री बुधवार को वित्तीय वर्ष 2023- 24 के राजस्व प्राप्ति और व्यय को लेकर विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों के बजटीय प्रावधान और वास्तविक प्राप्ति तथा खर्च की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की भी समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

(शेष पेज 11 पर)



### कार्यों में तेजी लाने का आदेश

सीएम ने सभी विभागों को विभिन्न योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि यहां की ज्यादा से ज्यादा जनता को इसका लाभ दे सकें। उन्होंने जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को समय पूरा करने को भी कहा। सीएम ने अधिकारियों को वित्तीय प्रबंधन को और भी बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब दो महीने से कम का समय बचा है। ऐसे में सभी विभाग अपने बजट की राशि के खर्चे में तेजी लाये।

### मुख्यमंत्री ने दिये अहम निर्देश

धान क्रय को लेकर किसानों को समय पर राशि का भुगतान सुनिश्चित करें। हरा राशन कार्डधारियों को हर महीने अनाज देने और पीडीएस डीलरों के कमीशन बढ़ाने की प्रक्रिया जल्द पूरी करें। जनजातीय भाषाओं के लिए शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी हो।12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने की पहल जल्द शुरू होनी चाहिए। 325 प्रखंड स्तरीय स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का विस्तार करें। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू हो। दाखिल-खारिज का निष्पादन और लगान रसीद समय पर निर्गत हो।

## शादी की 18वीं सालगिरह पर कल्पना सोरेन का भावुक पोस्ट

# ...मैं साथ और संघर्ष की शक्ति बनकर दिखाऊंगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बुधवार को शादी की 18 वीं सालगिरह है, लेकिन शायद यह पहली बार है जब दोनों घर में साथ-साथ नहीं हैं। वह अपने परिवार और बच्चों से दूर हैं। अपनी शादी की वर्षगांठ पर कल्पना मुर्मू सोरेन ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि वो वीर झारखंडी योद्धा की जीवन साथी हैं। वो उनके संघर्ष की शक्ति बनकर दिखायेंगी।

**विजेता बन कर आयेंगे :** कल्पना सोरेन ने अपने पति हेमंत सोरेन के सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि झारखंड के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए हेमंत जी ने झुकना स्वीकार नहीं किया। उन्होंने षड्यंत्र से लड़ना और उसे हराने के लिए अपने आप को समर्पित करना ही बेहतर समझा। विश्वास है वह इस षड्यंत्र को हरा विजेता बनकर हम सभी के साथ शीघ्र होंगे। कल्पना सोरेन ने अपने बारे में यह लिखा है कि वह एक वीर झारखंडी योद्धा की जीवन साथी हैं। आज के दिन वह भावुक नहीं होंगी। हेमंत जी की तरह ही विषम परिस्थितियों में भी मुस्कुराते हुए उनके साथ और संघर्ष की शक्ति बन कर दिखाऊंगी। (शेष पेज 11 पर)



# कोलकाता में कारोबारी के घर इडी की छापेमारी

एजेंसी

**कोलकाता।** धीरे-धीरे प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर कोलकाता आ रहा है। बुधवार सुबह 7 बजे ईडी की टीम कोलकाता के एक कारोबारी के घर पहुंची। सीजीओ कॉम्प्लेक्स के सूत्रों के मुताबिक ईडी ने आज सुबह दक्षिण कोलकाता के मुदियाली में प्रतिष्ठित व्यवसायी के घर पर छापा मारा। इससे पहले भी इस मामले में दो कारोबारियों से पूछताछ की जा चुकी है। इडी के अधिकारियों ने दावा किया है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के तार कोलकाता के कारोबारी से जुड़े हुए हैं। ईडी का आरोप है कि कोलकाता के कारोबारी योगेश अग्रवाल का रियल एस्टेट और फाइनेंस का कारोबार है। घटना को लेकर पश्चिम बंगाल के ईडी अधिकारी झारखंड के अपने समकक्षों के साथ नियमित बैठक कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद उनके आवास से एक कार बरामद की गयी है। ईडी ने दावा किया कि जो कार मिली है वह मुदियाली व्यवसायी की कंपनी द्वारा पंजीकृत थी। हेमंत सोरेन की कार भी मुदियाली कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। यह पता चला है कि कोलकाता के दो व्यापारियों का बयान उन सबूतों में से एक था जो ईडी को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के मामले में मिले थे। इससे पहले जांचकर्ताओं ने दोनों कारोबारियों के बयान दर्ज ये। यह पता चला है कि दो व्यवसायी दिलीप घोष और अमित अग्रवाल हैं, जिनसे सोरेन से जुड़े भ्रष्टाचार मामलों के संबंध में पूछताछ की गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

### सीएम केजरीवाल को 17 को पेश होने का आदेश

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को 17 फरवरी को कोर्ट में पेश होने का आदेश आया है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ये आदेश दिया है। दिल्ली आबकारी नीति मामले में ईडी के पांच समन के बावजूद सीएम केजरीवाल के पेश न होने के खिलाफ ईडी द्वारा दाखिल याचिका पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुनाया। एसीएमएम दिव्या मल्होत्रा ने ये फैसला दिया। ईडी ने कोर्ट में याचिका देते हुए कहा था कि सीएम अरविंद केजरीवाल पब्लिक सर्वेंट हैं और उन्हें जो समन भेजा जा रहा है उसकी तामील नहीं कर रहे हैं। ईडी की तरफ से भेजे गये समन को सीएम केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी गैर कानूनी बताता रही है। ऐसे में ईडी इस मामले को कोर्ट तक ले गयी।

# चतरा में पुलिस-नक्सली मुठभेड़, दो जवान शहीद

- तीन घायल, कई नक्सलियों को भी लगी गोली
- घायल एक जवान को रांची एयरलिफ्ट किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के जोरी थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सदर थाना का एक जवान समेत दो शहीद हो गये हैं। तीन अन्य जवान भी घायल हैं, जिसमें एक की हालत गंभीर है। गंभीर अवस्था को देखते हुए एक जवान को एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया।

शहीद जवानों के नाम सिकंदर सिंह और शुकर राम बताया जा रहा है। ये मुठभेड़ सदर थाना और जोरी बॉर्डर के बैरियो जंगल में हुई है। सुरक्षाबल बल के जवान इलाके में सर्चिंग पर निकले थे। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग खड़े हुए। सुरक्षाबल इलाके में घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चला रहें हैं।

घटना की एसडीपीओ संदीप सुमन ने पुष्टि की है। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को भी गोली लगी है। अपने घायल साथियों को नक्सली ले कर भागने में सफल रहे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त बल वहां भेजा गया है। आपरेशन जारी है। एक अन्य जानकारी के अनुसार सुरक्षाकर्मी अफीम की फसल नष्ट कर लौट रहे थे। इसी दौरान टीपीसी नक्सली संगठन के दस्त ने अचानक पुलिस बल पर हमला कर दिया। नक्सलियों की फायरिंग में दो पुलिसकर्मी सिकंदर सिंह और शुकर राम शहीद हो गये।

(शेष पेज 11 पर)



### टीपीसी के नाम पर मांगी लेवी

वहीं दूसरी ओर चतरा के ही टंडवा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम दो बाइक से आये चार नकाबपोशों ने उतराठी गांव में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों को बाधित किया। हवाई फायरिंग कर ठेकेदार से लेवी मांगी। घटना की सूचना पर बुधवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। आशंका है कि टीपीसी के नाम पर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया हो। जांच-पड़ताल कर रही है।

## उत्तराखंड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना

# बहु विवाह, हलाला प्रतिबंधित, एक साल तक तलाक नहीं

### उत्तराखंड सरकार ने रचा इतिहास

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा पेश किया गया समान नागरिक संहिता 2024 विधेयक सदन में पारित हो गया। राज्य विधानसभा में यूसीसी बिल पास होने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। समान नागरिक संहिता 2024 विधेयक पारित होने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी की मौजूगी में विधायकों ने जश्न मनाया। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद राज्य में नया कानून प्रभावी हो जायेगा। इसके साथ ही बहु विवाह और हलाला जैसे प्रावधान कानूनी रूप से प्रतिबंधित हो जायेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### तलाक मामले में भी कई प्रस्ताव

उत्तराखंड में यूसीसी विधेयक में तलाक को लेकर विशेष प्रावधान हैं। कुछ खास स्थिति को छोड़कर कोर्ट में तलाक की कोई भी अर्जी तब तक प्रस्तुत नहीं की जायेगी। जब तक कि विवाह हुए एक वर्ष की अवधि पूरी न हुई हो।



### अनुसूचित जनजातियां दायरे से बाहर

उत्तराखंड विधानसभा में पेश यूसीसी विधेयक में सबसे खास बात है कि इसके दायरे से प्रदेश में निवासरत अनुसूचित जनजातियों को बाहर रखा गया है।

### लिव-इन की सूचना देनी होगी

लिव-इन की सूचना नहीं देने पर तीन महीने की जेल, और 10 हजार के जुर्माने का भी इसमें प्रावधान है। ऐसे जोड़ों की सूचना आधिकारिक रूप से देना जरूरी बनाते हुए जोड़ों के बच्चों को जैविक बच्चों की तरह उत्तराधिकार देना प्रस्तावित है। विधेयक में कहा गया कि अगर एक माह के भीतर लिव-इन में रहने की सूचना नहीं देने पर तीन माह की कैद या दस हजार रुपये का जुमार्ना या दोनों दंड प्रभावी होंगे। गलत सूचना देने पर भी दंड का प्रावधान किया गया है। महिला को छोड़ने पर भी गुजारा-भत्ता देना होगा।

# हेमंत से और पांच दिन पूछताछ करेगी इडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से इडी अब 12 फरवरी तक पूछताछ कर सकेगी। इडी कोर्ट ने बुधवार को इसकी अनुमति दे दी है। इससे पूर्व पांच दिनों की पूछताछ की अवधि खत्म होने के दिन बुधवार को कड़ी सुरक्षा में पूर्व सीएम को ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश किया। पेशी के साथ ही ईडी और सात दिनों की और पुलिस रिमांड का आवेदन दिया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने पांच दिनों की पूछताछ की अनुमति प्रदान की। कोर्ट की अनुमति के बाद इडी की टीम पुनः हेमंत सोरेन को अपने साथ ले गयी। उक्त मामले में इडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। एक फरवरी को उन्हें अदालत में पेश किया गया था। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया था। पेशी के दौरान ही ईडी ने एक फरवरी को 10 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की थी। अदालत ने पांच दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति दी थी।

(शेष पेज 11 पर)

### इडी और बचाव की दलीलें



ईडी की ओर से कोर्ट में कहा गया कि पूछताछ पांच दिनों में पूरी नहीं हो सकी है, कई विंदुओं पर अभी पूछताछ की जानी है। ईडी ने सात दिनों की रिमांड का आवेदन दिया। इडी को व्यवसायी विनोद सिंह के साथ ट्रांसफर पोस्टिंग से संबंधित कई जानकारी व्हाट्सएप चैट से भी मिली है। कहा गया कि करीब 539 पेज का यह चैटिंग हाथ लगी है। इसके अलावा कई और बिन्दु पर पूछताछ की जानी है। इसका विरोध हेमंत सोरेन के वकील प्रदीप चंद्रा ने किया। उन्होंने कहा कि ईडी को जो पूछताछ करनी थी वह पूरी हो चुकी है। जिस मामले में गिरफ्तारी की गयी है। इसमें अब तक कोई ठोस सबूत ईडी को नहीं मिली है। कहा गया कि हेमंत सोरेन को बेसमेंट में रखा जा रहा है। दिन-रात सुरक्षाकर्मियों का पहरा रहता है। गिरफ्तारी से पूर्व भी 8 घंटे पूछताछ कर चुकी है। इधर, पांच दिनों तक पूछताछ की है। आगे अब पुलिस रिमांड पर नहीं दिया जाये।

## जिसके अपने नेता की गारंटी नहीं, वे मोदी की गारंटी पर सवाल उठा रहे हैं

# कांग्रेस इस बार 40 भी पार नहीं कर पायेगी : पीएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर करारा हमला करते हुए कहा कि इनका हाथ जहां भी लगता है, उसका डूबना तय है। आजादी के बाद इतने लंबे समय तक देश की सत्ता पर काबिज रहने वाली पार्टी के पतन और गिरावट को लेकर उनके मन में संवेदनाएं हैं। वह 'प्रार्थना' करेंगे कि वह अगले आम चुनाव में 40 सीट बचा लें। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि वह प्रार्थना करेंगे कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 40 सीट ही बचा ले। पीएम ने राहुल गांधी का नाम लिये बिना उन पर तीखा हमला बोला। मोदी ने कहा, जिस कांग्रेस ने ओबीसी को पूरी तरह आरक्षण नहीं दिया। जिसने सामान्य वर्ग के गरीबों को कभी आरक्षण नहीं दिया। जिसने बाबा साहेब को भारत रत्न के योग्य नहीं माना, अपने ही परिवार को भारत रत्न देते रहे...वह अब हमें उपदेश दे रहे हैं। वो हमें सामाजिक न्याय का पाठ पढ़ा रहे हैं। जिस कांग्रेस के अपने नेता की कोई गारंटी नहीं है, अपनी नीति की कोई गारंटी नहीं है, वो मोदी की गारंटी पर सवाल उठा रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### कांग्रेस ने युवराज को स्टार्टअप बना दिया

पीएम मोदी ने कांग्रेस के राहुल गांधी पर करारा तंज कसते हुए कहा, पार्टी ने अपने युवराज को एक स्टार्टअप कर दिया है। वो स्टार्टर नहीं नॉन स्टार्टर हैं। वो न लिफ्ट हो रहे हैं न लॉन्च हो रहे हैं।



### राष्ट्रपति धन्यवाद की पात्र

पीएम ने कहा कि संविधान की यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर राष्ट्रपति के भाषण का एक ऐतिहासिक महत्व भी रहता है। उन्होंने अपने संबोधन में भारत की क्षमता, ताकत और उज्ज्वल भविष्य के बारे में बात की और बहुत ही कम शब्दों और बहुत शानदार तरीके से सदन में प्रस्तुत किया है। इस प्रेरक उद्बोधन के लिए मैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को धन्यवाद देता हूं।

### कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कांग्रेस पर देश को उत्तर और दक्षिण में बांटने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जिस कांग्रेस ने सत्ता के लालच में सरेआम लोकतंत्र का गला घोंट दिया था, जिस कांग्रेस ने दर्जनों बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को रातों-रात बर्खास्त कर दिया था, जिस कांग्रेस ने अखबारों पर भी ताले लगाने की कोशिश की थी... अब उसने देश को तोड़ने का विमर्श गढ़ना शुरू कर दिया है।

# कैबिनेट का विस्तार अब 16 को, दिखेंगे नये चेहरे

- सीएम चंपाई के आग्रह पर समारोह कुछ दिन टला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा में फ्लोर टेस्ट पास करने के बाद चंपई सोरेन सरकार अब फुलफ्लेज काम करने में जुट गयी है। अब सभी तरफ मंत्री बनाये जाने को लेकर चर्चा शुरू हो गयी है। मंत्री को लेकर सहयोगी दलों से तालमेल नहीं बन पाने के कारण गुरुवार को होनेवाली मंत्री विस्तार को टाल दिया गया है। अब चंपई कैबिनेट का विस्तार 16 फरवरी की दोपहर 3 बजे होगा। राजभवन ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। इसमें बताया गया है कि सीएम चंपई सोरेन के आग्रह पर गुरुवार को होनेलाली मंत्री विस्तार को टाला गया है। शहर ही नहीं, बल्कि सचिवालय में भी अब बस इस बात की चर्चा होने लगी है कि नये मंत्रिमंडल में किसका नाम कटता है और कौन नया मंत्री बनता है। (शेष पेज 11 पर)

**तीन मंत्रियों को बदलने के मूड में कांग्रेस :** लंबे समय से कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को बदलने की बात सामने आ रही थी। अब यह बदलाव देखने को मिल सकता है। जिन मंत्रियों का पद जा सकता है उनमें वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख हो सकते हैं। इस बार पिछले चार साल से खाली पड़ा 12वां मंत्री पद पर भी कांग्रेस अपने कोटे से भर सकती है।

# गुरदयाल सिंह को मरणोपरांत दिया गया पंथ सेवा रत्न सम्मान

## नम आंखों से गुरदीप पप्पू ने पिता को मिले अवार्ड को किया स्वीकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची गुरुद्वारा साहिब में 40 वर्षों तक कीर्तन गायन की निष्काम करने वाले दिवंगत गुरदयाल सिंह के लिए पंथ सेवा रत्न सम्मान स्वीकार करते वक़्त पुत्र गुरदीप सिंह पप्पू अपने आंसुओं पर काबू नहीं पा सके। नम आँखों से गुरदीप सिंह पप्पू ने अपने पिता स्वर्गीय गुरदयाल सिंह के लिए विशिष्ट सम्मान साकची गुरुद्वारा साहिब के प्रधान निशान सिंह के हाथों से ग्रहण कर सर माथे पर लगाते हुए गर्व से स्वीकार किया। बुधवार को साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) दिवंगत सरदार गुरदयाल सिंह को मरणोपरांत पंथ सेवा सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान की घोषणा करते हुए साकची गुरुद्वारा के प्रधान सरदार निशान सिंह ने गुरदयाल सिंह को गुरुघर का सच्चा सेवक करार दिया। गुरदीप सिंह पप्पू ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि उन्हें अपने पिता पर गर्व है, जिन्होंने अपने जीते जी सिख समाज और गुरुघर की खूब सेवा की। सम्मानस्वरूप उन्हें शॉल ओढ़ाकर स्मारिका भेंट की गई।

साकची के प्रधान निशान सिंह ने कहा दिवंगत गुरदयाल सिंह ने गुरुद्वारा साहिब साकची में पिछले 40 वर्षों से निष्काम सेवा निभाई है और वे इस सम्मान के हकदार हैं। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह और चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने गुरदयाल सिंह को कौम का रत्न बताया और कहा उनके द्वारा की गयी सेवा आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगी।

### गुरदयाल सिंह की अंतिम अरदास में शामिल हुए कोल्हान के कई गणमान्य



दिवंगत पिता गुरुदयाल सिंह को मरणोपरांत मिले पंथ सेवा रत्न सम्मान ग्रहण करते उनके पुत्र गुरदीप सिंह पप्पू।

साकची गुरुद्वारा में उनकी अंतिम अरदास पर जमशेदपुर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर संवेदना प्रकट की। मुख्य रूप से सरदार भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह, सरदार निशान सिंह, राकेश्वर पांडेय, प्रभात कुमार, जयप्रकाश, विनोद सिंह, मंटू सिंह, नंदू पटेल, दिनेश कुमार, अजय अग्रवाल, भुवनेश्वर सिंह, रिटायर्ड डीएसपी बीरेंद्र यादव, हरजीत सिंह विरदी, संता सिंह, सुखदेव सिंह खालसा, परविंदर सिंह, परमजीत सिंह काले, सुरजीत सिंह छीत्ते, ट्रस्टी सरदार रविंद्र सिंह, सतनाम सिंह सिद्धू, सतनाम सिंह घुम्मन, जसवीर सिंह गांधी, सुखदेव सिंह बिट्टू, अमरजीत सिंह, कुलदीप सिंह शेरगिल, कुलविंदर सिंह, जयमल सिंह बरियार, सत्येंद्र सिंह रोमी, त्रिलोचन सिंह तोची, बलबीर सिंह बाऊ, जगमिन्दर सिंह काके ने अंतिम अरदास में शामिल होकर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने भी सांत्वना पत्र देकर गुरदीप सिंह पप्पू को अपनी संवेदना प्रकट की।

एक नजर में

## जेएमए ने सफल 'शेपिंग यंग माइंड्स प्रोग्राम -2024' की मेजबानी की



प्रोग्राम का उद्घाटन करते टाटा स्टील के सीइओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन व साथ में अन्य अतिथिगण।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के सहयोग से 6 फरवरी, 2024 को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में शेपिंग यंग माइंड्स प्रोग्राम (एसवाईएमपी) 2024 की सफलतापूर्वक मेजबानी की। एआईएमए द्वारा संचालित इस पहल का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों से अंतर्दृष्टि प्रदान करके युवा पेशेवरों को प्रेरित करना और सशक्त बनाना है। एसवाईएमपी 2024 ने इच्छुक पेशेवरों को प्रतिष्ठित आइकनों के साथ बातचीत करने, मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के रास्ते तलाशने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का ध्यान युवा दिमागों को खुद को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने, सूचित करियर विकल्प बनाने और अनुकूल कार्य वातावरण बनाने में मार्गदर्शन करने पर केंद्रित है।

**इस कार्यक्रम में सम्मानित वक्ता के रुप में निम्न लोग शामिल हुए :** राजदूत गुरजीत सिंहः जर्मनी, इंडोनेशिया, इथियोपिया, आसियान, अफ्रीकी संघ में पूर्व भारतीय राजदूत और लेखक, लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रत साहा (सेवानिवृत्त): पीवीएसएम, यूवाईएसएम, वाईएसएम, वीएसएम, पूर्व उप सेना प्रमुख और सदस्य, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (एनएसएबी), श्री सुनील अलघः अध्यक्ष, एसकेए एडवाइजर्स, और ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ, डॉ. शिखा नेहरू शर्माः न्यूट्रीवेल हेल्थ इंडिया लिमिटेड की संस्थापक। उक्त वक्ताओं ने अपने ज्ञान और अनुभवों का भंडार साझा किया और अपनी उल्लेखनीय यात्राओं से उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

## टाटा स्टील में 19,700 करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार वाली पांच कंपनियों का विलय



टाटा स्टील के सीइओ एवं प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन।

### इन कंपनियों का हुआ टाटा स्टील में विलय

टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड
टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट लि.
टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लि.
एसएंडटी माइनिंग लिमिटेड
और टाटा मेटालिक्स लिमिटेड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/मुंबई।** व्यापार पोर्टफोलियो को सरल बनाने की अपनी दीर्घकालिक रणनीति और प्रतिबद्धता के अनुरूप,टाटा स्टील ने सितंबर 2022 और उसके बाद की दो तारीखों में नौ को मिलाने के अपने इरादे की घोषणा की थी। कंपनी ने नियामकीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद इनमें से पांच व्यवसायों का सफलतापूर्वक विलय कर लिया है। विलय प्रक्रिया के आर्किटेक्ट हैं टाटा स्टील के सीइओ एंड मैनेजिंग डायरेक्टर टीवी नरेंद्रन। विलय प्रक्रिया पूरी होने के बाद जहां ये कंपनियां टाटा स्टील के मार्केटिंग एवं प्रबंधकीय नेटवर्क का फायदा उठा कर अपने को मजबूत करने में कामयाब होंगी वहीं दूसरी ओर टाटा स्टील के भारतीय परिचालन कारोबार में एकमुश्त 19,700 करोड़ रुपये की वृद्धि हो जायेगी। यह सभी पक्षों के लिए विन-विन सिचुएशन है। प्रक्रियाएं और एकीकरण चल रहा है। इन कंपनियों में शामिल हैंः वित्त वर्ष 23 में 5,000 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार वाली टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड का सितंबर से विलय हो गया। वित्त वर्ष 2013 में 7,464 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार के साथ टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स लिमिटेड का विलय प्रभावी हो गया, एस एंड टी माइनिंग कंपनी लिमिटेड का 1 दिसंबर, 2023 से विलय हो गया। 2023 में 3,983 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार वाली टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड का प्रभावी विलय। वित्त वर्ष 2023 में 3,260 करोड़ रुपये के वार्षिक कारोबार के साथ टाटा मेटालिक्स लिमिटेड का 1 फरवरी से विलय हुआ। वित्त वर्ष 2013 में रिकॉर्ड समय में 19,700 करोड़ रुपये के संचयी वार्षिक कारोबार वाली पांच कंपनियों का विलय किया गया। डाउनस्ट्रीम परिचालन के समेकन के लिए एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है। इससे मूल्य में वृद्धि संभव होगी। टाटा स्टील के राष्ट्रव्यापी विपणन और बिक्री नेटवर्क का लाभ उठाकर सेगमेंट जोड़े गए हैं। यह विलय कंपनियों में मूल्य-वृद्धि करेगा और कच्चे माल की सुरक्षा, केंद्रीकृत खरीद के माध्यम से तालमेल भी बढ़ाएगा। इन्वेंट्री का अनुकूलन, कम लॉजिस्टिक लागत और बेहतर सुविधा उपयोग होगा।

जल्द ही तीन और कंपनियों का विलय प्रक्रिया पूर्ण होगी। कंपनी के मुताबिक तीन अन्य कंपनियों के लिए - भुवनेश्वर पावर प्राइवेट लिमिटेड (टाटा स्टील की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी),अंगुल एनर्जी लिमिटेड (टाटा स्टील शेयरधारिता - 99.99%) और द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टाटा स्टील शेयरधारिता - 98.15%), विलय प्रक्रिया संबंधित क्षेत्राधिकार के साथ उन्नत चरण में है। कंपनी कानून न्यायाधिकरण और विनियामक अनुमोदन के अधीन वित्तीय वर्ष 20 25 तक पूरा होने की उम्मीद है। टीआरएफ लिमिटेड के मामले में, दोनों कंपनियों के बोर्डों ने एकीकरण को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है । सितंबर 2022 में टीआरएफ लिमिटेड के इच्छित विलय की घोषणा के बाद से, टाटा स्टील ऑर्डर देने और धन के प्रवाह के माध्यम से महत्वपूर्ण परिचालन और वित्तीय सहायता प्रदान करने में उदारता दिखायी है। टाटा स्टील के सक्रिय समर्थन से, टीआरएफ ने बेहद चुनौतीपूर्ण परिचालन को सफलतापूर्वक पार कर लिया है।

कंपनी के प्रवक्ता सर्वेश कुमार ने यहां जारी एक बयान में कहा है किअ टाटा स्टील अपनी सरलीकरण यात्रा जारी रखेगी और भविष्य में प्रासंगिक अवसरों का लाभ उठाएगी।

## भाजपा की कमान अब सुधांशु बाबा के हाथ, किया पदभार ग्रहण

# लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में फिर से खिलायेंगे कमल : सुधांशु

### पांच सदस्यीय पुरोहितों ने स्वस्ति वाचन कर कराया ओझा का कार्यालय प्रवेश

### गुंजन यादव ने जिलाध्यक्ष की कुर्सी पर सुधांशु ओझा को कराया आसीन



सुधांशु ओझा को अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाते निवर्तमान अध्यक्ष गुंजन यादव। साथ में राकेश सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सुधांशु ओझा ने भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष पद पर बुधवार को भारतीय संस्कृति एवं सनातन रीति रिवाज से पदभार ग्रहण किया। साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष आयोजित पदभार ग्रहण समारोह में निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा को विधिवत पदभार ग्रहण कराया। समारोह में झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत पार्टी के तमाम वरीय नेतागणों के साथ हजारों कार्यकर्ता इस पल के साक्षी बने।

इस दौरान गुंजन यादव ने जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा को पगड़ी, पार्टी का अंगवस्त्र, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा भेंटकर एवं लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं व्यक्त की। इससे पहले, उपस्थित भाजपा नेताओं ने पार्टी के पितृपुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की छविचित्र के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। ततपश्चात कार्यालय के समक्ष भाजपा का ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने 'भारत माता की जय' एवं 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे लगाए। वहीं, पांच सदस्यीय पुरोहितों के द्वारा स्वस्ति वाचन एवं नारियल फोड़कर कार्यालय प्रवेश कराया गया।

इस दौरान कार्यकताओं ने 'जय श्री राम' और 'भारत माता' की जय से कार्यालय परिसर गुंजायमान रखा। पदभार ग्रहण करने के पश्चात सुधांशु ओझा ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव एवं अन्य कार्यकताओं के संग पैदल मार्च करते हुए साकची गोलचक्कर के समीप स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि आज पार्टी जिन उचाईयों पर पहुंची है वह पार्टी के लाखों कार्यकताओं के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने बेहतरीन तरीके से नेतृत्व कर संगठन के विस्तारीकरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सुधांशु ओझा का अध्यक्ष के रूप में मनोनयन कार्यकताओं की इच्छा के अनुरूप है। सुधांशु ओझा सभी नए-पुराने कार्यकताओं को साथ लेकर संगठन की मजबूती में अपना योगदान देंगे। कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा के चारों सीट पर पार्टी ब्याज के साथ जनता का आशीर्वाद प्राप्त कर बड़ी विजय प्राप्त करेगी। उन्होंने जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा को सफल अध्यक्षीय कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त की।

वहीं, निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक पद्धति के तहत सांगठनिक दायित्वों में परिवर्तन होता रहता है। मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल में उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी की सेवा कर रहे सुधांशु ओझा को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने से अत्यंत हर्षित हूँ। जिला उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने पूरी ईमानदारी और तन्मयता से कार्य किया और उनका सहयोग मुझे सदैव मिला। वहीं, जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि पार्टी संगठन को और अधिक विस्तार देते हुए पार्टी को नई उचाईयों पर ले जाने के लिए मैं आप सबके सहयोग से पूरी ईमानदारी से काम करूंगा। इसके साथ ही राष्ट्रहित और संगठन की सेवा के लिए हरसंभव तत्पर रहूंगा। सुधांशु ओझा ने कहा कि भाजपा में पद नहीं बल्कि दायित्व की परंपरा है। इस पार्टी में प्रतिभा को पहचान कर उसी अनुरूप दायित्व दिया जाता है जिससे संगठन को लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ाया जा सके। कहा कि उनके लिए कार्यकताओं का सम्मान हमेशा सर्वोपरि रहेगा। हम सभी अनुशासन में रहकर पार्टी के कार्यो को सर्वोपरि मानकर कदम से कदम और कंधे से कंधा मिलाकर पूरी एकजुटता से काम करेंगे। सुधांशु ओझा ने पार्टी के सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे सभी कार्यकताओं द्वारा दिए गए आशीर्वाद, प्यार और सम्मान के जीवन भर ऋणी रहेंगे।

समारोह में मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री राकेश सिंह ने किया।

### उपस्थित रहे वरिष्ठ भाजपा नेता

**इस** दौरान पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, जिप सदस्य कुसुम पूर्ति, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, रामबाबू तिवारी, चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, राजेश शुक्ल, नीरज सिंह, विकास सिंह, डॉ राजीव, मिथिलेश सिंह यादव, कल्याणी शरण, राजन सिंह, योगेश मल्होत्रा, जटाशंकर पांडेय, संजीव कुमार, भूपेंद्र सिंह, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, अनिल मोदी, जितेंद्र राय, नीलू मछुआ समेत सभी वरिष्ठ नेता, मंडल व प्रकोष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम बन पहली बार अपने पैतृक गांव झिलिंगगोड़ा पहुंचे चंपई सोरेन



परिवार की महिलाएं चंपई सोरेन का स्वागत करती हुई।

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** मुख्यमंत्री बनने के बाद बुधवार को चंपई सोरेन गम्हरिया प्रखंड के झिलिंगगोड़ा स्थित अपने पैतृक आवास पहुंचे। इस दौरान उनके स्वागत के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। पैतृक आवास पहुंचने पर उनकी पत्नी, बहु समेत परिजनों ने आदिवासी रीति- रिवाज के साथ पांव धोकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने वहां वीर शहीद डीबा-किशुन एवं जागेश्वर टुडू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा घर के पास बने जाहेरथान में जाकर आदिवासी वेश भूषा धारण कर पारम्परिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति और प्रदेशवासियों के सुख-शांति व समृद्धि की कामना किया। इस मौके पर मीडिया से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें मिली है, उसका शत प्रतिशत निर्वहन करेंगे। कहा कि हेमंत सोरेन के अधूरे कार्य को पूरा कर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि युवा मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन की सोच आदिवासी मूलवासियों के उत्थान और विकास को लेकर बनी योजनाओं को अमली जामा पहनाया जाएगा। आदिवासियों और मूलवासियों के धार्मिक स्थलों जाहेरथान का सौंदर्यीकरण कर विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयास से गांव तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया है जो आगे भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने कहा कि बहुत जल्द ही मन्त्रिमण्डल का विस्तार भी कर लिया जाएगा। विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि हेमन्त सोरेन द्वारा किए जा रहे विकास कार्य को देखकर विपक्ष के पेट मे दर्द होने लगा। इसलिए उन्हें फंसा दिया है। अपने पैतृक आवास आने के दौरान मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन अपने आप्त सचिव गुरु प्रसाद महतो के पिता के निधन होने पर उनके गम्हरिया के तिरुलडीह गांव भी गए, जहां उन्होंने आप्त सचिव के पिता राधा गोविंद महतो के शव का अंतिम दर्शन कर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार, डीआईजी अजय लिंडा, जिला उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, एसपी डॉ0 विमल कुमार समेत जिला व पुलिस प्रशासन के सभी आला अधिकारी मौजूद रहे।

# आत्मनिर्भर व विकसित भारत के सपने के साथ आगे बढ़ रहा देश : सांसद विद्युत वरण महतो

## जमशेदपुर के सांसद ने कहा, वित मंत्री के अंतरिम बजट में दूरदर्शी सोच की झलक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सांसद बिद्युत बरण महतो ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही मोदी सरकार ने बजट में गांव, गरीब, महिलाएं एवं अन्नदाता (किसान) के साथ-साथ मिडिल क्लास के हितों का ख्याल करते हुए बजट में कई प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। खासकर मुख्यधारा से कटे हुए लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाया है। देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आने में मदद की। इसमें आत्मनिर्भर भारत की कल्पना ने खासा सहयोग किया। पीएम-जनधन खातों के उपयोग से बैंक खातों में 34 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष हस्तांतरण हुआ। इससे सरकार को 2.7 लाख करोड़ रुपए की बचत हुई। पीएम-स्वनिधि योजना के तहत फेरी वालों को ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक समृद्धि दी। पीएम-जनमन योजना के जरिए कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) के विकास पर जोर दिया गया। पीएम-किसान सम्मान योजना के तहत 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई। पीएम-आवास योजना के तहत 70



प्रतिशत मकान ग्रामीण महिलाओं को दिए गए। सांसद ने कहा कि कोविड जैसी वैश्विक महामारी में मोदी सरकार ने जिस दृढ़ ईच्छा शक्ति का परिचय दिया। उसकी वैश्विक स्तर पर सराहना हुई। उस दौर में भी विकास के पहिए नहीं थमे। विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाते हुए बिजली उत्पादन सौर उर्जा प्रणाली को बढ़ावा दिया। हेल्थ सेक्टर की चर्चा करते हुए सांसद बिद्युत बरण महतो ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना गरीबों के लिए बरदान साबित हुई। इस योजना के दायरे में सभी आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी सेविका और सहायिकाओं को भी शामिल किया है।

आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के साथ हर क्षेत्र में रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर सृजित किए गए। बुनियादी ढांचा के विकास और रोजगार सृजन के लिए पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 11.11 करोड़ रुपए किया जा रहा है। जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 प्रतिशत होगी। रेल गाड़ियों एवं रेलवे स्टेशन को मॉडल एवं आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर काम हो रहे हैं। जिसका परिणाम सबके सामने है। आगामी वर्षों में 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बदले जाने का संकल्प दोहराया गया है। इसी तरह हवाई सेवा में निरंतर सुधार के साथ देश में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी (149 से ज्यादा) पर हुई। वहीं देश की विमानन कंपनियों ने 1,000 से अधिक नए विमानों के लिए ऑर्डर दिए। पर्यटन की चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि प्रमुख पर्यटक केन्द्रों का संपूर्ण विकास शुरू करने, उसे वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में कारगर कदम उठाने की निर्णय लिया गया है। आयकर में छुट की सीमा बढ़ाई गई। सांसद ने कहा कि अब सात लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स की देनदारी नहीं होगी। मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार हुआ। देश की बेटियों को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने के लिए लखपति दीदी बनाने का कंसेप्ट आधी आबादी को फायदे पहुंचाएगी। इससे बेटियों को रोजगार मिलेगा तथा वे स्वावलंबी बन सकेंगी। सांसद ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं, जब भारत विश्व गुरु बनेगा तथा उसका डंका पूरे विश्व में बजेगा।

## दो दिवसीय प्रवास पर गृहनगर पहुंचे ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास



**जमशेदपुर :** ओडिसा के राज्यपाल आज दोपहर 3.30 बजे भुवनेश्वर से जमशेदपुर पहुंचे। जमशेदपुर एयरपोर्ट पर उनके शुभचिंतकों और भाजपा नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागतकरने वालों में नये महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, भुपेंद्र सिंह आदि प्रमुख थे। एयरपोर्ट से दास सीधे एग्रिको स्थित अपने आवास पहुंचे। शाम का पूरा वक्त उन्होंने अपने परिवार एवं शुभचिंतकों के साथ बिताया।

## स्पीड न्यूज

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे से मिले विधायक



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने बुधवार को भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे से उनके एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग, नई दिल्ली स्थित आवास में शिष्टाचार भेंट की। विधायक ने बताया कि जल्द मंत्री का पदार्पण पांकी विधानसभा क्षेत्र में होगा। विधायक ने उन्हें झारखंड की ताजा हालात समेत पांकी विस क्षेत्र के विकास के बारे में बताया।

### बीडीओ ने लिया परीक्षा केंद्रों का जायजा



**हरिहरगंज पलामू।** जैक की 2024 मैट्रिक-इंटर परीक्षा के तीन परीक्षा केंद्रों का प्रभारी बीडीओ अरविंद बेदिया ने बुधवार को जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्र राजकीय सीता +2 उवि, बालिका उवि तथा मोतीराज महिला इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। मौके पर बीएओ बृजेश कुमार, प्रधान सहायक सरजू बैगा भी उपस्थित थे।

### गढ़टोला देवी धाम में हरिकथा आज से



**उंटारी रोड पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी पंचायत में सिगसिगी गढ़टोला देवी धाम में आठ से 10 फरवरी तक 12 बजे से शाम 5 बजे तक आचार्य विष्णुचित जी महाराज सुप्रवचन (श्री हरि कथा) करेंगे। इसके संचालन कार्यकर्ता पंकज कुशवाहा, अनुज कुमार चौधरी, राजा बाबू, नरेश सिंह, राहुल गुप्ता, सन्तोष गुप्ता, अवधेश गुप्ता, धीरज गुप्ता, श्याम नारायण सोनी, संजय मेहता, पृथ्वी साह, सत्यनारायण चंद्रवंशी, सुनिल तिवारी, बबलू साह, विक्रांत कुमार होंगे।

### ऐतिहासिक होगी न्याय यात्रा : जिलाध्यक्ष



**विश्रामपुर पलामू।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि जन-जन के नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा पलामू जिले में ऐतिहासिक होगी। इसके लिए कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक कार्यक्रम की तैयारी कर रहे हैं। न्याय यात्रा 14 फरवरी को गढ़वा के रास्ते बी मोड़ पर पहुंचेगी। श्री पाठक मंगलवार को कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा के बाद बी मोड़ पर कांग्रेस की प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। प्रेस वार्ता में वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष चौबे, गामा चौबे, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला व डुलडूल शुक्ला मौजूद थे।

### अर्द्धनिर्मित बस स्टैंड का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड सब्जी फल थोक विक्रेता महासंघ के संयुक्त नेता राकेश सिंह ने आम नागरिकों के हित में यातायात जाम आदि समस्याओं से मुक्ति हेतु समर्पित मांग पत्र पर मेदिनीनगर नगर निगम आयुक्त ने मोहम्मद जावेद हुसैन ने मेदिनीनगर बैरिया स्थित पूर्व से अर्ध निर्मित बस स्टैंड का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर के बीच स्थित पुराने बस स्टैंड को स्थानांतरित करने से पहले अर्धनिर्मित बस स्टैंड बैरिया को मूलभूत सुविधा जैसे पेयजल शौचालय की व्यवस्था के साथ ही शेड आदि की व्यवस्था पर स्थानीय नागरिकों से विचार विमर्श करते हुए नगर आयुक्त ने बैरिया बस स्टैंड का डीपीआर तैयार करने के लिए प्रशासनिक पहल एवं कार्रवाई अविलंब करने को कहा। मौके पर नगर निगम सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार, समाजसेवी निरंजन शर्मा, गोपाल शर्मा, विवेक सिंह, रोशन चौरसिया, मोहम्मद मनान, मोहम्मद राजा व अन्य नागरिक मौजूद थे।

### अपराधी की मां की गोली मारकर हत्या



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सदिक चौक स्थित शाहपुर रोड में स्थित मिठाई दुकान में अपराधियों ने महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। उसे गंभीर अवस्था में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर किया था। परिजन शहर के निजी अस्पताल में ईलाज के लिए महिला को भर्ती कराये। जहां उसकी मौत हो गयी। सूचना पाते ही प्रशिक्षु आइपीएस गौरव गोस्वामी, नवपदस्थापित एसडीपीओ मणिभूषण, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सदल बल घटनास्थल एवं अस्पताल में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। थाना प्रभारी अभय सिन्हा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधी चिह्नित कर लिये गये हैं। जल्द वे गिरफ्तार होंगे। उन्होंने कहा कि गोली मारने के बाद अपराधी पैदल ही भागे। ज्ञात हो कि मृतका के पति एवं पुत्र की हत्या पूर्व में अपराधियों ने कर दी थी। पति व पुत्र भी आपराधिक प्रवृत्ति के थे। हत्या के मामले में पुलिस छानबीन करने में लगी है।

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुरहा निवासी विधवा सुमित्रा देवी ने उपायुक्त से जीवन निर्वाह हेतु मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने का निवेदन की। सुमित्रा देवी के पति संतोष यादव उर्फ सत्यप्रकाश की हत्या अगस्त 2023 में नक्सलियों ने कर दी थी। इसी तरह रेहला थाना क्षेत्र के डंडिकला के मो आशिक अंसारी ने उपायुक्त से अंचल कार्यालय विश्रामपुर से एक ही भूमि को दो बार अलग-अलग नाम से दाखिल खारिज करने की शिकायत की। उन्होंने सभी मामले शीघ्र सुलझाने का भरोसा दिया।

# पांकी विधायक ने विस में उठाया घटिया सड़क निर्माण का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन पांकी विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा निर्माणाधीन बेदानी से सेवती पथ में घटिया निर्माण का मामला उठाया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों के विरोध के बावजूद संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कार्य में कोई सुधार नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने सदन को बताया कि घटिया निर्माण की जानकारी लिखित रूप से मुख्य अभियंता, जेएसआरआरडीए झारखंड को दिया गया है।

### कार्य में सुधार करने की हिदायत



विधायक डॉ मेहता।

पत्र में घटिया निर्माण को हटाकर पुनः गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने तथा मनमाने ढंग से किये गये भुगतान पर अविलंब रोक लगाने की कार्रवाई करने को लिखा गया है। विभागीय अभियंताओं से संवेदक को लिखित रुप से कार्य में सुधार करने का निर्देश दिया है। इसका अनुपालन करने के विपरीत संवेदक द्वारा विभागीय अभियंताओं पर दबाव बनाया जा रहा है। जनता के आवागमन हेतु बन रहे सड़क का घटिया निर्माण करनेवाले संवेदक किसी भी सूरत में जनता के हितैषी नहीं हो सकते। विधायक ने सदन को बताया कि संवेदक द्वारा सरकार का समर्थन प्राप्त होने की बात कह कर गलत कार्य करने के लिए अभियंताओं पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने सरकार से घटिया सड़क निर्माण कार्य करने वाले संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

चतरा लोस क्षेत्र के पांकी से एनसीपी का लोक संवाद कार्यक्रम शुरू

# पूरे लोकसभा में आयोजित होगा जनसंवाद कार्यक्रम : बिनु सिंह

संजय पाठक

**पांकी पलामू।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर पार्टी के लोकसभा संवाद कार्यक्रम की शुरुआत चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड से हुई। एनसीपी के प्रदेश संगठन महामंत्री विनय सिंह उर्फ बीनू के नेतृत्व में प्रदेश व जिला के कई नेताओं का पांकी में भव्य स्वागत हुआ। चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी में लोकसभा संवाद कार्यक्रम के दौरान पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री बीनू सिंह ने कहा कि झारखंड में एनसीपी चतरा से एनडीए गठबंधन के तहत चुनावी मैदान में उतरने का प्रस्ताव केंद्रीय नेताओं के समक्ष रखा है।



चतरा लोकसभा क्षेत्र से कमलेश सिंह ने अपनी दावेदारी पेश की है। वह एनडीए से उम्मीदवार हो सकते हैं। कहा कि चतरा की जनता लोकसभा से स्थानीय उम्मीदवार चाहती है। यही वजह है कि कमलेश की दावेदारी मजबूत है। वहीं राज्य विधानसभा चुनाव में कम से कम पांच विधानसभा की सीटों पर एनसीपी दावा करेगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण राज्य में प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह के साथ प्रदेश के अन्य नेता संपूर्ण राज्य का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीपी ने हुसैनाबाद की तरह सम्पूर्ण राज्य में जात पात से परे विकास की राजनीति को आगे बढ़ायेगी। कार्यक्रम में एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, जितेंद्र पासवान, सरोज कुशवाहा, मनीष सिंह, प्रिंस सिंह, जिला परिषद सदस्य पति मुकेश सिंह चंदेल, राजू गुप्ता, सुनील ठाकुर, रामकुमार यादव, शिवनंदन सिंह, रणधीर सिंह मुखिया, मुखिया अरबिंद सिंह, मुखिया मुकेश सिंह, बैजनाथ सिंह के अलावा सैकड़ों समर्थक उपस्थित थे।

# समान नागरिक संहिता मील का पत्थर : डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी बिधानसभा क्षेत्र के बिधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करनेवाला हमारे भारत देश का पहला राज्य बन गया है। डॉ मेहता ने इस ऐतिहासिक कदम के लिए मुख्यमंत्री आदरणीय पुष्कर सिंह धामी जी एवं उनकी पूरी कैबिनेट को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है। विधायक ने कहा कि यूसीसी राष्ट्र के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। अतः ही यू सी सी देश की महिलाओं को संरक्षण देने, अधिकार दिलाने में यूनिफॉर्म सिविल कोड अहम भूमिका निभायेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में झारखंड सहित पूरे देश में भी यूसीसी को लागू करना होगा। यह हमारे सुनहरे भविष्य की नींव है। हम सभी इस साहसिक कदम का हृदय के अंतःकरण से स्वागत अभिनंदन करते हैं।

### राष्ट्रहित में कोई भी कदम उठाने का साहस सिर्फ भाजपा में



विधायक ने कहा कि एक घर के सदस्यों के लिए अलग-अलग कानून होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण अंधेरा है। जो इस ऐतिहासिक यूसीसी के लागू होने से छंट जायेगा। यह इस समय की मांग है कि पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करते हुए कई कुरीतियों का अंत कर दिया जाये। अक्टूबर मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करती है। अपने लाभ हानि की चिंता न करते हुए राष्ट्रहित में कोई भी कदम उठाने का साहस सिर्फ भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। सबसे पहले देश की परिकल्पना ही भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है। यह रामराज्य का उदय है।

एनसीपी अजीत गुट की घड़ी बरकरार, प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई

# चुनाव चिह्न मामले में हुई है सच्चाई की जीत : कमलेश

- हुसैनबाद विधायक ने चुनाव आयोग के निर्णय का किया स्वागत
- उन्होंने पार्टी को मान्यता मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार और झारखंड प्रभारी प्रफुल्ल पटेल को दूरभाष पर दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत गुट को असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ चुनाव चिह्न घड़ी बरकरार रहने का निर्णय मंगलवार को चुनाव आयोग के निर्णय का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने स्वागत किया है। उन्होंने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि सच्चाई की हमेशा जीत होती है।

उन्होंने पार्टी को मान्यता मिलने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार व झारखंड प्रभारी प्रफुल्ल पटेल को दूरभाष पर बधाई दी। उन्होंने इस निर्णय की खुशी में एनसीपी के प्रदेश कार्यालय समेत राज्य के विभिन्न जिलों व प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता व कार्यकर्ताओं को इससे अवगत कराने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी एनडीए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। केंद्र में नरेंद्र भाई मोदी को झारखंड से 14 की 14 सीटें देने का काम पार्टी करेगी। साथ ही झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाकर राज्य में स्वच्छ और जनता के भरोसे वाली सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

## हैदरनगर प्रस्तावित उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर प्रस्तावित उच्च विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह किया गया। जिसमें सेवानिवृत्त प्राचार्य योगेंद्र सिंह को भावभीनी विदाई दी गयी। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य इंद्रमणि सिंह ने की। कार्यक्रम में रामवि बिलासपुर की छात्राओं ने विदाई गीत प्रस्तुत की। विद्यालय परिवार ने सेवानिवृत्त प्राचार्य को अंगवस्त्र व धार्मिक पुस्तक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति सचिव सह बक्शी उवि के पूर्व प्रधानाध्यापक सीताराम सिंह,ग्रामीण अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उनके कार्यो की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं योगेंद्र सिंह ने कहा कि आपसी समन्वय से विद्यालय को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने ने कहा कि यहां से जो प्रेम मिला वह हमेशा याद रहेगा। मौके पर विनय सिंह, प्रभात कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, जितेंद्र प्रसाद, सतीष कुमार, निरंजन प्रसाद, अक्षय कुमार चौहान, कौशल किशोरम समेत कई लोग मौजूद थे।

## प्रज्ञा केंद्र संचालकों का मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक को केतातकला पंचायत भवन में मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सभी सीएससी संचालकों को डिस्ट्रिक्ट मैनेजर नागेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, वीरेंद्र सिंह ने कर्मयोगी वीएलई का प्रशिक्षण दिया। जिला प्रबंधक सीएससी नागेंद्र कुमार ने बताया कि सीएससी संचालक सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचायें और सरकार और नागरिकों के बीच एक कड़ी का काम करें ताकि ग्रामीण लोगों को डिजिटल पंचायत की सुविधा का लाभ मिल सके। बताया कि सीएससी केंद्र संचालक कर्मयोगी का उन्मुखीकरण, जीइएम पोर्टल पर मुखिया का कार्य, पीएम विश्वकर्म योजना, पीडीआई, ग्राम ई स्वराज, डिजिटल पंचायत का कार्य किस तरह करें। उनके द्वारा केंद्र संचालकों को लोक व्यवहार के गुर सीखने, तकनीकी कौशल से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

### विद्वांत कांत बने विश्रामपुर रविदास सेना के अध्यक्ष



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय के वार्ड 16 में रविदास समाज के युवाओं की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी व संचालन युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। बैठक में रविदास समाज को एकजुट और मजबूत करने हेतु रविदास सेना का गठन किया गया। सर्वसम्मति से विद्वांत कांत को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सतेंद्र और अनूप कुमार को उपाध्यक्ष, धनंजय कुमार छोटू व अखिलेश कुमार को सचिव, अखिलेश कुमार, कनेश कुमार रवि व राजा कुमार को उपसचिव चुने गये। बैठक में विकास कुमार, दिलीप कुमार, मनीष, चंद्रप्रकाश, मणिभूषण भी थे।

### ओबीसी की विशाल जनसभा 11 को शिवाजी मैदान में

>> पिछड़ा समाज को हर हाल में अधिकार दिलायेंगे : ब्रह्मदेव प्रसाद



**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी अधिकार मंच ने 11 फरवरी दिन रविवार सुबह 9 बजे शिवाजी मैदान में ओबीसी महासम्मेलन रखा गया है। इसे लेकर पूरे पलामू प्रमंडल में अलग-अलग जगह पर रथ यात्रा एवं नुक्कड़ सभा के द्वारा ओबीसी समाज को जागृत करने का काम किया जा रहा है। इसी को लेकर ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के मंडल संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने नारायण पटेल, विनोद कुमार ने शौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश साहू, विनय प्रसाद, संजय कुमार एवं अन्य लोगों को निमंत्रण दिया। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि यह आमंत्रण ओबीसी के पूरे समाज को है।

### नवपस्थापित डीएसपी ने थाना प्रभारियों से की समीक्षा



**हुसैनाबाद पलामू।** नवपस्थापित एसडीपीओ मुकेश महतो ने योगदान के बाद बुधवार को पहली बैठक अनुमंडल पुलिस कार्यालय में की। जिसमें अंचल पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, हैदरनगर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी रविरंजन कुमार समेत हुसैनाबाद अनुमंडल के सभी थाना के प्रभारी मौजूद थे। समीक्षा के क्रम में सभी से क्षेत्र के बारे में कई जानकारी मांगी। साथ ही सभी थानों में लंबित कांड संख्या की अद्यतन जानकारी ली। साथ ही थाना में अपराधियों प्रवृत्ति के चिन्हित सूची समेत पुलिसिंग व्यवस्था की कई अहम जानकारी प्राप्त किया सभी को क्षेत्र में अमन शांति और भयमुक्त बनाने व पीड़ित जनता को उचित न्याय दिलाने समेत अन्य कई निर्देश दिया।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रखंड कार्यालय हुआ भव्य उद्घाटन

- संगठन की मजबूती और आगे बढ़ाने पर दिया बल

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की लेस्लीगंज थाना रोड में प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन संगठन के जिलाध्यक्ष अजय तिवारी और आगंतुकों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने की। संचालन राघव तिवारी ने किया। जिलाध्यक्ष ने संगठन को आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड के सभी पंचायत स्तर तक संगठन बनाने की बात कही। संगठन को मजबूती देते हुए विभिन्न बातों पर चर्चा हुई। जल्द सभी प्रखंडों में जिला स्तरीय सम्मेलन किया जायेगा। यह प्रखंड कार्यालय में ब्राह्मणों एक साथ बैठकर अपने विचारों को एक साथ साझा कर सकेंगे तथा महासभा की राजनीति तय कर सकेंगे।



### मनमानी : आंगनबाड़ी केंद्रों से छोटे बच्चों को नहीं मिल रहा लाभ

**चैनपुर पलामू।** बोड़ी पंचायत में प्रमुख गायत्री देवी ने आंगनबाड़ी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-04 की सेविका सहनाज खातून के केंद्र पर बच्चे थे, लेकिन बच्चों ने कहा कि खाने के लिए अभी तक कुछ नहीं दिया है। सेविका शोभावती देवी का केंद्र में बच्चों की संख्या जांच के दौरान तीन ही पाया गया।

## पदाधिकारीविहीन है घोषित आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** सर्वांगीण विकास की गति तेज करने के उद्देश्य से घोषित आकांक्षी प्रखंड इन दिनों पदाधिकारी विहीन है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रभार के सहारे चल रहा है। वहीं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर भी किसी का पदस्थापन नहीं हो सका है। फिलहाल छतरपुर के कार्यपालक दंडाधिकारी अरविंद बेदिया ही हरिहरगंज के बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ तथा कार्यपालक पदाधिकारी के प्रभार में हैं। कार्यालयों में नियमित पदाधिकारी नहीं रहने का असर कार्यों पर भी पड़ रहा है। जबकि जैक द्वारा प्रखंड अंतर्गत चार परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा ली जा रही है। बुद्धजीवियों ने कहा कि महत्वपूर्ण पदों पर पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं करना सरकार की विफलता है।

लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# समाज को बढ़ाने के लिए हमेशा खुद को रखेंगे आगे : डॉ प्रवीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होटल सुमति बायपास रोड बैरिया में लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर का चार्टर प्रेजेंटेशन एवं क्लब इंस्टॉलेशन भव्य तैयारी के साथ किया गया, जिसमें शहर के सभी सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य गण के साथ लायंस इंटरनेशनल क्लब के जिला 322 ए के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मौके पर कमल ने लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर को चार्टर प्रेजेंटेशन किया। साथ ही सभी को चार्टर्ड पिन एवं चार्टर्ड सदस्यता प्रमाण पत्र दिया गया। भाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2 लायन संजय कुमार के द्वारा क्लब को इंस्टॉल करने की जिम्मेदारी संभाली गयी। लायन समीर खन्ना ने क्लब का इंडक्शन करवाया। मंच की अध्यक्षता लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन, अध्यक्ष लाइन विजय सोनी ने की और संचालन लायन निलेश चंद्र ने किया।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**खास बातें :** नवनियुक्त अध्यक्ष लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर डॉ प्रवीण सिद्धार्थ एवं पूरी टीम को उनका अधिकार एवं उनके जवाब देही के बारे में शपथ दिलायी गयी। सभी ने हाथ उठाकर स्वीकार करते हुए अभिवादन किया। शपथ ग्रहण के बाद नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने अपना विजन एवं मिशन के बारे में विधिवत रूप से बताया। साथ ही समाज के लिए हमेशा अपने को आगे रखने का वादा किया। अध्यक्ष ने कहा कि अपनी टीम में समाजसेवियों एवं महिला शक्ति के साथ डॉक्टर की पूरी टीम जो अलग-अलग क्षेत्र के एक्सपर्ट उनके साथ होने के चलते अपने एवं क्लब पर पूरा विश्वास है कि सोच समझ कर लिये गये निर्णय में हमेशा सफल होने का प्रयास करेंगे।

# मेला समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री और विधायक को दिया मेला में आने का न्योता





मंत्री मिथिलेश ठाकुर और सत्यानंद भोक्ता को मेला में आने का न्योता देते समिति के पदधारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

### आदिवासी विकास महाकुंभ मेला 11 व 12 को होगा आयोजित

**मेदिनीनगर।** पलामू में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ लगने वाला मेला 11 एवं 12 फरवरी को मेला को भव्यता को लेकर एवं समाज में किसान, मजदूर, असहाय और अनेक प्रकार के मेला से लाभ मिले। इसके लिए झारखंड सरकार के राज्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, रामेश्वर उरांव, विधायक रामचंद्र सिंह एवं विधायक आलोक कुमार चौरसिया से मेला समिति के अतिथि संपर्क प्रमुख भरदूल सिंह के नेतृत्व में मेला समिति के पदाधिकारी ने मिलकर निमंत्रण दिया। अतिथियों ने भरपूर भरोसा दिया कि मेला में जरूर मौजूद रहेंगे एवं महाराजा मेदिनी राय के सपनों को साकार करेंगे। मौके पर मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, उपाध्यक्ष उपाध्याय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सुआ मेला समिति सचिव हृदया सिंह, रविंद्र सिंह, राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक, आदिवासी संस्कृति कार्यक्रम के प्रमुख, मेला समिति संयोजक अवधेश सिंह चेरो उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## भाजपा नगर उपाध्यक्ष ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात



**सिंदरी।** भाजपा सिंदरी नगर उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से बुधवार को रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात कर सिंदरी के डोमगढ़ स्थित आवासों की समस्याओं पर वार्ता की। उपाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने आश्वासन दिया है कि इसपर सकारात्मक पहल की जाएगी। उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने बताया कि एफसीआई सिंदरी द्वारा सेल को जमीन देकर डोमगढ़वासियों को बेघर करने का काम किया जा रहा है। इससे डोमगढ़वासी चिंतित हैं। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर समस्या बताई गई है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि इसको लेकर दिल्ली स्थित उर्वरक मंत्रालय में बात की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सकारात्मक पहल होने पर डोमगढ़ बचाओ मोर्चा के प्रतिनिधियों को दिल्ली बुलाएँगे। ताकि इसपर डोमगढ़ को बचाया जा सके।

## भाजपा धनबाद महानगर जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित

**सिंदरी।** भाजपा धनबाद महानगर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्रवण राय को धनबाद स्थित सिंह मेंशन में भाजपा नेता लक्की सिंह ने मंगलवार को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा नेत्री रागिनी सिंह को अयोध्या स्थित प्रभु श्री राम मंदिर का प्रारूप देकर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने श्रवण राय के जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में इसका सीधा असर देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आशा ही नहीं विश्वास है कि इनके कार्यकाल में लोकसभा चुनाव में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी अबकी बार 400 पार के लक्ष्य में धनबाद भी योगदान देगा। उनके आने से महानगर को मजबूती मिलेगी। मौके पर विमल सिंह, गुड्डू सिंह, बसंत कुमार सिंह, मनोज कुमार दुबे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दो अपराधी गिरफ्तार

**गोड्डा।** एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी ने एक प्रेस वक्तव्य जारी करते हुए बताया राजा भिट्ठा थाना के द्वारा रामगढ़ रोड मुख्य सड़क पर रात्रि गश्त के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार दो बदमाश विजय राय 23 वर्ष और भगवान राय 19 वर्ष काले रंग के मोटरसाइकिल के साथ खड़े थे। पूछताछ करने और तलाशी लेने पर उनके पास से दो देशी कट्टा और दो कारतूस बरामद किए गए। दोनो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के सिमलोंग ओपी क्षेत्र के धरमपुर मोड़ के समीप बुधवार को एक बिना नंबर ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों की पहचान ओपी क्षेत्र के कदवा निवासी जोसेफ हेंब्रम 19वर्ष एवं सुनीराम हेंब्रम 18वर्ष के रूप में हुई हैं। परिजनों ने उक्त दोनों युवक को अस्पताल ले जा रहा था । इस दौरान जोसेफ हेंब्रम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं सुनीराम हेंब्रम को लिट्टीपाड़ा अस्पताल में डॉक्टर द्वारा ईलाज किया गया जहां उन्हें भी गंभीर देखते हुए पाकुड़ रेफर कर दिया। इधर आक्रोशित होकर परिजन सहित ग्रामीण मुवावजे की मांग को लेकर गोविंदपुर साहेबगंज एवं गोड्डा नेशनल हाइवे को पूरी तरह से जाम कर दिया।सुबह 7बजे से सड़क को पूरी तरह से लॉक कर दिया। जिससे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान यात्री भी परेशान रहे।जाम की खबर सुनते ही सिमलोंग ओपी के प्रभारी ओपी प्रभारी गेब्रियल आइंद पुरे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक के परिजनों को समझा बुझा कर जाम हटाने का प्रयास जारी था। लेकिन परिजन अपनी मांग को लेकर अड़े रहे।

# आईआईटी, आईएसएम में होने जा रहा 9-10 को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धनबाद स्थित आईआईटी आइएसएम में 9 से 10 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2024 का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें देश-विदेश के 91 कैंडिडेट्स भाग लेंगे। इससे पूर्व आज आईआईटी आइएसएम के मैनेजमेंट स्टडीज सभागार में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संस्थान के प्रबंधक ने इसकी जानकारी दी।

आईआईटी आइएसएम में होने जा रहे दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एन्ड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विभाष चंद्र ने बताया कि इस सम्मेलन का थीम सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज पर आधारित है। वैसे इस सम्मेलन में अन्य कई थीम है जिसमें मुख्य रूप से इनोवेशन मैनेजमेंट स्ट्रेटजी, डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन, ग्लोबल इकोनामिक ट्रेंड्स, सस्टेनेबल एंटरप्रेन्योर एन्ड इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी सप्लाई चैन एन्ड ऑपरेशन मैनेजमेंट, सस्टेनेबल मार्केटिंग है। इसके साथ ही इसमें ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, इकोनॉमिक्स इन फाइनेंशियल मैनेजमेंट थीम भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मिट में 91 कैंडिडेट्स भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कांफ्रेंस में किनोट स्पीकर्स के रूप में कई प्रोफेसर भाग लेंगे। जिनमें मुख्य रूप से आईएम कोजीकोट के प्रोफेसर रूपेश कुमार पति, आईएम कोजीकोट के ही प्रोफेसर एसएसएस कुमार, आयरलैंड स्थित ट्रिनिटी बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर बैधनाथ विश्वास, डॉ सतीश सिन्हा एसोसिएट्स वाइस प्रेसिडेंट सस्टेनेबिलिटी ग्रुप अदानी एंटरप्राइज नेचुरल रिसोर्स अहमदाबाद, प्रोफेसर दयाल सरकार स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए शामिल है। विभागध्यक्ष ने बताया इस कॉन्फ्रेंस में एक सिंपोजियम ऑफ मैनेजमेंट रिसर्च भी रखा गया है। जिसमें शोधकताओं को रिसर्च की जानकारी दी जाएगी। इस कांफ्रेंस के नोट्स स्पीकर प्रोफेसर राम बालक यादव आई एम जम्मू, प्रोफेसर रोहित गुप्ता आई एम संबलपुर, प्रोफेसर सुबी गुप्ता आई एम संबलपुर और प्रोफेसर प्रतीक्षा मौर्य टेक्निक मणिपाल होंगी।उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को आईटीआई आइएसएम में एक बहुत बड़े वर्कशॉप का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसे प्रीकॉन्फ्रेंस वर्कशॉप कहा जाएगा। जिसका थीम एक्सक्लूसिव इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट लीब्रेचिंग द एचबीएन सीआरआईआईए प्लेटफार्म है। इसके स्पीकर आईआईएम अहमदाबाद के रिटायर्ड प्रोफेसर अनिल कुमार गुप्ता होंगे। जिन्हें ग्रासरूट इनोवेशन का जनक भी कहा जाता है। जिसके लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री और भटनागर अवार्ड से भी सम्मानित कर चुकी है। विभागध्यक्ष ने बताया कि इस वर्कशाप के माध्यम से शोधकर्ता यह समझ पाएंगे कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-जहां भी नवाचार है, इन्नोवेशंस है उस इनोवेशन को लेकर के एक बड़े एंटरप्राइज में विकसित किया जा सकता हैं। इस वर्कशाप का यही उद्देश्य भी है। इस वर्कशॉप में सभी स्टूडेंट्स सहित कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सारे पार्टिसिपेंट्स एक साथ जुड़ेंगे। ताकि इस कांफ्रेंस के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए अधिवक्ता सत्तो दा

**गरीबों से शोषितों के आवाज थे सत्तो दा**




खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** भंडारीडीह स्थित सामुदायिक भवन परिसर में बुधवार को मजूदर नेता सह धनबाद बार के पूर्व महासचिव अधिवक्ता सत्यनारायण भट्टाचार्य उर्फ सत्तो दा की पुण्यतिथि मनाई गई। श्रमजीवी विकास ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने स्व. सत्तो दा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। वक्ताओं ने सत्तो दा के द्वारा गरीब मजदूरों के हित में उठाए गए कदमों की चर्चा करते हुए कहा कि वे पूरी जिंदगी गरीबों के हक-अधिकार की रक्षा के लिए लड़ते रहे। शोषित व गरीब वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए पूरी जिंदगी काम करने वाले सत्तो दा गरीबों का मुकदमा मुफ्त लड़ते थे। आगंतुक अतिथियों का स्वागत सत्तो दा के पुत्र सह वरीय अधिवक्ता दीपनारायण भट्टाचार्य ने किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार कर रहे थे। श्रद्धांजलि सभा में निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी, सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, कांग्रेस नेता सह अधिवक्ता ब्रजेंद्र सिंह, मासस के केंद्रीय महासचिव हलधर महतो, अधिवक्ता निताय रवानी, सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज रजा, साहित्यकार महादेव चटर्जी, असंगठित मजदूर मोर्चा के महामंत्री निताई महतो, मोर्चा के केंद्रीय संयोजक बच्चा सिंह, दिलीप तिवारी, माले के संदीप कौशल, राकेश रंजन यादव, मासूम खान, द्वारिका राय, शहजादा अंसारी, दिलीप चक्रवर्ती, सुधीर सिन्हा, मुकेश वर्मन, जगदीश रवानी, सुमित्रा मुर्मू, शौकत खान, रामप्रवेश यादव, राजेश झा, गौरव सरकार, दीपांजन दे, सुरेंद्र यादव आदि ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के शुभारंभ में पूर्व विधायक आनंद तथा कामरेड शहजादा अंसारी ने दो अलग-अलग झंडोत्तोलन किया।

## पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर लाखो की ठगी

**दुमका।** पेट्रोल पम्प दिलाने के नाम पर 13.30 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में भारत बॉयो फ्यूल के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर जामुन महतो के खिलाफ धोखाधड़ी का प्राथमिकी दर्ज हुआ। मामला नगर थाना में भादवि की धारा 406,419 एवं 420 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई। दर्ज प्राथमिकी पीड़ित सेवानिवृत्त कर्मी अमरनाथ साह के लिखित आवेदन पर नगर थाना की पुलिस ने की। सेवानिवृत्त कर्मी जिला उपभोक्ता फोरम में कार्यरत थे। वे 2019 में सेवानिवृत्त हुए है। सेवानिवृत्त होने के बाद उनके बेटे अविनाश कुमार ने एक पेट्रोल पंप लगाने का निर्णय लिया। इसी बीच दुमका के बंदरजोरी निवासी जामुन महतो से मुलाकात हो गई। जामुन महतो मूलरुप से हंसडीहा के खसिया गांव निवासी है और वह भारत बॉयो फ्यूल कम्पनी में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर थे। उनका एरिया दुमका था। आरोप है कि उन्होंने अपने डायरेक्टर सुधीर कुमार से बात करवायी। पेट्रोल पंप को लगाने के लिए सेवानिवृत्त कर्मी ने गोपीकांदर के गड़ियापानी गांव के पास जमीन भी ले रखा है। उक्त जमीन को देखने के लिए डायरेक्टर दुमका भी आए थे। जांच में उक्त जमीन पेट्रोल पम्प खोलने के लिए उपयुक्त पाया। डायरेक्टर ने आउटलेट खोलने के लिए स्वीकृति पत्र भी भेज दिया। पेट्रोल पंप की स्वीकृति के बाद जामुन महतो ने कार्यस्थल पर दो टंकी एवं नोजल लगाने का वादा किया और राशि की मांग की। सेवानिवृत्त कर्मी ने दिसम्बर माह 2021 में डिप्टी डायरेक्टर को तीन बार चेक के माध्यम से 21.50 लाख रुपए का भुगतान किया। इस दौरान जून 2022 में कंपनी ने जामुन महतो को हटा दिया।

# चिरकुंडा के बलय दा ने किया 5 हजार से अधिक शव का दाह संस्कार

रणधीर सिंह



**चिरकुंडा।** विमल कुमार सूर उर्फ बलय दा उम्र 70 साल चिरकुंडा के तालडांगा हाउसिंग कालोनी में रहते हैं। जीवन यापन के लिए नगर परिषद के टाउन हाल में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं। वे 46 साल से लावारिस शवों का दाह संस्कार कर उनकी सदगति के सारथी बन रहे हैं। अब तक 5 हजार से अधिक लावारिस शवों का दाह संस्कार कर चुके हैं। पुण्य के इस काम में इनके दोस्त निमाई बनर्जी,खेपा प्रमाणिक, रामबाबु राय,राम प्रसाद व जोगिंदर राम मदद करते हैं। गरीब,असहाय,भिखारी की मौत की सूचना पर उसके अंतिम संस्कार के लिए चल देते हैं। विमल के पूर्वज पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) मे रहते थे। देश के बंटवारे के बाद वे धनबाद के निरसा बंगाल पाड़ा में आकर बस गए। जब वे 1975 में 22 साल के थे तो तभी छोटे भाई का निधन हो गया उस समय उसकी आयु चार वर्ष की थी। किसी कारण अंतिम संस्कार के लिए आसपास के लोग भी नही आए वे रो पड़े। पिता के साथ भाई को श्मशान ले गए।उसी समय मन में विचार आया कि गरीब और लावारिस के शवों का संस्कार कैसे होता होगा। जेहन में कई तरह के ख्याल आने लगे तब निर्णय लिया कि लावारिस के शव का दाह संस्कार करेगें और कर्मकांड भी। किसी गरीब की मौत की सूचना मिलेगी तो उसकी अंतिम यात्रा में घाट तक पहुंचाने जाएगें। जब उनसे पूछा गया कि अब तक कितने शव का संस्कार किया तो बलय दा बोले,साहब गिनती नही करते हैं फिर भी अभी तक 5 हजार से अधिक तो हो ही गए हैं। कोरोना काल में भी पांच शव का संस्कार किया था। इसके अलावे वे 1 हजार से भी अधिक गरीबों के दाह संस्कार में शामिल हो चुके हैं।

### साहब नौकरी छोड़ देगें, दाह संस्कार करना नही

एक बार बलय दा ड्यूटी पर थे तभी उन्हे लावारिस शव की सूचना मिली वे तुरंत निकल पड़े।वापस लौटे तो टाउन हाल के मुंशी ने एतराज जताया।तब उन्होने कहा कि साहब नौकरी छोड़ देगें पर यह काम नही।इससे हमे शांति व आत्मसंतोष मिलता है।ग्यारह साल पहले की एक घटना याद करते हुए बताया कि 2012 में चिरकुंडा का एक पुजारी आया और कहा कि औघर डंगाल में मंदिर के पास एक भिखारी की मौत हो गई है वे उसे श्मशान ले गए।दाह संस्कार में खर्च की व्यवस्था वे खुद करते हैं।

## मासिक अपराध गोष्ठी का किया गया समीक्षा बैठक



**पाकुड़।** पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी का समीक्षा बैठक किया गया। जिसमे जनवरी माह में किये गए कार्यो की समीक्षा के उपरांत सभी थाना, ओपी प्रभारी, संबंधित शाखा प्रभारी को निम्नांकित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। माह जनवरी 2024 में प्रतिवेदित कुल 63 कांड की अपेक्षा कुल 84 कांडो का निष्पादन किया गया। जनवरी माह के अंत तक लंबित कुल 425 कांडो को फरवरी 2024 के अंत तक 400 करने का लक्ष्य एसपी ने दिया। जनवरी 2024 में प्रतिवेदित सभी कांडो का विस्तृत समीक्षोप्रांत कांडो का त्वरित निष्पादन करते हुए अंतिम प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। सभी पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक प्रभाग को लंबित सभी पर्वेक्षण प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया। एसपी ने क्षेत्र में हो रहे अवैध कोयला, बालु, पत्थर का उत्खनन, परिवहन, भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक प्रभाग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही थाना, मालखान में पंजी को अद्यतन करने एवं पूर्व थाना प्रभारी के पास लंबित मालखाना का प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया। एसपी ने लूट, डकैती, चोरी, छिनतई जैसे घटनाओं पर अंकुश लगाने को लेकर नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाने एवं पेट्रोलिंग पार्टी को शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करने का निर्देश दिया, ताकि इस तरह के कांड पर अंकुश लगे।

## सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत, एक गंभीर

**हंसडीहा।** दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर स्टेट हाईवे पर चंद्रदीप गांव के मुरको पुल के समीप अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार बुधवार को दुर्घनाग्रस्त हो गया। जिसमें बाइक पर सवार तीन युवक मे दो युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक हंसडीहा की ओर से दुमका की ओर जा रहे थे। वही अज्ञात ट्रक जो की दुमका की ओर से हँसडीहा की ओर जा रहे थे। सामने से आ रहे ट्रक एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के क्रम मुरकों पुल के समीप बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर हो जाने से बाइक सवार दोनों युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा पर ताजा हुई उनसे जुड़ी यादें

# राम मंदिर रथयात्रा के दौरान बिहार सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर मसानजोर में किया था नजरबंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** राम मंदिर आंदोलन के अग्रणी पंक्ति में खड़े आंदोलनकारीयों में से एक भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा से दुमका के हंसडीहा भाजपा के नेता भी काफी उत्साहित है। पूर्व प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की कई यादें हंसडीहा से जुड़ी है। राम मंदिर निर्माण आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने के लिए उन्होंने 25 सितंबर 1990 को सोमनाथ से रथयात्रा की शुरूआत की थी। इसी दौरान 23 अक्टूबर 1990 को बिहार के समस्तीपुर में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के निर्देश पर उन्हें गिरफ्तार कर दुमका के मसानजोर स्थित सिंचाई विभाग के निरिक्षण भवन में नजरबंद कर रखा गया था। 4 नवंबर को बिहार सरकार ने जब आडवाणी को रिहा किया तो रिहाई के बाद वे



मंच पर लाल कृष्ण आडवाणी से बातचीत करते भाजपा कार्यकर्ता।

मसानजोर सीधे हंसडीहा पहुंचे थे। हंसडीहा में उसी दिन उनकी सभा हुई थी। सभा को संबोधित करते हुए वे हेलीकाप्टर से दिल्ली लौटे थे। मसानजोर गेस्ट हाउस से रिहाई के बाद हंसडीहा ही वह जगह है जहां आडवाणी की पहली सभा हुई थी। हंसडीहा में आडवाणी की सभा के लिए तत्कालीन सांसद जनार्दन यादव के साथ व्योवृद्ध भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण चौधरी ने मंच से लोगों को संबोधित कर आंदोलन को गति देने के लिए हुंकार भड़ी थी।

भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण चौधरी कहते है की उनको भारत रत्न मिलना केवल उनका सम्मान नहीं है बल्कि उस समय के सभी कर्मठ समर्पित कार्यकताओं का सम्मान है। उन्होंने कहा की आडवाणी के रिहाई के समय वे उनके साथ मौजूद थे। लालकृष्ण आडवाणी से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। आडवाणी की केवल भारतीय राजनीती में नहीं वरण भारतीय संस्कृति पर गहरी पकड़ है। आडवाणी की सोच का ही परिणाम है की आज अयोध्या में रामलला टेंट से उठकर भव्य मंदिर में विराजमान हुए। भले ही तत्कालीन बिहार सरकार के द्वारा लालकृष्ण आडवाणी को कड़ी सुरक्षा में नजरबंद किया गया था। लेकिन सिंचाई विभाग के निरिक्षण भवन के अभेद किले को उस समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कई कार्यकत्ताओं ने तोड़ दिया था। अभाविप के कई कार्यकत्ताओं प्रमोद विद्यार्थी के नेतृत्व में मयूराक्षी नदी को तैरते हुए पार कर गेस्ट हाउस पहुंच गये थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना गोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 2nd Call**
**अति अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR-18/2023-24**
दिनांक–07.02.2024

1 Name of work :- Construction of 125/115 mm dia with 70m/90m/120m mtrs deep drilled tube well with installation of india mark II (IS 15500 Part-2/2004) Hand Pump with 32 mm dia GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG Machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "Turnkey basis" under D.W & S. Divison, GArhwa for the Year 2023-24

| क्र. सं. | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAR/DT/70 mtr-01 | 50 Nos | 44,58,870.00 | 90,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| | GAR/DT/90 mtr-10 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| | GAR/DT/90 mtr-11 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| | GAR/DT/90 mtr-12 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| | GAR/DT/90 mtr-14 | 45 Nos | 45,53,369.00 | 92,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय– | 09.02.2024 समय 02:00 बजे अपराह्न तक |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | 19.02.2024 समय 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | सरकार के संकल्प, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस, झारखण्ड ... के आलोक में निविदा का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19.02.2024 समय 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 20.02.2024 समय 04.00 बजे अपराह्न |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नं0 – 9973003800 | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 – 0651–2400020 | |

नोट: (i) केवल ई- निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 318200 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D



**जिला परिवहन पदाधिकारी, का कार्यालय कोडरमा**

आवश्यक सूचना

जिला परिवहन कार्यालय, कोडरमा में निबंधित निम्न वाहनों के वाहन मालिकों द्वारा पथ कर का भुगतान नहीं किया जा रहा है। पथ कर भुगतान किये बिना वाहनों को परिचालन कानूनन अपराध है। लेखा परीक्षा के निरीक्षण में उठाई गई आपत्ति हेतु महालेखाकार (लेखापरीक्षा), झारखण्ड का कार्यालय, रांची का ज्ञा0 शा0 पत्रांक–एनएमव्ही 111/SOF/परिवहन/2023–24/21 दिनांक 12.01.2024 द्वारा निम्न वाहनों कि सूचि प्राप्त है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने वाहन नं0 के सामने अंकित बकाया पथ कर राशि एवं अद्यतन राशि का भुगतान अविलंब ई–पेमेंट की माध्यम से सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर करते हुए एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा वसूली हेतु नियमानुसार कानूनी कारवाई की जायेगी।

| Sl No | Regn No | Vehicle Class | 10 years OTT | (10+5) years OTT | Interest on 10 yrs OTT | Interest on (10+5) years OTT | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH12C4312 | LGV | 0 | 6002 | 0 | 1320 | 7322 |
| 2 | JH12C9712 | LGV | 0 | 7201 | 0 | 3024 | 10225 |
| 3 | JH12D1387 | LGV | 0 | 7201 | 0 | 3317 | 10513 |
| 4 | JH12D1469 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 13500 | 36000 |
| 5 | JH12D2259 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 12600 | 35100 |
| 6 | JH12D2488 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 13050 | 35550 |
| 7 | JH12D2652 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 12600 | 35100 |
| 8 | JH12D2659 | LGV | 0 | 9000 | 0 | 5220 | 14220 |
| 9 | JH12D3792 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 11250 | 33750 |
| 10 | JH12D3815 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 11250 | 33750 |
| 11 | JH12D3957 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 12150 | 34650 |
| 12 | JH12D3959 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 11700 | 34200 |
| 13 | JH12D4839 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 12150 | 34650 |
| 14 | JH12D5452 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 9450 | 31950 |
| 15 | JH12D6714 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 9000 | 31500 |
| 16 | JH12D6835 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 9450 | 31950 |
| 17 | JH12D7399 | LGV | 0 | 15000 | 0 | 5700 | 20700 |
| 18 | JH12D7506 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 8100 | 30600 |
| 19 | JH12D8558 | LGV | 0 | 15000 | 0 | 4800 | 19800 |
| 20 | JH12D9388 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 6300 | 28800 |
| 21 | JH12E0502 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 5400 | 27900 |
| 22 | JH12E1040 | LGV | 0 | 9000 | 0 | 2160 | 11160 |
| 23 | JH12E1501 | LGV | 0 | 9000 | 0 | 1980 | 10980 |
| 24 | JH12E2045 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 4950 | 27450 |
| 25 | JH12E2052 | LGV | 0 | 9000 | 0 | 1620 | 10620 |
| 26 | JH12E2053 | LGV | 0 | 9000 | 0 | 1620 | 10620 |
| 27 | JH12E2063 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 4050 | 26550 |
| 28 | JH12E2084 | LGV | 0 | 22118 | 0 | 3981 | 26099 |
| 29 | JH12E2323 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 4050 | 26550 |
| 30 | JH12E2327 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 4050 | 26550 |
| 31 | JH12E2331 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 4050 | 26550 |
| 32 | JH12E2336 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 4050 | 26550 |
| 33 | JH12E2337 | LGV | 0 | 15000 | 0 | 2700 | 17700 |
| 34 | JH12E2540 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 3600 | 26100 |
| 36 | JH12E3027 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 3600 | 26100 |
| 37 | JH12E3033 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 4050 | 26550 |
| 38 | JH12E3685 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 3600 | 26100 |
| 39 | JH12E3841 | LGV | 0 | 22500 | 0 | 3600 | 26100 |
| 40 | JH12E7476 | LGV | 0 | 9000 | 0 | 2520 | 11520 |
| 42 | JH12E8680 | LGV | 0 | 9000 | 0 | 1980 | 10980 |
| 44 | JH12H6134 | LGV | 10138 | 0 | 3041 | 0 | 13179 |
| 45 | JH12J6629 | LGV | 12948 | 0 | 5179 | 0 | 18127 |
| 46 | JH12G1747 | 3WT | 4279 | 0 | 1712 | 0 | 5991 |
| 47 | JH12K8277 | 3WT | 6075 | 0 | 2673 | 0 | 8748 |

| Sl No | Regn No | Vehicle Class | Rate of OTT | Tax paid upto | 15 years OTT period | Delay in months of 15 years OTT | 15 years OTT | Interest @ 2% per month | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH12E5698 | 3WT | 9000 | 10/21/2022 | 6/26/2028 | 13 | 3425 | 891 | 4316 |
| 2 | JH12E7428 | 3WT | 9000 | 1/26/2022 | 3/29/2027 | 22 | 3403 | 1497 | 4900 |
| 3 | JH12K1092 | 3WT | 9000 | 1/4/2023 | 10/4/2033 | 11 | 6543 | 1439 | 7982 |
| 4 | JH12K3144 | 3WT | 9000 | 3/5/2019 | 12/5/2033 | 56 | 8921 | 9992 | 18913 |
| 5 | JH12K9642 | 3WT | 9000 | 1/4/2022 | 10/4/2033 | 22 | 7152 | 3147 | 10299 |

PR 318171 (Transport)23-24*D

जिला परिवहन पदाधिकारी,कोडरमा

# टाटा समूह सबसे आगे

टाटा ग्रुप देश का सबसे पुराना कारोबारी घराना है, जिसने नया कीर्तिमान बना लिया है। ये देश का ऐसा ग्रुप बन गया है जिसका मार्केट कैपिटलाइजेशन 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मार्केट वैल्यू के अनुसार मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाला रिलायंस ग्रुप देश का दूसरा सबसे बड़ा ग्रुप है। टाटा ग्रुप की 25 कंपनियां भारतीय शेयर बाजार में लिस्टेड हैं। पांच कंपनियां ऐसी हैं जिनकी मार्केट कैपिटलाइजेशन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिस्टेड कंपनियों में सबसे अधिक वैल्यू वाली कंपनी है। इस कंपनी ने हाल ही में 15 लाख करोड़ रुपये के एमकैप का आंकड़ा पार करने में सफलता हासिल की है। टाटा समूह की खुदरा इकाई ट्रेंट लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 370.64 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बिक्री और मार्जिन में सुधार से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 154.81 करोड़ रुपये रहा था। ट्रेंट लिमिटेड वेस्टसाइड, जूडियो और स्टार ब्रांड नाम से खुदरा दुकानों का परिचालन करती है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसकी एकीकृत परिचालन आय आलोच्य तिमाही में 50.5 प्रतिशत बढ़कर 3,466.62 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2,303.38 करोड़ रुपये थी। इस दौरान ट्रेंट का कुल खर्च 41.64 प्रतिशत बढ़कर 3,101.44 करोड़ रुपये हो गया। देश का टाटा समूह आज इंडियन मल्टी नेशनल के तौर पर पूरे विश्व में देश का नाम रौशन कर रहा है। वहीं देश में भी समूह की कंपनियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी का हर क्षेत्र में पकड़ लगातार बढ़ा है।

# दिमाग में कृत्रिम चिप

इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण सफलता पूर्वक किया गया है। विज्ञान के जरिये मानव कल्याण के क्षेत्र में किये गये हर शोध-अनुसंधान का स्वागत ही किया जाना चाहिए। लेकिन संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि यह प्रत्यारोपण किसी सरकारी चिकित्सा शोध संस्थान या विश्वविद्यालय में नहीं हुआ है। यह प्रत्यारोपण दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने किया है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। बहरहाल, अभी चिप लगाने की शुरूआत हुई है। आम लोगों तक इसका लाभ पहुंचने में दशकों लग सकते हैं। यह इतनी खचीर्ली होगी कि शायद ही आम आदमी के हिस्से में कभी इसका लाभ आ सके। बहरहाल, हर नये अनुसंधान व शोध का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज मानवता की संहारक न बने। जैसे अल्फ्रेड नोबेल को अपने डायनामाइट के आविष्कार के संहारक होने का अपराध बोध हुआ। उन्होंने इसके चलते विश्व शांति व मानवता को समृद्ध करने वाले विभिन्न विषयों की प्रतिष्ठा के लिये अपनी कमाई से कालांतर नोबेल प्राइज की शुरूआत की थी। बहरहाल, शुरूआती संकेत बताते हैं कि इंसानी दिमाग में चिप लगाने का प्रयास सफल रहा है। इस प्रयोग से इंसानी जीवन में विज्ञान व तकनीक की भूमिका के नये अध्याय की शुरूआत मानी जा सकती है।

# एक देश एक कानून: उतराखंड की पहल




**आज** जब भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है।

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने समान आचार संहिता (यूसीसी) के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी और इसे विधानसभा में पेश भी कर दिया। अब चार दिनों के विशेष सत्र में इसे आसानी से पारित भी कर दिया जायेगा। इस तरह देश को आजादी मिलने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जाएगा। आजादी के अमृतकाल में समानता की स्थापना के लिये इससे अपूर्व वातावरण निर्मित होगा। यह उत्तराखण्ड ही नहीं, समूचे भारत की बड़ी जरूरत है। समानता एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदेशिक लोकतांत्रिक मूल्य है। हालांकि संविधान में भी नीति निर्देशक तत्वों के रूप में इसका उल्लेख है। इस लिहाज से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। राष्ट्र का कोई भी व्यक्ति, वर्ग, सम्प्रदाय, जाति जब-तक कानूनी प्रावधानों के भेदभाव को झेलेगा, तब तक राष्ट्रीय एकता, एक राष्ट्र की चेतना जागरण का स्वप्न पूरा नहीं हो सकता। उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भारतीय जनता पार्टी एवं नरेन्द्र मोदी सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए।

समान नागरिक संहिता दरअसल एक देश एक कानून की अवधारणा पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों, पंथों और समुदायों के लोगों के लिए एक ही कानून की व्यवस्था का प्रस्ताव है। भारत के विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से अतिसंवेदनशील इस मुद्दे पर देश के तमाम धार्मिक संगठनों से सुझाव आमंत्रित किए थे। यूसीसी में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, उत्तराधिकार, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एकसमान कानून बनाया जाना है। पिछले कुछ समय से इस पर अच्छी खासी बहस चली है। लिहाजा एक-एक करके अलग-अलग राज्यों में इसे लागू करने और वहां के अनुभव के आधार पर आगे बढ़ने का ख्याल गलत नहीं कहा जा सकता। उम्मीद की जानी चाहिए कि उत्तराखण्ड विधानसभा में इसे पेश किए जाने और वहां बहस शुरू होने के बाद इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर रोशनी पड़ेगी और सभी दुविधाएं, शंकाएं एवं संदेह दूर हो जाएंगे। जो अन्य राज्यों के लिये लागू करने का आधार बनेगी।



-ललित गर्ग

**उत्तराखण्ड एवं गोवा के बाद असम और गुजरात जैसे राज्य भी समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। भाजपा सरकार यूसीसी लागू करने की मांग जोरदार तरीके से करती आ रही है और इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया है। भारतीय न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है और इसका श्रेय भाजपा को दिया जाना चाहिए।**

भारतीय संविधान के मुताबिक भारत एक धर्म-निरपेक्ष देश है, जिसमें सभी धर्मों व संप्रदायों (जैसे- हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, आदि) को मानने वालों को अपने-अपने धर्म से सम्बन्धित कानून बनाने का अधिकार है। भारत में दो प्रकार के पर्सनल लॉ हैं। पहला है हिंदू मैरिज एक्ट 1956 जो कि हिंदू, सिख, जैन व अन्य संप्रदायों पर लागू होता है। दूसरा, मुस्लिम धर्म को मानने वालों के लिए लागू होने वाला मुस्लिम पर्सनल लॉ। ऐसे में जबकि मुस्लिमों को छोड़कर अन्य सभी धर्मों व संप्रदायों के लिए भारतीय संविधान के प्रावधानों के तहत बनाया गया हिंदू मैरिज एक्ट 1956 लागू है तो मुस्लिम धर्म के लिए भी समान कानून लागू होने की बात की जा रही है, जो प्रासंगिक होने के साथ नये बन रहे भारत की अपेक्षा है। अभी मीडिया में छन-छन कर जो सूचनाएं आ रही हैं, उनके मुताबिक शादी, तलाक, अडॉप्शन से जुड़े कानूनों में एकरूपता के जो प्रावधान हैं, वे यूसीसी की मूल अवधारणा के अनुरूप ही हैं। बहरहाल, उत्तराखण्ड राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी।

आज जबकि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, जी-20 देशों की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर चुका है, भारत की अहिंसा एवं योग को दुनिया ने स्वीकारा है, विश्व योग दिवस एवं विश्व अहिंसा दिवस जैसे आयोजनों की संरचना हुई है। इन सब सकारात्मक स्थितियों को देखते हुए भारत की कानून विषयक विसंगतियों को दूर करना अपेक्षित है। क्योंकि विश्व के कई देशों में समान नागरिक संहिता का पालन होता है। इन देशों में पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्त्र, अमेरिका, आयरलैंड, आदि शामिल हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के लिए एकसमान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। लेकिन भारत में राजनीतिक फायदे के लिए तुष्टिकरण का ऐसा खेल खेला गया, जो विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को तार-तार कर रहा है। निजी कानूनों के कारण कहीं-कहीं विसंगति के हालात भी पैदा हो रहे हैं। सामुदायिक घटनाओं को भी राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है, घटना को देखने का यह नजरिया वास्तव में वर्ग भेद को बढ़ावा देने वाला है।

देश का मुस्लिम भी समाज का एक हिस्सा है, जिसे इसी रूप में प्रस्तुत करने की परिपाटी चलन में आ जाए तो भेद करने वाले विचारों पर लगाम लगाई जा सकती है। लेकिन हमारे देश के कुछ राजनीतिक दलों ने मुसलमानों को ऐसे भ्रम में रखने के लिए प्रेरित किया कि वह भी ऐसा ही चिंतन करने लगा, जबकि सच्चाई यह है कि आज के मुसलमान बाहर से नहीं आए, वे भारत के ही हैं। परिस्थितियों के चलते उनके पूर्वज मुसलमान बन गए। वे सभी स्वभाव से आज भी भारतीय हैं और विचार से सनातनी हैं, लेकिन देश के राजनैतिक दल अपने राजनीतिक लाभ एवं वोट बैंक के चलते मुसलमानों के इस सनातनी भाव को प्रकट करने का अवसर नहीं दे रहे।

## खास बात

### वन्यप्रेमियों के स्वागत को तैयार कूनो

**अलका कौशिक**

सुबह, जब मध्य प्रदेश स्थित श्योपुर जिले के गांव मिचमिचाती आंखों से अंगड़ाई ले रहे थे, हम टिकटोली गेट को पीछे छोड़ आगे, और आगे बढ़ते जा रहे थे। उस सुबह हमारी मंजिल रानीपुरा में हमारे ठिकाने, कूनो वन महोत्सव के लिए बसायी अस्थायी टेंट नगरी, से करीब तीस किलोमीटर दूर थी। कूनो राष्ट्रीय उद्यान के अहेरा गेट पर पहुंचने वाली हमारी कार उन वाहनों की कतार में सबसे आगे चल रही थी जिन्हें देश की पहली चीता सफारी के लिए चुना गया था। गेट पर एक कैंटर पहले से खड़ा था जिसमें देशभर से आए वाइल्डलाइफ इंफ्लुएंसर सवार थे। उनके कई इंच लंबे लैंसों वाले कैमरों के सामने मुझे अपने स्मार्टफोन का बौनापन खला था।

**चीतों का नया-नवेला संसार**

कूनो के जंगल की दहलीज पर हम कुछ देर अटके रहे, जंगल के द्वार पहली बार सफारी के लिए खुल रहे थे और कागजी कार्रवाई में कुछ ज्यादा ही समय लग रहा था। मेरी आंखों के सामने से उन पिछली जंगल यात्राओं के दृश्य गुजरने लगे जिनमें वन्यजीव प्रेमियों से लदे-फदे कैंटर और जीपों के कारवां धूल उड़ाते हुए बढ़ते जाते थे। लेकिन इस बार वैसा कोई नजारा नहीं था। ज्यादातर पर्यटक कुनो में चीतों के नए-नवेले संसार से नावाकिफ थे। यहां तक कि उनके नामों को लेकर भी अटकलें जारी थीं। मसलन, पिछली शाम ही दो नर चीतों-वायु और अग्नि- को उनके बाड़े से रिहा किया गया था ताकि सफारी के लिए आए पर्यटकों को चीतों का दीदार हो सके। किसी ने कहा व्हाइट-वॉकर को छोड़ा गया तो किसी ने कुछ और। गेट के पास खड़े बबूल के ऊंचे दरख्त के आजू-बाजू बिछी घास छीलने में व्यस्त मनराजी ने बताया कि रिहा होने के बाद उन दो चीतों को कल शाम इसी गेट के आसपास देखा गया था, करीब घंटे भर तक दोनों जैसे अपनी सुध-बुध खोए हुए थे, फिर धीरे-धीरे चलते हुए कूनो में कहीं गुम हो गए।

इस बीच, हमारी कार में एक नैचुरलिस्ट सवार हो गई थीं जो जंगल में हमारे प्रवेश की अनुमति भी साथ लायी थीं। इधर जंगल आंखें खोल रहा था।

**पिछले** 10 वर्षों में हमारी सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों में एससी, एसटी और ओबीसी समाज के हमारे भाई-बहनों की बड़ी संख्या रही है।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## रोचक X ट्वीट

हेमन्त बाबू और कल्पना बेटी को शादी की सालगिरह की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आप दोनों के उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की कामना करता हूँ। बहुत कम लोग होते हैं जो संघर्ष का कठिन रास्ता चुनते हैं।

**– चंपई सोरेन, सीएम**





**ये** लोग जात-पात के नाम पर बंटबारा करके भाजपा को रोकना चाहते हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूँ, इस खेल से सावधान रहिएगा।

**– नरेन्द्र मोदी**

# अचेत लक्ष्मण

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शक्तिबाण** लगने के बाद मेघनाथ ने चाहा कि लक्ष्मण को लंका के दुर्ग में ले जाऊं पर सफल न हो सका। इसके बाद हनुमान ने लक्ष्मण को उठाया और लंका स्थित अपने शिविर में ले आये। सबके लिये बहुत विपति का कारण था। श्रीराम लक्ष्मण की यह दशा देखकर बहुत हुये। उन्होंने कहा लक्ष्मण भाई आपका अगर प्राणांत हो जाएगा तो मेरा अयोध्या जाना मुश्किल है। मैं क्या करूं? यही सोच रहे थे कि विभीषण जी ने यह मंत्रणा दी आग अगर कहें तो सुषेण वैद्य हैं उनका लंका से बुलवाया जाए। वे मेरे मित्र हैं मेरी खबार पाकर वो जायेंगे। उनको लेने के लिये हुनुमान को जाना पड़ेंगा वहीं सक्षम हैं। ये सूक्ष्म रुप से वहां जा सकते हैं जो छिप जायेंगे कोई इनको देख नहीं पायेगा। रामजी ने आज्ञा दे दी और हनुमानजी ने ऐसा ही किया। वे रात्रि में ही सुषेण बैद्य को ले आये। सुषेण बैद्य ने आकर जब लक्ष्मण जी की दशा देखे तो पाया कि ह्दय में बहुत गर्मी है। बाण के प्रभाव से सुबह होते होते गर्मी के प्रभाव से ह्दय काम करना बंद कर देगा। इसके उपचार के लिये हिमालय से बूटी लानी होगी। यह बूटी बेर के रुप में है।

जब शबरी जी ने राम लक्ष्मण को वन गमन के क्रम में मतंग ऋषि के आश्रम में बैर खाने के लिये दिया था तब श्रीराम जी ने प्रेम से बैर ग्रहण किया था और कहा था यह लखन इन बैरो को खाओ ये बड़ें मूल्यवान हैं। तीन लोक में ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो इसका मुकाबला कर सके।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### नीतीश का सुशासन

**नीतीश** कुमार की छवि सुशासन बाबू की रही है, उनके दामन में कोई दाग भी नहीं है। लेकिन केंद्र के कृषि सुधार कानूनों का खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ सकता है। लेकिन जिस प्रकार उन्होंने 9 वार पल्टी मारी है उससे यह साबित हो गया कि उनकी छवि गिरी है। लेकिन सत्ता के खिलाफ एक गुस्सा है जिसका खामियाजा नीतीश को भुगतना पड़ सकता है।

**–मधुसूदन शर्मा, गढ़वा**

### देशभक्ति का जज्बा

**शहीद**-ए-आजम भगत सिंह और उनके नौजवान साथियों के राष्ट्र भक्ति के शब्द अहसास दिलाते हैं कि इनमें अपने देश को आजाद करवाने के लिए कितना जोश था। देशभक्तों के जन्मदिन या शहीदी दिन पर सबको उनकी कुर्बानियों को याद करते हुए यह प्रण लेना चाहिए कि कभी कोई ऐसा काम नही करेंगे, जो देशहित के लिए उचित न हो।

**– राजेश कुमार हजारीबाग**

# अखिल भारतीय सेवाओं की अवधारणा की हो समीक्षा

## सामयिक

**टीसीए श्रीनिवास-राघवन**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शिकायत करने का कोई भी अवसर गंवाने से नहीं चूकती हैं। खबर है कि एक ऐसा अवसर फिर उनके हाथ लगा और उन्होंने इसे हाथ से जाने नहीं दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी उनके साथ मिलकर विरोध जताने का मौका दे दिया है। ममता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो पृष्ठों का एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि केंद्र को राज्यों से भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर बुलाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने आईएसएस (कैडर) नियम, 1954 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है जिससे वह इन अधिकारियों को केंद्र में प्रतिनियुक्ति के लिए बुला सकता है। ममता ने कहा कि केंद्र को इस प्रस्ताव पर आगे नहीं बढ ?ा चाहिए क्योंकि यह देश के संविधान की मूल भावना के खिलाफ जाता है।

मैं आईएसएस (कैडर) नियम, 1954 में वर्णित बातों का उल्लेख नहीं करूंगा कि इनमें प्रयुक्त शब्दों को समझना सरल नहीं है। बस इतना कहना काफी है कि प्रस्तावित संशोधन के बाद अधिकारी या जहां वह नियुक्त है उस राज्य के पास प्रतिनियुक्ति के संबंध में केंद्र सरकार के आग्रह को खारिज करने का अधिकार नहीं होगा। खबरों के अनुसार ममता ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि अगर केंद्र प्रस्तावित संशोधन के साथ आगे बढ़ता है तो इससे राज्यों के प्रशासकीय कार्यों पर असर होगा। पत्र में कहा गया है कि यह संशोधन देश के संविधान में वर्णित संघीय ढांचे की भावना के उलट है। हमारा संविधान काफी विचित्र है। हमारा संविधान भी एकात्मक एवं संघीय है और इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस दिन इसके किस रूप को अधिक महत्त्व देते हैं। ऐसे कई मामले उठते रहते हैं जिन पर राज्य संविधान के संघीय ढांचे का हवाला देते हुए केंद्र के कदमों का विरोध करते हैं।

पश्चिम बंगाल में करीब 270 आईएएस अधिकारी हैं मगर इनमें 2021 तक केवल 11 केंद्र सरकार के साथ काम कर रहे थे। इससे यह संकेत नहीं मिलता है कि इन अधिकारियों से राज्य सरकार ने उनकी इच्छा पूछी थी। अगर ऐसा होता तो इनमें कम से कम 15-17 प्रतिशत अधिकारी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करते दिखते। इतनी कम संख्या में राज्य से आईएएस अधिकारियों का प्रतिनियुक्ति पर होना यह दशार्ता है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री देश के संघीय ढांचे में सहयोग नहीं कर रही हैं।

वर्तमान व्यवस्था के तहत केंद्र आईएसएस अधिकारियों की नियुक्ति करता है और विभिन्न राज्यों में उन्हें प्रशासकीय जिम्मेदारियां संभालने के लिए भेजता है। इस तरह इन अधिकारियों को धुरियों के इर्द-गिर्द घूमना पड़ता है। अखिल भारतीय सेवा का यह एक महत्त्वपूर्ण एवं केंद्रीय प्रावधान है। अगर ऐसा है तो इन अधिकारियों का मुख्यमंत्रियों के कब्जे में रहना अफसोस की बात है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के मामले में तो यह बात और सच है। आईपीएस अधिकारी जिस राज्य में पदस्थापित होते हैं उसी राज्य सरकार के निदेर्शों का आंख मूंदकर पालन करते हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा की तरह ही यह सेवा भी अखिल भारतीय सेवा का ही हिस्सा है। राज्यों के और इसके आईएएस अधिकारियों के अधिकार स्पष्ट रूप से परिभाषित किए गए हैं। राज्य और अधिकारी दोनों ही केंद्र के प्रतिनियुक्त संबंधी निर्देश मानने से इनकार कर सकते हैं। राज्य कह सकता है कि वह अधिकारियों को नहीं जाने दे सकता क्योंकि इससे प्रशासकीय कार्य प्रभावित होंगे, वहीं अधिकारी भी कह सकते हैं कि वे जहां हैं वहीं ठीक हैं।

# बच्चों के जीवन सुरक्षा के लिये सतर्कता बरतना आवश्यक

## बचपन

**डॉ. मोनिका शर्मा**

कुछ समय पहले कर्नाटक में मोबाइल चार्जर के करंट से आठ महीने की मासूम बच्ची का जीवन छिन गया। सॉकेट में लगे चार्जर के तार से खेलते हुए बच्ची ने उसे मुंह में चबा लिया। जिससे करंट लगने से उसकी जान चली गई। इस तरह की खबरें कई बार अलग-अलग समाचार माध्यमों में पहले भी सामने आयी हैं। दरअसल, हमारी जिंदगी में बढ़ते स्मार्ट गैजेट्स ने ऐसे हादसों की आशंका बढ़ा दी है। घरों के कोने-कोने में चार्जर लगे होते हैं वहीं स्मार्ट फोन, लैपटॉप, ईयर प्लग्स और जाने क्या-क्या? ऐसे में बच्चों की सुरक्षा के लिए चार्जर के मामले में भी सतर्कता बरतना आवश्यक है।

**सही जगह चुनें**

जहां तक बच्चों की संभाल का मामला है तो बच्चों के लिए घर से सुरक्षित जगह कोई नहीं होती है। माता-पिता इसके लिए हर संभव इंतजाम करने की कोशिश भी करते हैं। बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी हर सुविधा जुटाते हैं पर कई बार घर के बड़ों की एक छोटी सी लापरवाही बच्चों की सेफ़्टी के लिए खतरा बन जाती है। मामूली सी गलती बड़ी दुर्घटना को न्योता देने वाली साबित होती है। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के चार्जर्स को लेकर बेहद सतर्क रहना जरूरी है। यहां-वहां किसी भी सॉकेट में चार्जर न लगाएं। घर में छोटे बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए चार्जर हमेशा किसी ऊंची जगह पर लगे सॉकेट में लगाएं या फिर चार्जर किसी ऐसे कोने में लगा हो जहां बच्चे पहुंच ही न पाएं।

**स्विच ऑफ करना न भूलें**

घर के भीतर बच्चों के साथ होने वाली ऐसी ज्यादातर दुर्घटनाओं को घर के बड़ों की थोड़ी सी सजगता से रोका जा सकता है। स्मार्ट गैजेट्स को चार्ज करने के बाद स्विच ऑफ करना ऐसा ही छोटा सा कदम है, जो किसी अनहोनी को टाल सकता है। देखने में आता है हमारे घरों में लगे बहुत से चार्जर्स का स्विच ऑफ ही नहीं किया जाता। पैरेंट्स को अपनी इस आदत को बदलने की आवश्यकता है क्योंकि बच्चे अपनी जिज्ञासा और चंचलता के कारण सॉकेट के साथ खेलने लगते हैं। स्विच का ऑन होना करंट लगने के कारण हादसा बन सकता है। वैसे कोशिश तो यही होनी चाहिए कि बच्चे सॉकेट के पास ही न पहुंचें। सॉकेट में लगे चार्जर को वे छू भी न पाएं। फिर भी कभी ऐसा हो जाये तो चार्जर वाले सॉकेट का स्विच ऑफ होने से दुर्घटना का खतरा बहुत हद तक टल जाता है।

**सुरक्षा के इंतजाम**

घर में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रिकल सॉकेट में चार्जर्स लगाने से जुड़ी सावधानियां बरतने के साथ ही उपयोग में न आ रहे सॉकेट्स पर भी गौर कीजिए। कई बार ऐसा होता है कि काम में न आने वाले सॉकेट भी हादसों का कारण बन जाते हैं। बच्चे खेलते हुए कइर बार सॉकेट में अंगुली , कभी किसी खिलौने का हिस्सा या कोई अन्य चीज डाल देते हैं।घर में जिन इलेक्ट्रिकल सॉकेट का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा उन्हें बच्चों के लिए सुरक्षित बनाया जाये। इसके लिए तकनीकी उपाय या किसी मॉडर्न उपकरण का सहारा लिया जा सकता है। बिजली के ऐसे सॉकेट के लिए बाजार में चाइल्ड प्रूफिंग भी उपलब्ध है। इसे लगाकर घर में ऐसे सॉकेट्स के जोखिम से बच्चे की सुरक्षा यकीनी बनायी जा सकती है। असल में चाइल्ड प्रूफिंग, एक तरह का छोटा सा इलेक्ट्रिकल सॉकेट कवर होता है। इसे लगाने से घर में यहां-वहां लगे सॉकेट आपके नन्हे बच्चों के लिए खतरा नहीं बन सकते। ऐसी छोटी-छोटी सावधानियों को अपनाकर पैरेंट्स द्वारा बच्चों के लिए अपने घर के आंगन को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### नमो श्राद्ध राशन किट का किया वितरण

**कटकमसांडी।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने जरूरतमंद परिवारों की सेवा में श्राद्ध कर्म भोज के लिए राशन किट वितरण अभियान के तहत नमो श्राद्ध राशन किट वितरण की शुरूआत की। राशन किट अभियान की शुरूआत विधायक सेवा कार्यालय में श्राद्ध कर्म में सहयोग की आस लेकर पंहुचे। कटकमसांडी प्रखंड के पंचायत गदोखर के ग्राम बलियन्द निवासी स्व.देवदयाल राम पिता नाम, स्व. युगल राम और ग्राम पंचायत बलियन्द निवासी स्व धनेश्वर रविदास पिता नाम रघुनी रविदास का शोकाकूल परिवार के परिजनों को नमो श्राद्ध राशन किट कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा एवं गदोखर पंचायत के मुखिया नारायण साव के हाथो सुपुर्द किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधी किशोरी राणा, गदोखर पंचायत के मुखिया नारायण साव सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### 400 फीट पीसीसी के निर्माण कार्य का शिलान्यास


शिलान्यास करते।

**मांडू।** मांडू चट्टी पंचायत के धरनिया टांड़ में 7 फरवरी को हैरैया पेड़ से धनेश्वर साव घर तक 400 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का जिला परिषद के योजना के तहत 6 लाख 21 हजार की लागत से पथ निर्माण को जिला परिषद भोला तुरी और मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर विधिवत रूप से शिलान्यास किया। मौके पर समाजसेवी धनेश्वर साव ने उपस्थित महिला पुरुषें को जानकारी देते हुए कहा की की कच्ची और जर्जर सड़क की वजह से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। पथ के बन जाने से लोगों को आने जाने में सुविधा होगी। इस मौके पर समाजसेवी बालेश्वर भुईयां, धनेश्वर साव,राजेश शर्मा,मनोज महतो,भूषी भुईयां,मगन भुईयां, कंचन भुईया, मदन भुईयां आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ पूर्व विधायक ममता देवी ने शोकाकुल परिवार से मिलकर जताया शोक


ढाढ़स बंधाती ममता देवी।

**कुजू।** पूर्व रामगढ़ विधायक ममता देवी ने झामुमो महिला मोर्चा के जिला सचिव गीता देवी पुत्र के निधन होने के बाद उनके आवास पहुंची। इस दौरान उन्होंने गीता देवी को ढाढ़स बंधाते हुए शोक संवेदना प्रकट किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा पार्टी आपके साथ है. ज्ञात हो कि 22 जनवरी की रात्रि में मांडू फोरलेन सड़क पर अनियंत्रित होकर गीता देवी के पुत्र विशाल कुमार गिरकर घायल हो गये थे। इस दौरान इलाज के दौरान उनका मौत हो गया था। मौके पर ममता देवी तस्लीम अंसारी, युवा कांग्रेस के मांडू विधानप्रभारी आकाश ओझा शामिल थे।

### तीरंदाजी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा द्विमासिया तीरंदाजी प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आसपास के गांव से आने वाले स्कूली बच्चों के लिए शुरू की गई इस कार्यशाला का उद्घाटन निदेशक ईंधन शिवम श्रीवास्तव ने किया। इस बेहद महत्वाकांक्षी कार्यशाला की शुरूआत के दौरान निर्देशक (ईंधन) ने कहा की यह खेल मेरे दिल के बेहद करीब है, आप सब बच्चे खूब मेहनत और लगन से यहां प्रशिक्षण लें। पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना मुख्य महाप्रबंधक नीरज जलोटा ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मुझे यहां आप सबको देखकर बहुत खुशी है और हम निरंतर आपको जो भी सहयोग चाहिए महैया करवाते रहेंगे। इस दौरान बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए ट्रैकसूट भी दिया गया। मौके पर क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अनिमेष जैन,बादाम कोयला खनन परियोजना मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण अनंत राव पांडे, अमित कुमार अस्थाना के अलावा कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी अकाउंट बनाने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई


उपायुक्त चंदन कुमार।

**रामगढ़।** हाल ही में उपायुक्त रामगढ़ के नाम से किसी व्यक्ति द्वारा फर्जी रूप से फेसबुक अकाउंट बनाकर लोगों को गुमराह करने एवं अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फेक आईडी से अन्य लोगों को मैसेज भेजा जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे को पत्र लिखकर तत्काल रूप से दोषियों को पकड़ने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही उपायुक्त ने सभी से किसी भी फेक आईडी से कोई मैसेज आने पर किसी भी तरह की प्रतिक्रिया न देने एवं तत्काल रूप से अकाउंट को ब्लॉक करने अपील की है।

### वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ पाठक माजा कोने अवार्ड 2023 के लिए नामित


अमरनाथ पाठक।

**हजारीबाग।** वरिष्ठ पत्रकार अमरनाथ पाठक ह्मामाजा कोने अवार्ड 2023 के लिए नामित किए गए हैं। यह अवार्ड उन्हें पत्रकारिता के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र के विकास में भागीदारी के लिए दिया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित अवार्ड सेंटर फोर एक्सप्रिएंसिंग सोशियो-कल्चर इंटरेक्शन (सीईएससीआई) भारत और स्वीट्जरलैंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाता है। सीईएससीआई के सचिव राजगोपाल पीवी ने इस संदर्भ में अमरनाथ पाठक को ई-मेल पर संदेश भेजकर अवार्ड ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है। साथ ही मोबाइल से उनसे संपर्क कर जानकारी साझा की है। उन्हें चेन्नई के मदुरै स्थित काडावुर सीईएससीआई सेंटर में 12 मार्च की शाम 4.00 से 7.00 बजे तक आयोजित अवार्ड सेरेमनी में सम्मानित किया जाएगा।

आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी, सोशल मीडिया पर वायरल किये जा रहे वीडियो

# जमीन विवाद में वर्तमान विधायक व पूर्व विधायक पुत्र आमने-सामने

अभय कुमार सिंह



विवाद के केंद्र में विद्यालय की जमीन।

**बरकट्ठा।** चटकरी ग्राम के कुछ ग्रामीणों ने वहां के निवासी व बरकट्ठा विधायक अमित यादव के खिलाफ जमीन कब्जाने व उसे दान किये गये जमीन को बेचने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि चलकुशा प्रखंड के मौजा-चटखरी, खाता नंबर 17, रकबा 1.25 एकड़ गैरमजरूआ जमीन है। उक्त विद्यालय के जमीन पर बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव द्वारा हड़प कर जमीन को एग्रीमेंट के माध्यम से बेचा जा रहा है। जमीन खरीदने वाले व्यक्ति ने मकान बनाना चालू कर दिया है। मना करने पर धमकी दी जा रही है। जमीन को खरीदने वाले व्यक्ति रामा यादव विधायक से सांठ-गांठ क र मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। ग्रामीणों के बच्चों के लिए यह स्कूल शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र साधन है। इस स्कूल के जमीन को बेचना अपराध है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कर नीजी निर्माण को रोकने की गुहार लगायी है। आवेदन में चंपा देवी उप मुखिया, रोनिक कुमार, सुनिल कुमार, अरविंद कुमार, उमेश यादव सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं।

**सोशल मीडिया में वाइयल हो रहे पुराने व नए क्लिप्स**

इस आवेदन के बाद वर्तमान विधायक अमित कुमार यादव व उनके प्रतिद्वंदी पूर्व विधायक पुत्र में ठन गयी है। सोशल मीडिया में दोनों के प्रशंसक आपस में भीड़ गये हैं। पुराने व नये वीडियों वाइरल हो रहे हैं। वाद-विवाद का दौर जारी है। क ोई वर्तमान विधायक को सही बता रहा तो क ोई गलत। क ोई पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव को सही बता रहा तो क ोई गलत। इन विवादों में जानकी यादव के पुत्र अजीत यादव भी शामिल हो गये हैं। उनका भी कुछ वीडियो वाइरल हुआ है जिसमें वो बाऊंसर्श के साथ अपने माइंस में जाते दिख रहे हैं।

**विवाद कुछ नही, सब पोलिटिकल एजेंडा है : अमित कुमार यादव**

इस मामले पर जब वर्तमान बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव से जानकारी ली गयी तो उन्होने कहा कि विवादों के केंद्रबिंदू में रहे विद्यालय की जमीन को मेरे पूर्वजों के द्वारा दान में दी गयी थी। हमलोगों के द्वारा इस क्षेत्र में स्कूल, क्लब, स्टेडियम, आंगनबाडी, मंदिर इत्यादि का निर्माण कराया गया है। 9 से 10 एकड़ की जमीन दान में दी गयी है। विद्यालय के पास वाली जमीन को मेरी मां ने रामा यादव को बहुत पहले ही बेच दिया था। उसमें वो घर बना रहे हैं। अब उसी जमीन को कुछ अन्य लोग खरीदना चाहते हैं। ये कै से हो सकता है। इसमें पूर्व विधायक के लोगों के द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। जबकि विवाद की क ोई बात ही नहीं है। ये मामला गांव का था, अपने लोगों का था। बेकार में इसे बढाया गया। ये सब लोगों को बरगलाने का प्रयास है। सब पोलिटिकल एजेंडा है।

**दान दी गई जमीन को कैसे बेच दिया : अजीत यादव**

इस मामले पर विवादों के केंद्रबिंदू में रहे पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के पुत्र अजीत यादव ने कहा कि गांव के एक अजीत यादव नाम के व्यक्ति के नाम के साथ मेरा नाम कनफ्यूज किया जा रहा है। फिर भी इस मामले में मुझे ये कहना है कि विधायक अमित यादव ने गलत काम किया है। आप किस आधार पर दान की गयी जमीन जिसपर विद्यालय का निर्माण किया गया है उसे किसी को बेच सकते हैं। ऐसे तो जिले व प्रखंड में बहुत सारे विद्यालय दान की हुई जमीन पर बनी हुयी है। तो सब उसपर कब्जा कर बेचने लग जाएंगे तो छात्र कहां जाएंगे। ये गलत है। मेरे हिसाब से हर बात को राजनीतिक नजरिये से नहीं देखना चाहिए।

### नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन

**बड़कागांव।** प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत ग्राम जोराकाठ में विधायक अंबा प्रसाद के विधायक निधि से लगभग 5 लाख की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन बुधवार को हुआ। उक्त सामुदायिक भवन का उद्घाटन मुखिया वासुदेव यादव, प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो समेत कांग्रेस कार्यकताओं ने विधिवत फीता काटकर किया। वही मुखिया वासुदेव यादव ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर पंचायत में कई योजनाएं चल रही है। विधायक अंबा प्रसाद के विधायक निधि से सामुदायिक भवन बन जाने से ग्राम वासियों को सुविधा होगी।वही श्री चौबे ने कहा कि पूरे क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, कई योजनाएं संचालित है। मौके पर पंचायत अध्यक्ष आशीष चक्रवर्ती, मोहम्मद शमशेर आलम, बालेश्वर महतो, मोहम्मद इस्लाम, फागु यादव, हीरालाल महतो, दिनेश महतो, मानिकचंद महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

### स्व. रूपेश पांडेय की मनी दूसरी पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रतिमा का अनावरण करते पूर्व विधायक व अन्य।

**बरही।** बरही के बहुचर्चित हत्याकांड स्व. रूपेश पांडेय की दूसरी पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव बरही प्रखण्ड के करियातपुर नईटांड़ में मनायी गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा सह प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। श्रद्धांजलि सभा से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने स्थानीय सामाजिक, राजनीतिक व बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में स्व. रूपेश पांडेय के प्रतिमा का अनावरण कर उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम का संचालन विहीप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने किया। इस दौरान कई वक्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए स्व. रूपेश पांडेय के हत्यारों को फांसी की सजा दिलाने की मांग किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि स्व. रूपेश पांडेय का धार्मिक कार्यों में रुचि को देखते हुए गंदी मानसिकता के लोगो द्वारा उनकी निर्मम हत्या कर दी गयी। स्व. पांडेय की आत्मा की शांति की कामना करता करते हुए सभी सनातनियो को एकजुट होने की बात पूर्व विधायक ने कही। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी समेत अन्य वक्ताओं ने कहा कि स्व. रूपेश पांडेय की चर्चित हत्याकांड को लेकर आज भी सोंचता हूँ तो मन व्यथित हो जाता है। रूपेश की हत्या के बाद सनातनी धर्म के सभी लोग एकजुट होकर इस घटना की भ्रत्सना करते हुए इसका प्रतिकार किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### एजेकेएसएस ने बरका-सयाल महाप्रबंधक को सौंपा 13 सूत्री मांग-पत्र

- कहा-मांगों पर तत्काल पहल नहीं हुई तो 22 को होगा चक्का जाम

खबर मन्त्र संवाददाता


जीएम को मांग पत्र सौपते संघ के लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने बुधवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक को 13 सूत्री मांग-पत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र में आउटसोर्सिंग कंपनी में सरकार के नियमानुसार स्थानीय बेरोजगारो को रोजगार देने, हाईपावर कमेटी के अनुसार मजदूरों को बैंक खाते में वेतन देने, परियोजना पदाधिकारी द्वारा सयाल के आरए माइनिंग कंपनी के हटाये गये पांच मजदूरों को काम पर वापस लेने, बरका-सयाल प्रक्षेत्र के सभी परियोजनाओं में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने, भुरकुंडा क्षेत्रीय अस्पताल में पोर्टेबल डिजिटल एक्स रे मशीन लगाने, जांच कमेटी बनाकर क्वार्टरों की रिपेयरिंग की जांच करने, सयाल परियोजना में तीन डीप बोरिंग कर पानी की समस्या का समाधान करने, सयाल परियोजना में मनमानी पर रोक लगाने, रिजनल स्टोर से दुमुहानी तक सडक बनाने, भुरकुंडा परियोजना के रीवर साईड में स्थित पाईप लाईन को बदलने, मयूर स्टेडियम व भुरकुंडा थाना मैदान का सुंदरीकरण करने, सौन्दा बस्ती स्थित टिपला कॉलोनी में एक सामुदायिक भवन का निमार्ण करने की मांगे शामिल है। मांग पत्र में यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजय कुमार मिश्रा ने कहा है की अगर प्रबंधन हमारी मांगों पर जल्द साकारात्मक पहल नहीं करता है तो आगामी 22 फरवरी को बरका-सयाल प्रक्षेत्र का ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया जायेगा। पत्र की प्रतिलिपि कार्मिक निदेशक दरभंगा हाउस रांची, आरक्षी अधीक्षक रामगढ, अंचलाधिकारी पतरातू, बीडीओ पतरातू, भुरकुंडा ओपी प्रभारी, सुरक्षा पदाधिकारी बरका-सयाल प्रक्षेत्र को प्रेषित की गई। मांग-पत्र सौपने वालो में यूनियन के क्षेत्रीय सचिव संजय कुमार मिश्रा, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गुरूदयाल ठाकुर, विक्रांत साहू, शिवनंदन दास, शंकर कुमार आदि शामिल थें।

### बालिका उच्च विद्यालयू में दूसरे दिन शांतिपूर्ण माहौल में हुई परीक्षा


परीक्षा देते परीक्षार्थी।

**कुजू।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा 6 फरवरी से शुरू हुए मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के दूसरे दिन बालिका उच्च विद्यालय कुजू में बुधवार को कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। प्रथम पाली मैं होम साइंस विषय की परीक्षा में मैट्रिक के कुल 16 छात्र-छात्राओं में से 15 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के कोर लैंग्वेज (मूल भाषा ) विषय की परीक्षा हुई इनमें 147 छात्र-छात्राओं में से 147 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा एक भी छात्र एवं छात्राएं अनुपस्थित नहीं रहे। जिला प्रशासन की ओर से कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर समुचित व्यवस्था किया गया था। इस अवसर पर दंडाधिकारी व कनीय अभियंता अजय कुमार, वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस अवर निरीक्षक सुभाषकांत अकेला, विद्यालय सचिव अनीष कुमार गुप्ता, केंद्राधीक्षक कुलदीप प्रसाद, वीक्षक भुवनेश्वर महतो, बबीता कुमारी, शिशुपाल महतो, सुमन कुमारी, संजू सोरेन, मधु कुमारी, देवेंद्र दांगी, मुकेश कुमार, राजकुमार, संदीप कुमार साव, किरण कुमारी, रामनरेश शर्मा, रीना कुमारी एवं पुलिस बल के आरक्षी सूरजदेव महतो, अजीत कुमार पासवान आदि उपस्थित थे।

रीवर साइड ऑफिसर्स क्लब भुरकुंडा में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति 2024 की हुई बैठक

## खान सुरक्षा को लेकर गंभीर है डीजीएमएस : आफताब अहमद

- सेफ्टी के साथ उत्पादन करने पर दिया गया बल, वर्ष 2022-23 में जीरो एक्सीडेंटल प्रोडक्शन के लिए दी गई बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासीन अतिथिगण।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रीवर साइड भुरकुंडा स्थित ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को सीसीएल बरका-सयाल त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति 2024 की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने किया। बैठक की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि डीजीएमएस माइनिंग आफताब अहमद, डीजीएमएस माइंस सेफ्टी (इलेक्ट्रिकल) भीजी मेसराम, डीजीएमएस (मैकेनिकल) रत्नाकर सुनकी, डीडीएमएस (माइनिंग) पी हनुमंता राव, डीडीएमएस (इलेक्ट्रिकल) विनित चौरसिया, डीडीएमएस (मैकेनिकल) रविंद्र बोंथा, जीएम सेफ्टी एंड रेस्क्यू सीसीएल एसके सिंह, डेप्युटी डायरेक्टर माइनिंग एजाज मोहम्मद आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। बैठक में सेफ्टी के साथ उत्पादन करने पर बल देते हुए वर्ष 2023 के दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने सुरक्षा मापदंडों पर अपने-अपने विचार रखें। मौके पर डीजीएमएस के अधिकारियों ने खान सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए सेफ्टी के ओल्ड इक्विपमेंट को नये से रिप्लेस करने, फायर फाइटिंग सिस्टम मजबूत करने, मशीनरी की प्रोपर मैनटेनेंस करने, सभी वर्कशॉप की मॉर्डनाइजेशन करने, वाटर टैंकर बढ़ाने सहित कई सुझाव दिए। बैठक में डीजीएमएस आफताब अहमद ने कहा कि इस फाइनेंशियल इयर 2022-2023 में जीरो एक्सीडेंटल प्रोडक्शन किया गया है। उन्होंने कहा की डीजीएमएस खान सुरक्षा को लेकर गंभीर है। बीते फाइनेंशियल इयर में सीसीएल में मात्र तीन दुर्घटनाएं हुई है। हमारा प्रयास है की खान दुर्घटना न हो, इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। पूर्व की अपेक्षा खान दुर्घटनाओं का ग्राफ गिर रहा है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा की खान दुर्घटना के तथ्यों को छिपाने का प्रयास न हो बल्कि दुर्घटना से सीख लेने और रोकथाम की दिशा में कारगर कदम उठाना ही सभी का मकसद होना चाहिए। वहीं बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि डीजीएमएस ऑफिशियल ने जो भी सुझाव दिए उन सभी का अक्षरशः पालन किया जाएगा। खान सुरक्षा लेकर और बेहतर प्रयास किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने किया। बैठक में प्रबंधन की ओर से देवव्रत गुप्ता, अमरेंद्र कुमार, बीके साहू, अजय कुमार, आरके प्रधान, अखिलेश्वर प्रधान, केआर भवन, एके श्रीवास्तव, एके मेहता, धीरज मिश्रा, डी. शिवादास, दिलीप कुमार, मनोज कुमार पाठक, सुबोध कुमार, रामेश्वर मुंडा के अलावे एरीया सेफ्टी बोर्ड सदस्य और यूनियन प्रतिनिधियों में विकास कुमार, शशिभूषण सिंह, श्रीकांत गुप्ता, संजय शर्मा, संजय यादव, गणेश राम, विकासकांत सिन्हा, चमन मुंडा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थें।

## एक नजर में

### एचपीसीएल बॉटलिंग प्लांट के कर्मी धरना पर बैठे



धरने पर बैठे कर्मी।

**बरही।** बरही में संचालित व्यवसायी संस्थान रियाडा जियाडा में एचपीसीएल बॉटलिंग प्लांट के कर्मियों ने अपनी मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पर चले गए है। इस बाबत एचपीसीए के कर्मियों ने बताया कि बालाजी डिटेक्टिव फोर्स नामक कंपनी द्वारा उनसे कार्य करवाया जा रहा है। परन्तु स्किल, सेमिस्कील, ननस्किल व मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समानरूप से किया जाता है। कर्मी बताते है कि उनसे स्किल लेबर का काम करवाया जाता है और हाजिरी मजदूरों वाला मिलता है। कर्मियों ने बताया कि उनसे 8 घण्टे से अधिक काम कराया जाता है और विरोध करने पर नौकरी से निकाल देने का धमकी दिया जाता है। इतना ही नही कम्पनी द्वारा एक शपथ पत्र भरने को कहा जा रहा है।जिसमे शपथ पत्र भर देने के पश्चात उनसे उनके संवैधानिक अधिकार को समाप्त करने की साजिश है। जिसका विरोध उनके द्वारा किया जा रहा है। मौके पर बिरेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, विक्रम वर्मा, मयंक वर्मा, रोहित कुमार सिंह, छोटू कुमार, गुड्डू आलम, नुरुल हसन सहित दर्जनों कर्मी मौजूद थे।

### धनवार पंचायत में पंचायत सचिव हुए सेवानिवृत्त


मौके पर उपस्थित लोग।

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत भवन में पंचायत की मासिक बैठक के साथ सेवानिवृत्त पूर्व पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद एवं संचालन वर्तमान पंचायत सचिव राजेंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में महिला समाजसेवी ममता देवी, पंचायत समिति सदस्या संतोषी देवी, पंचायत के वार्ड सदस्य गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सेवानिवृत्त पंचायत सचिव रामवृक्ष सिंह काफी अच्छे पदाधिकारी थे। जिन्होंने धनवार पंचायत में कम समय में ही काफी उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने धनवार पंचायत के समस्त पंचायत वासियों के तरफ से इनको धन्यवाद देना चाहता हूं कि इन्होंने पंचायत के विकास के लिए उनका काफी सहयोग किया इसके लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला समाजसेविका ममता देवी, पंचायत सचिव राजेन्द्र मिश्रा, पूर्व रोजगार सेवक रामेश्वर प्रसाद, वॉर्ड सदस्य हसमत अंसारी, रूबीना खातून जेएसएलपीस से संजु कुमारी, वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता विनोद प्रसाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### सीएलएफ ने किया समन्वयको को उपहार भेंट

**टाटीझरिया।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कार्यरत जेएसएलपीएस विभाग के कुशल बेहतरीन तरीके से प्रखंड क्षेत्र के झरपो कलस्टर समन्वयक धर्मवीर कुमार साव ने झरपो सिएलएफ में विभाग के ओर से लगभग 5 वर्ष अपनी सेवा दिया जिन्हे बरकट्ठा और विजय कुमार टाटीझरिया सामुदायिक समन्वयक ने लगभग 1 वर्ष अपनी योगदान दिया इन्हे कोडरमा डोमचाच स्थांतरण किया गया। वही दोनो उउ को स्थांतरण होने पर झरपो,टाटीझरिया सिएलएफ के ओर से पुष्प गुच्छ बुके उपहार ड्रोंट कर विदाई समारोह उज्वल भविष्य की कामना किया गया। विदाई समारोह के दौरान शिवेश पांडेय,अजीत कुमार बिंदिया देवी,उषा रानी,संगीता देवी,किरण देवी,देवांती देवी,बबिता देवी,पूनम देवी,आरती देवी,रूबी देवी,मुन्नी देवी, समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### सदर विधायक ने किया गुप्ता स्वीट्स का उद्घाटन


उद्घाटन करते सदर विधायक।

**दारु।** सदर विधायक मनीष जयसवाल ने दारु चौक स्तिथ रसगुल्लों के थोक बिक्रेता गुप्ता स्वीट्स का उद्घाटन बुधवार को फीता काटकर और दीप प्रजवलित कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा की रसगुल्लो के थोक बिक्री की दुकान का खुलना आज के बिजनेस मॉडल मे परिवर्तन के संकेत है। इस तरह की दुकान खुलने से घर मे शादी ब्याह, जन्मदिन सहित कई अन्य कार्यक्रमों के लिए लोगों को उचित मूल्य पर रसगुल्ला मिलेगा। होटल के मालिक गणेश गुप्ता ने बताया की उनका मकसद कम कीमत पर लोगों को अच्छी गुणवता की मिठाई उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर बीडीओ मनीष कुमार, अंचलाधिकारी अदिति गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू आदि मौजूद थे।

### भदानीनगर के चैनगडा गरवाटांड में घर के बाहर कुंडी लगाकर दुसरे कमरे में चोरो ने लगाई आग


घर का जला पलंग व अन्य समान।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के चैनगड्डा गरवाटांड में बुधवार की अहले सुबह असामाजिक तत्वों या चोरो द्वारा घर के दरवाजे पर बाहर से कुंडी लगाकर दुसरे कमरे में आग लगा देने का मामला प्रकाश में आया है। आग लगने के कारण घर में रखे हजारो रूपयों के गहने सहित अन्य कीमती समान जलकर राख हो गया। गये। घटना को लेकर पीड़ित ओम प्रकाश कुमार ने भदानीनगर ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। ओपी में दिये आवेदन में ओम प्रकाश कुमार ने कहा है कि रात को खाना खा कर सो गया था। सुबह करीब पांच बजे नींद खुली तो बाहर का दरवाजा खोलने पहुंचा तो पता चला की दरवाजा में बाहर से कुंडी लगने के कारण नहीं खुल रहा। इसके बाद परिचित को फोन करके दरवाजा खुलवाया।

# एक एकड़ जमीन लीज लेकर अफीम की खेती करने वाले दो लोग गिरफ्तार, गये जेल

## पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट, एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** करंज पुलिस के द्वारा एक एकड़ भूमि पर लगे अफीम की खेती को नष्ट करते हुए खेती करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को गुमला जेल भेज दिया गया। जिसमें करंज थाना क्षेत्र के भंडार लोंडरा गांव निवासी 24 वर्षीय विजय मुंडा व लोहरदगा जिला के पेशरार थाना क्षेत्र के पुंदाग नावाटोली निवासी 35 वर्षीय दिलीप मुंडा का नाम शामिल है। इस संबंध में बुधवार को अपने कार्यालय परिसर में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि करंज पुलिस को सूचना मिली थी कि भंडार लांडरा में जोंगा गडहा के पास टांड में अवैध रूप से अफीम की खेती की गई है। सूचना के सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के साथ अंचलाधिकारी भरनो, राजस्व उपनिरीक्षक व भरनो अंचल के अमीन भंडरा लोंडरा गड़हा पहुंची। जहां ग्रामीणों ने टीम को बताया कि रामकिशोर मुंडा व परमेश्वर मुंडा दोनों पिता झिंगटु मुंडा के एक एकड़ जमीन को लीज पर लेकर विजय मुंडा व दिलीप मुंडा ने अफीम की खेती की है। टीम के द्वारा मामले को सत्यापित करते हुए अफीम का पौधा, घेरा के उपयोग में लाये गये जाली, बिजली के तार, कीटनाशक व पानी पटाने वाला प्लास्टिक का पाइप जब्त किया। साथ ही अफीम की फसल को नष्ट किया गया। जिसके बाद पुलिस के द्वारा अफीम की खेती करने वाले दोनों व्यक्तियों को छापामारी कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने खेती करने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि अधिक पैसा कमाने के लालच में वे अफीम की खेती की थी। छापामारी दल में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, थाना प्रभारी करंज आशीष भारती, पुअनि अशोक कुमार, आरक्षी गणेश कुमार सिंह, आरक्षी राजीव कुमार यादव व आरक्षी विनय कुमार शामिल थे।



अफीम की खेती करने वाले गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसपी, एसडीपीओ व थाना प्रभारी

## राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय चपका में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर की चोरी


चोरों के द्वारा तोड़ा गया अलमीरा व बिखरा सामान

खबर मन्त्र संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड स्थित राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय चपका में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर व कुंडी काटकर सामानों की चोरी कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार को मुखिया अग्नि उरांव विद्यालय पहुंच मामले की जानकारी लेते हुए घटना की सूचना थाना प्रभारी घाघरा को दी। घटना के संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका देशनी देवी ने बताया कि मंगलवार को विद्यालय बंद करने के उपरांत सभी शिक्षक रसोईया अपने-अपने घर चले गए। वहीं बुधवार को सुबह जब स्कूल खोलने के लिए पहुंचे तो ऑफिस रूम का दरवाजा खुला दिखा व कुंडी कटी हुई थी। साथ ही कई सामान बिखरे पड़े थे। ऑफिस में रखे 2 गोदरेज व बक्सा को तोड़ दिया गया और सामान को बाहर फेंक दिया। गोदरेज में रखे नकद 15 सौ रुपये और ऑफिस में रखे समरसेबल की एक नई और एक पुरानी मशीन की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई। मौके पर मुखिया अग्नि उरांव और विद्यालय के कई शिक्षक व ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुमला की उर्वरा मिट्टी ने देश को कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिये हैं : विनोद कुमार

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ, बोरा रेस में सचिता कुमारी व आलोक अंकित कुजूर रहे प्रथम स्थान पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल शास्त्री नगर गुमला का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार से आरंभ हुई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गुमला थाना प्रभारी श्री विनोद कुमार द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेलूकद का शुभारंभ किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा खेल से शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। बच्चे समय का सदुपयोग करें। गुमला खेल नगरी है। गुमला की उर्वरा मिट्टी ने देश को कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिये हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे खेल को करियर के रूप में ले। खेल शिक्षा में बाधक नहीं है, बल्कि शिक्षा को खेल सुलभ बनाती है। स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा पुलिस का समाज में बहुत बड़ा योगदान है। पुलिस लगातार हमारी सुरक्षा करती है। उन्होंने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल में बच्चों के विकास के लिए सभी क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाता है। यहां पर शिक्षा के साथ साथ खेलकूद, नृत्य गान, सहित कला के क्षेत्र में भी बच्चों को आगे बढ़ाया जा रहा है। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के बोरा रेस के बालिका वर्ग में सचिता कुमारी प्रथम, माया कुमारी द्वितीय, बॉयज ग्रुप में आलोक अंकित कुजूर प्रथम, हर्षवर्धन गोप द्वितीय, सीनियर वर्ग में आदित्य कुमार साहू प्रथम, रितेश द्वितीय, तीन पैर दौड़ में विभा कुमारी प्रथम, अलीना असुर द्वितीय रही। वहीं खो खो प्रतियोगिता में नेहरू दल और तिलक द ल फाइनल में पहुंची जबकि कबड्डी में नेहरू दल प्रथम हुआ। सौ मीटर दौड़ में समीर नायक प्रथम, अच्छीत नायक द्वितीय, सीनियर वर्ग 200 मीटर में वैभव सिंह प्रथम, हर्षवर्धन गोप द्वितीय बालिक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में माया कुमारी प्रथम, रेखा कुमारी द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर जासनीता बेक, हिमा कुमारी, अंकिता कुमारी, वीणा देवी, रजनी सिन्हा,, अंजनी कुमारी, अंकिता कुमारी नोर्बेट बेक सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।


खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते थाना प्रभारी


बोरा रेस में भाग लेते बच्चे

## लड़की के बयान पर आरोपी गिरफ्तार

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र में बुधवार को बलात्कार का एक मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के छोटा अम्बेरा गांव निवासी 18 वर्षीय फकीरन खातून (काल्पनिक) नाम में बुधवार को लिखित आवेदन देकर गांव के ही महावीर लोहरा के 20 वर्षीय पुत्र गुड्डू लोहरा पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है । पुलिस ने लड़की के लिखित आवेदन पर आरोपी युवक गुड्डू लोहरा पर भंडरा थाना कांड संख्या 05/2024 धारा 376,506 आईपीएस के मामला दर्ज का भंडरा पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि लड़की के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। लड़की का मेडिकल जांच कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है । इधर आरोपी युवक ने बताया कि लड़की द्वारा अपने अभिभावकों के जोरदार दबाव के कारण मुझ पर रेप का झूठा मामला दर्ज करवाया गया है। जबकि हम दोनों का पिछले दो वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा है। पिछले कुछ महीनो से मैं रांची में काम कर रहा था। लड़की एक सप्ताह पहले खुद मेरे पास अपनी मर्जी से आई थी।

## माँ सरस्वती की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार


मां सरस्वती की तैयार मूर्तियां

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले में सरस्वती पूजा को लेकर शहर के विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग मूर्तिकार के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा को सुंदर और अंतिम रूप देने के लिए मूर्तिकार अपनी कल्पना के साथ-साथ रंगों का इस्तेमाल कर रहे हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पतरा टोली, ब्लॉक मोड, नदिया रोड, एमजी रोड, बरवा टोली आदि स्थानों पर मां सरस्वती की प्रतिमा को सजाकर अलग-अलग रूप रंग में तैयार कर होने वाले सरस्वती पूजा के लिए तैयार की जा रही है। लगभग 600 से 700 माता सरस्वती की प्रतिमा तैयार की जा रही है ताकि विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर होने वाली पूजा के लिए सभी लोगों को माँ सरस्वती की प्रतिमा प्राप्त हो सके।

मूर्तिकार राजू प्रजापति राजा बांग्ला रोड बरवाटोली निवासी जो पिछले 10 वर्षों से ब्लॉक मोड लोहरदगा में माँ सरस्वती की प्रतिमा का निर्माण करते हैं उनके द्वारा बतलाया गया 60 से 70 मूर्तियां उनके द्वारा बनाई जाती है। जिनका मूल्य 1000 से लेकर 6000 तक होता है। मूर्तियों का निर्माण में उनके आकार के आधार पर अलग-अलग समय लगता है। उनके द्वारा बनाई गई सारी मूर्तियां बिक जाती हैं।

## फायरलैस कुकिंग कंपटीशन का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड स्थित ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटमू में फायरलैस कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा द्वितीय से लेकर कक्षा पांचवी तक के छात्र छात्राओं ने बिना चाकू और गैस का इस्तेमाल किए उपलब्ध संसाधनों की सहायता से कार्य क्षमता का परिचय देते हुए विभिन्न तरह के खाद्य पदार्थों का निर्माण किया। जिसमें कक्षा द्वितीय के हिमांशु खेरवार, तृषा पासवान, कक्षा तृतीय तृषा तिर्की, रानी उरांव, समीक्षा बाड़ा, प्रज्ञा कुमारी, दृष्टि भगत, कक्षा कक्षा चतुर्थ से साक्षी कुमारी, अनुष्का कुमार, कृति उरांव, समीर किरण उरांव ने भाग लिया। जिसमें बच्चों ने चॉकलेट, सेंडविच ,फ्रूट केक, चॉकलेट केक, बिस्किट केक, फ्रूट सलाद और अन्य पकवान बनाया। इस प्रतियोगिता में तृषा पासवान प्रथम, कृति उरांव एवं सोनाली उरांव द्वितीय और अनीश उरांव, साक्षी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिका सुमन गुप्ता, अनिमा कुमारी, किरण ज्योति लकड़ा, पूजा मिंज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित : परमेश्वर महली


उद्घाटन करते मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड अंतर्गत उदरंगी पंचायत में मनरेगा से संचालित योजना का मुखिया परमेश्वर महली ने मंगलवार को निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने उदरंगी में पूर्ण हो चुके देवचन उरांव के गाय शेड का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही उदरंगी पंचायत के अंबेरा, उदरंगी, बैमारी में मनरेगा से संचालित सिंचाई कूप, बिरसा मुंडा आम बागवानी योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। योजना निरीक्षण के दौरान सिंचाई कूप लाभुक एतवा उरांव से मुलाकात कर समय से मजदूरी भुगतान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पंचायत के सर्वांगीण विकास में किसी भी तरह से लापरवाही नहीं बरता जाएगा। इस दौरान उदरंगी के ग्रामीणों ने पंचायत में उत्पन्न पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान करने की बात कही है।

मुखिया ने हर-हाल में ग्राम सभा के माध्यम से योजना की स्वीकृति कराने के पश्चात समस्या का समाधान कराने की बात कही है। साथ ही उन्होंने कहा उदरंगी पंचायत में 32 गाय, बकरी शेड का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 25 शेड निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस योजना से जो भी किसान अबतक वंचित है। उन्हें भी इस योजना का लाभ इस वितीय वर्ष में दिया जाएगा।

## कभी दक्षिणी कोयल नदी दर्जनों गांव के लिए हुआ करती थी जीवन दायिनी, आज वही नदी खुद मृत्यु के कगार पर

# जल्द नहीं उठाया गया कदम तो कोयल नदी का अस्तित्व बचाना होगा मुश्किल,कृषि पर पड़ेगा प्रतिकूल असर

मृत्युंजय कुमार तिवारी

**कैरो।** लोहरदगा जिला के कैरो प्रखंड अंतर्गत कुल छः पंचायत में करीब 30 से 35 हजार की जनसंख्या है जिसमें 99 प्रतिशत लोगों का जीवन का आधार कृषि अथवा कृषि से जुड़ी व्यवसाय है। उसमें मुख्य फसल के रुप में धान, गेहूं के अलावे सब्जी की फसल उगाई जाती है। इसमें सढ़ाबे व हनहट पंचायत पटवन के लिए पूरी तरह से दक्षिणि कोयल नदी पर निर्भर हुआ करती है। दक्षिणि कोयल नदी जहाँ एक तरफ क्षेत्र को खुद एक पहचान देती है, वहीं दूसरी ओर किसानों और उन किसानों के पूरे परिवार का जीवन का आधार है, साथ ही जो ग्रामीण व किसान का सहयोगी के रूप में मवेशी के लिए भी पीने का पानी इसी नदी से हुआ करता है। किन्तु पिछले कुछ वर्षों में कोयल नदी का इस तरह से दोहन किया गया कि, न तो इसपर पानी नजर आता है न ही इसका लाभ उठाने वाले किसान, इतना ही नही नदी में पानी के नहीं होने के कारण किसानों के घरों में अब मवेसी भी नजर नहीं आने लगा है। सरकार द्वारा विकास के नाम पर सड़क का निर्माण हो अथवा नहर का जीर्णोद्धार, यहां तक कि राष्टीय राजमार्ग तक हर काम में बालू के उपयोग के कारण इसकी सजा कोयल नदी और उस क्षेत्र में अपनी जीविका चलाने वाले किसानों को झेलना पड़ रहा है, इतना ही नही कोयल नदी का बालू बड़े बड़े बड़े कामों में क्षेत्र से दूर जाने के कारण जहाँ एक तरफ किसान इसकी सजा काट रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उस क्षेत्र में रहने वाले और पीएम आवास सहित अन्य योजना के लाभार्थी को या तो बालू मिल नहीं रहा है और अगर घटिया किस्म की बालू मिलने की उम्मीद भी रहती है तो उसका भुगतान कई गुना रूप में करना पड़ता है। क्षेत्र के किसान बताते हैं की जब कोयल नदी से में प्रचुर मात्रा में बालू हुआ करता था तो वर्षो भर जलस्तर इतना हुआ करता था कि तात्कालिक बिहार और उत्तरी छोटानागपुर क्षेत्र में खरता, सढ़ाबे, हनहट, हुदु के क्षेत्र में गेहूं का उत्पादन जितना हुआ करता था उतना उत्पादन पंजाब जैसे राज्यों में भी नही था। इतना ही नही कोयल नदी के उत्खनन के बाद जहां बालू, पानी की कमी, जलस्तर नीचे गया वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों का पलायन स्तर भी बढ़ गया है, जिस कारण सरकार की कोष को भी नुकसान के साथ साथ कई महत्वपूर्ण योजना जैसे मनरेगा जैसी योजनाओं पर भी इसका असर पड़ना लाजमी है। इतना ही नही दक्षिणि कोयल नदी में बनी कई गांव, पंचायत और सड़क को रेलमार्ग को जोड़ने वाली खरता-हनहट पुल भी अपनी अंतिम सांसे गिन रही है, अगर यह पुल टूट जाता है तो हजारों किसान, छात्र-छात्रा, मरीज व राहगीर वर्षो पीछे चले जायेंगे। अब सवाल ये उठता है कि आखिर आम जनता और किसानों की हित की बात करने वाली सरकार, पदाधिकारी, प्रसासन, जनप्रतिनिधियों के अलावे पंचायती राज की गठन और उसके जनप्रतिनिधियों के रहते आखिर यह खेला हो कैसे रहा है, क्या इतनी गंभीर विषय और जनता से जुड़ी जनोपयोगी विषय को लेकर कोई गंभीर नहीं है? या आम जनता और किसानों के साथ साथ नदियों, पहाड़ों और जमीन से किसी का कोई मतलब नहीं रह गया? नदियों को बचाने के लिए प्रतिनिधि, अधिकारी और प्रसासन भी मूकदर्शक क्यों? आखिर इन सबके पीछे कारण क्या है जो सबके सामने नदियों का दोहन हो रहा है किसान परेशान हैं जलस्तर नीचे जा रहा है, किसान कृषि कार्य छोड़ दूसरे राज्य जाने को विवश हैं, मवेसी के लिए पीने योग्य पानी की किल्लत है इसके बाद भी किसी के द्वारा कोई ठोस कदम कब उठेगा।


सुखी नदी


बालू माफिया के चक्कर में उजड़ता कोयल नदी का सौंदर्य

## एक नजर में

### मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन छात्रों की शत प्रतिशत रही उपस्थिति

**भंडरा।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा दसवीं की परीक्षा दूसरे दिन कदाचार मुक्त, सीसीटीवी कैमरा के निगाह में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ सुधांशु कुमार ने बताया कि परीक्षा के दूसरे दिन आज वाणिज्य विषय की परीक्षा हुई। जिसमें 73 छात्रों ने परीक्षा लिखा ।छात्रों की उपस्थिति शत प्रतिशत हुई .इस क्रम में परीक्षा भवन का निरीक्षण जिला दंडाधिकारी डीएसओ के द्वारा किया गया। परीक्षा में कदाचार रोकने के लिए छात्रों को अपना सभी सामान परीक्षा कक्ष से बाहर रखने का निर्देश दिया गया. इसके साथ ही छात्रों को एक-एक कर नियम पूर्वक जांच करते हुए परीक्षा हाल में बैठने के लिए भेजा गया।

### मैट्रिक में 03 और इंटर की परीक्षा में 34 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**लोहरदगा।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 अंतर्गत बुधवार को वाणिज्य एवं गृह विज्ञान विषय की परीक्षा प्रथम पाली में पूर्वाहन 9.45 बजे से अपराह्न 1 बजे तक जिला के 08 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 485 परीक्षार्थी उपस्थित और 03 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजित की गई। इधर इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 अंतर्गत बुधवार को कला संकाय के परीक्षार्थियों के लिए हिंदी 'ए', हिंदी 'बी' + मातृभाषा एवं अंग्रेजी'ए' विषय की परीक्षा द्वितीय पाली में अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक जिला के 09 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 3903 परीक्षार्थी उपस्थित और 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण आयोजित की गई।

### विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल के बच्चों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

**घाघरा।** विवेकानन्द ज्ञान भारती स्कूल घाघरा के द्वारा पतागाई गांव में बच्चों को बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया। इस क्रम में गांव के परिवेश, गांव का रहन-सहन ,खेत, खलियान व अन्य चीजों को दिखाया। विद्यालय के निदेशक भवानी प्रसाद राय ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान देना है ताकि गांव के परिवेश, रहन-सहन, जीव,जंतु उनके उपयोग उसके रखरखाव, संरक्षण सहित कई चीजों को बारीकी से बच्चे समझ पाये। मनुष्य जीवन में कई चीजों का होना अत्यंत जरूरी है जो सिर्फ किताबों में पढ़ने से नहीं मिल पाएगा। इसके लिए उन्हें प्रैक्टिकल ज्ञान देना भी जरूरी है। मौके पर शिक्षक तरुण कुमार वर्मा सहित कई शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्र उपस्थित थे

### माउण्ट ऑलिब इंग्लिश मीडियम स्कूल के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**सिसई।** माउण्ट ऑलिब इंग्लिश मीडियम स्कूल पिलखी मोड़ सिसई में अध्ययनरत दशम कक्षा के छात्र छात्राओ को बुधवार को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। जहां सभी छात्रो को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही सम्मान से विदाई दिया गया। इस समारोह में स्कूल के प्रधानाध्यापक अनिल किण्डो ने सभी छात्रो का उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए उन्हे शुभकमना दिया। उन्होंने कहा कि विदाई वाले छात्रो ने जिस प्रकार से इस विधालय का नाम रौशन किया हैं कामना करते हैं कि आगे भी अपने भविष्य को हर जगह रौशन करेंगे। कार्यक्रम मे उपस्थित प्रधानापिका सोसन लकडा,इनजोरा किण्डो, सुधीर किण्डो, चार्ल्स मिंज, संतोष तिवारी, भरत प्रसाद, सुशिल कुजूर, अमित कुमार, सुदर्शन सिंह,अकास लाल, असुनता मिंज, सुनिता लाकडा व आवंति कुमारी इत्यादि शामिल थे।

### जमीन का दस्तावेज हुआ गुम

**गुमला।** गुमला थाना में पवन कुमार गुप्ता ने जमीन का दस्तावेज गुम होने की लिखित शिकायत की है। पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि वह गुमला में जमीन खरीदा था। जिसका खाता नंबर 01 और प्लॉट नंबर 853 है मौजा गुमला है। उसका दस्तावेज गुमला कचहरी से जाने के क्रम में गुम हो गया है। उन्होंने थाना प्रभारी से इस संबंध में कहा कि वे दस्तावेज उपलब्ध कराने में मदद करें।

### निशुल्क मधुमेह जांच शिविर 11 को

**गुमला।** मधुमेह रोगियों के लिए आगामी 11 फरवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक न्यू मिश्रा मेडिकल हॉल पालकोट रोड़ गुमला में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश कुमार मरीजों की निःशुल्क जांच कर परामर्श देंगे। यह जानकारी देते हुए मेडिकल हॉल के संचालक चितरंजन मिश्र ने बताया कि मरीज उनसे संपर्क कर निबंधन करा सकते हैं।

### सड़क सुरक्षा को लेकर डीटीओ के नेतृत्व में निकाला गया जागरूकता रैली

**गुमला।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के 24 वें दिन बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप के नेतृत्व में पथ निर्माण विभाग व सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर डीटीओ श्री गोप ने कहा कि सड़क दुर्घटना में जान गंवाने से बेहतर है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। जब आप घर से बाहर निकलते हैं तो घरवाले आपके सुरक्षित लौटने का इंतजार कर रहे होते हैं। जीवन बहुमूल्य है इसे लापरवाही में नहीं गवाएं। रैली पथ निर्माण विभाग से आरंभ होकर टावर चौक होते हुए गुमला थाना चौक से उपायुक्त कार्यालय से सदर हॉस्पिटल से पुनः पथ निर्माण विभाग कार्यलय में जाकर समाप्त हुई। साथ ही सड़क सुरक्षा सबंधित पैंपलेट बांटकर जागरूकता अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा माह के तहत लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए 14 फरवरी 2024 तक पूरे माह कई जागरूकता कार्यक्रम व कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुख्यालय के विभिन्न परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**चैनपुर।** चैनपुर बीडीओ यादव बैठा ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में बने मैट्रिक एवं इंटर के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किये। वे बारवे हाई स्कूल,संत अन्ना हाई स्कूल एवं लुथरन हाई स्कूल का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं उपस्थित सभी केन्द्रों के प्रभारियों को कदाचार मुक्त परीक्षा सफल बनाने का निर्देश दिया।बीडीओ के द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा , शौचालय,एवं पेयजल इत्यादि का निरीक्षण कर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। वहीं एक्जाम दे रहे सभी विद्यार्थियों को कदाचार मुक्त परीक्षा देने की अपील की और साथ ही साथ सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए कामना किया।

### शिक्षकों का सम्मान करना कभी नहीं भूलना चाहिए: बीईईओ

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के वर्तमान शिक्षकों के द्वारा सेवानिवृत प्रारंभिक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 15 सितंबर 2011 से लेकर 31 जनवरी 2024 तक के सभी सेवानिवृत शिक्षको को सम्मान दिया गया। जिसमे कुल 96 शिक्षक-शिक्षिका शामिल है। सभी सेवानिवृत शिक्षक-शिक्षिकाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रायडीह प्रखंड की बीईईओ शांति मुनि तिर्की ने कहा कि इस आयोजन से यह प्रतीत होता है कि हम अपने शिक्षकों का सम्मान करना कभी नहीं भूलेंगे। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम होते रहेंगे। इस सम्मान समारोह में सभी शिक्षको ने सेवानिवृत शिक्षको का सम्मान किया। बच्चो के द्वारा सम्मान समारोह में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## स्पीड न्यूज

### गरीब असहाय लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण



टंडवा (चतरा)। बिधवार को आम्रपाली कोल परियोजना का 10 वें स्थापना दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार मन्वाटोंगरी में वृद्धों एवं असहायों को 100 कम्बल का वितरण किया गया। यह कम्बल वितरण सुमित कुमार सिन्हा, खान प्रबंधक आम्रपाली परियोजना के द्वारा किया गया कइस मौके पर मन्वाटोंगरी के बैजनाथ राम सोनू भुईया, राजबली भुईया, कौलेश्वर राम, प्रमोद राम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थें।

### बीपीओ पर लगाया गया आरोप निराधारः मुखिया संघ

सिमरिया (चतरा)। प्रखंड मुखिया संघ ने बन्हे पंचायत के मुखिया सुधीर कुमार सिंह द्वारा बीपीओ राजेश पासवान पर लगाए गए आरोप को निराधार और दुर्भावना से प्रेरित बताया है। इस बाबत मुखिया संघ के अध्यक्ष बिनोद महतो ने अनुमंडल पदाधिकारी को एक आवेदन सौंपा है। आवेदन में कहा गया है कि बन्हे मुखिया निजी स्वार्थ और पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर बीपीओ को बदनाम करने की साज़िश रच रहे हैं। बीपीओ अपने कार्य का निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं। उनके कार्य से प्रखंड के मुखिया गण संतुष्ट हैं और उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि बन्हे पंचायत के मुखिया के इस अनर्गल आरोप से मनरेगा का कार्य बाधित हो सकता है। उन्होंने बताया कि इस बाबत एक पत्र उप विकास आयुक्त चतरा को भी समर्पित किया गया है जिसमें संघ के बारह मुखिया के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

### लोकसभा चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था रखें चाक चौबंद : एसपी



कोडरमा। लोक सभा चुनाव को लेकर जिले में विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने और चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने को लेकर एसपी अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष सतर्कता बरतें, असामाजिक तत्वों और अपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों पर कड़ी नजर रखें, सूचना तंत्र को मजबूत करें, अपने-अपने थाना क्षेत्रों में विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखें, नियमित रूप से गश्ती करें। मौके पर एसडीपीओ जितवाहन उरांव, डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह के अलावे सभी थाना के थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

### मैट्रिक परीक्षा दूसरे दिन शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर में मैट्रिक परीक्षा 2024 के दूसरे दिन बुावार को शांतिपूर्ण तथा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा वाणिज्य विषय में कुल 52 छात्र छात्राओं को सम्मलित होना था, जिसमें में 52 परिक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के प्राानायापक सह केंद्राीक्षक न्यूटन कुमार, दंडाकािरी जहेंद्र भगत, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सहायक केंद्राीक्षक अनिल कुमार, परीक्षा नियंत्रक बसंत कुमार, शिक्षक विजय कुमार यादव, वीक्षक ब्रिज बिहारी यादव, राजेश राम, रवि कुमार, ज्योति कुमारी, अंजु भारती, बसंती कुमारी, राजेंद्र दास, प्रकाश कोटवार, जुबैर आलम, रंजीत राणा समेत विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे।

### साइंस ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 6 बच्चों को मिला गोल्ड मेडल



कोडरमा। एसओएफ द्वारा आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 6 बच्चों को गोल्ड मेडल मिले हैं। इस बारे में विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि साइंस ओलंपियाड में जूही झा, कृष कुमार यादव, आभास जेठवा, आलोक कुमार सिंह और अनीश कुमार को गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट मिला है। जबकि अनन्या सिन्हा को इंग्लिश ओलिंपियाड में गोल्ड मेडल की प्राप्ति हुई है। बच्चों ने ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी शिक्षक किशोर कुणाल की देखरेख में की थी। बुावार को सभी बच्चों को स्कूल के असेंबली में सम्मानित किया गया। वहीं प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि इस स्कूल के बच्चे हर प्रकार की परीक्षा में सफलता का परचम लहरा रहे हैं। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार ने स्कूल असेंबली में बच्चों को मेडल पहनाकर और सर्टिफिकेट देर उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, हंसपाल कुमार, संजय कुमार, जेपी सिंह, संजय तिवारी, रमेश कुंज, शंकर कुमार, आशुतोष गौतम, अनमोल रतन, विक्रम कुमार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, रजनीबाला, राकेश पांडेय, कुंदन राणा, शंकर कुमार, विशाल आनंद, अभिलाषा सिंह, रंजीत सिंह, सुनील पाठक, चंदन पांडेय, फैयाज कैशर, समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

डोमचांच प्रखंड में लगातार दो बड़े पुलों का मिला सौगात

# जनहित में मेरा योगदान लगातार जारी रहेगा : डॉ.नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच प्रखंड के पारहो पंचायत के ग्राम पुतो में पुतो नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास कोडरमा विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव के द्वारा संपन्न किया गया। वहीं विधायक ने विधि विधान से एवं नारियल फोड़कर एवं फीता काट कर शिलान्यास किया। बताते चलें कि विधायक द्वारा लगातार दूसरे बड़े पुल का सौगात डोमचांच प्रखण्ड को दिया गया। इसके लिए स्थानियों ने विधायक के प्रति आभार जताया है। वहीं विधायक ने बताया कि आवश्यकता अनुसार जनहित में मेरा योगदान लगातार जारी रहेगा और आगे भी कई पुल जनहित में दिए जायेंगे। उन्होंने बताया इस पुल के बनने से कई गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसकी मांग स्थानीय लोगों के द्वारा मांगी गई थी, जिसका सपना अब पूरा होना है। मौके पर परमेश्वर यादव, मुकेश कुमार, महेंद्र यादव, दिनेश यादव, शांति प्रिया, कुलदीप राम, कंचन सिंह, त्रिपुरारी सिंह, शिशिर कुमार सिंह, प्रकाश ठाकुर, निक्कू सिंह, लाली सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, कैलाश यादव, त्रिवेणी यादव, मथुरा पंडित, रमेश यादव, छात्रधारी सिंह, सुरेश यादव, सुनील भारती, महेश वर्मा समेत दर्जनों स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

जिले के मुखियाओं और बीएलओ के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त ने कहा

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान बहुत जरूरी है, मतदाताओं को करें जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। राजकीय पॉलिटेक्निक स्थित ऑडिटोरियम में स्वीप कोषांग के तहत जिले के मुखियाओं और बीएलओ के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अयक्षता में किया गया। कार्यक्रम में शामिल पंचायतों के मुखियाओं और बीएलओ को सम्बोाित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सभी मतदाताओं को मतााकिार का अाकिार है, ऐसे में आपलोग अपने अपने क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं, लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें, इसके लिए बूथ अवेरनेस ग्रुप का गठन करें, डीसी ने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची में यदि अभी भी मृत व्यक्तियों के नाम है तो आवश्यक जांच कर अविलंब हटाएं, छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने, स्थल परिवर्तन करने प्रवासी मतदाताओं की मैपिंग आदि करने का निर्देश दिया, विगत चुनावों में कम मतदान प्रतिशत और जिन मतदान केंद्रों में कम मतदान हुआ हो ऐसे केंद्रों की पहचान करते हुए कम मतदान के कारणों का भी पहचान कर प्रतिवेदन उपलब कराएं। डीसी ने कहा कि गांवों में चुनाव पाठशाला, रात्रि चौपाल के मायम से मतदाता जागरूकता, पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली आदि प्रतियोगिता का आयोजन कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें।

साथ ही वाल पेंटिंग, स्लोगन लेखन आदि के मायम से भी लोगों को जागरूक करना का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाया। मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, डएसडब्लूओ शिप्रा सिंहा आदि मौजूद थे।

### सीआरपीएफ जवान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

चतरा। जिला मुख्यालय स्थित सीआरपीएफ 190वीं बटालियन के एक जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यह घटना मंगलवार देर रात की। लेकिन घटना की जानकारी बुधवार सुबह हुई। मृतक जवान की पहचान मध्यप्रदेश के नरसिंगपुर जिला अंतर्गत लोहड़ी गांव निवासी कैलाश चंद मेहरा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही बैरक के अन्य जवान उसे तुरंत फंदे से उतारा, जहां सीआरपीएफ के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कमांडेंट रामभरोस कुमार बैरक पहुंच कर मामले की जांच की। शव के पोस्टमार्टम को लेकर सदर अस्पताल भेज दिया, जहां मजिस्ट्रेट अंचलाधिकारी की उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम हुआ। इसका वीडियोग्राफी भी कराया गया। इसके बाद शव को पुलिस लाइन ले जाया गया, जहां वरीय पुलिस पदाधिकारियों एवं सीआरपीएफ के अधिकारियों ने पूरे सम्मान के साथ सलामी दी। उसके बाद शव को उसके पैतृक घर भेज दिया गया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सीआरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि जवान ने सुबह का नाश्ता किया।

### 8 से 15 फरवरी तक चलेगा चतरा प्रेस क्लब का सदस्यता अभियान

चतरा। चतरा जिले में प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर बुधवार को जिला जनसूचना संपर्क कार्यालय परिसर में पत्रकारों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार ठाकुर धीरेंद्र ने की। बैठक में चतरा प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर बनाए गए बायोलॉज में आवश्यक संशोधन करते हुए चुनाव की रूपरेखा तैयार की गई। इसके लिए सर्वसम्मति से 8 से 15 फरवरी के बीच सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। सदस्यता अभियान के लिए बनाए गए तदर्थ कमेटी के सदस्य जिला जन सूचना संपर्क कार्यालय में कार्यालय अवधि के दौरान सुबह 11:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक उपस्थित रहकर जिला मुख्यालय व प्रखंड मुख्यालय से आने वाले पत्रकारों को सदस्य बनने के लिए सदस्यता प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे। सर्वसम्मति से सदस्यता प्रपत्र के लिए 500 शुल्क निर्धारित किया गया। इसके बाद बैठक में सदस्यता समीक्षा समिति का गठन किया गया। इस कमेटी में नौशाद आलम, जुलकर नैन, ठाकुर धीरेंद्र, सूर्यकांत कमल, सुनील कश्यप, जितेंद्र तिवारी व चंद्रेश शर्मा को शामिल किया गया। सदस्यता समीक्षा समिति सदस्य बनने के लिए प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी करेगी।

## पूर्व अध्यक्ष अमर बाऊरी ने पगड़ी पहनाकर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा दायित्व

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने संगठन के दायित्व और अनुसूचित जाति मोर्चा के कर्तव्यों से कराया रूबरू



खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास का भाजपा प्रदेश कार्यालय में भव्य और अद्भुत स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी ने पगड़ी बांधकर नवनियुक्त अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास का उनके पद का दायित्व सौंपा है।इस मौके पर उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा का विशाल जन समूह झारखंड प्रदेश में है और सभी एक जुट होकर पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें।उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि झारखंड प्रदेश में अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के हितों की रक्षा हर संभव किया जाएगा।उन्होंने बताया कि झारखंड प्रदेश में सामाजिक आर्थिक और प्रशासनिक किसी भी तरह के अत्याचार जुल्म होगा तो अनुसूचित जाति मोर्चा एक परिवार की भांति उन पीड़ित परिवारों के लिए एकजुट होकर उनको न्याय दिलाएगी।अपने कार्यकाल का उदाहरण देते हुए बताया कि चाहे वह भूख से मौत का मामला हो या प्रशासनिक जुल्म की वारदात हो हर समय भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा उन परिवारों के लिए सदैव खड़ा रहता है।नवनियुक्त भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने प्रदेश कार्यालय में पार्टी कार्यकताओं को बताया कि झारखंड में तकरीबन 50 लाख आबादी अनुसूचित जाति की है। झारखंड प्रदेश में अनुसूचित जाति की 22 जातियां हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह दायित्व मुझ पर सौंपा गया है और यह मेरी पूरी जिम्मेवारी है कि सभी 50 लाख परिवार के लिए हमेशा उनकी सेवा में उपलब्ध रहूंगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने बताया कि अनुसूचित जाति मोर्चा का देश में समृद्ध सांस्कृतिक एवं सामाजिक इतिहास रहा है ।चाहे महाभारत की रचनाकार महर्षि वेदव्यास, रामायण की रचना महर्षि वाल्मीकि और देश के संविधान के रचयिता भी भीमराव बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर ने की है। इस प्रकार देखें तो संविधान के रचयिता, रामायण के रचयिता और महाभारत के रचयिता भी अनुसूचित जाति से आते हैं और यह हमारे समृद्ध सांस्कृतिक, सामाजिक और राजनीतिक झलक को दिखलाता है।इसलिए उन्होंने अनुसूचित जाति के सभी लोगों से कहा कि समाज के लिए संघर्ष करना और न्याय के लिए तत्पर रहना हम सब की जिम्मेवारी हैं। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति के लिए विशेष ध्यान रख रही हैं।

## नगर परिषद ट्रेड लाइसेंस एवं निर्माण को लेकर सीलिंग अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता




झुमरीतिलैया (कोडरमा)। नगर परिषद ट्रेड लाइसेंस एवं निर्माण को लेकर बाजार में सीलिंग अभियान चलाया। इस दौरान डाक्टर गली, जैन गली और रजगढ़िया रोड में दुकानों को सील किया गया। वहीं प्रशासक हर्षवर्धन के आदेशानुसार नगर प्रबंधक डा. अरविंद मोदी एवं टीम द्वारा सीलिंगकीकार्रवाईकीगई। विदित हो कि नगर परिषद झुमरीतिलैया के द्वारा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत लगातार व्यावसायिक ट्रेड लाइसेंस लेने को लेकर प्रचार प्रसार एवं नोटिस निर्गत किया जा रहा है, जिसके बावजूद भी ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने पर बुधवार को कार्रवाई की गई। डॉ. मोदी ने बताया कि इन सभी दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस लेने के लिए नोटिस भेजा गया था। इसके बाद भी दुकान संचालकों नेट्रेडलाइसेंसनहींबनवाया।वहीं भवन निर्माण व नक्शा से संबंधित नगर परिषद द्वारा जैन गली में अवस्थित भवन मालिक मोहिनी खाटूवाला व सुनील खाटूवाला को नोटिस भेजा गया था, मगर उनके द्वारा भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। आखिरकार भवन परिसर को भी सील किया। उन्हें पहले ही बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से निर्माण करने पर नोटिस जारी किया गया था, इसके बाद भी वे न नगर परिषद कार्यालय आए और न जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत किया। इसी भवन में अवैध रूप से संचालित शिवानी लेडीज गारमेंट को भी सील किया गया। इस दौरान शिवानी लेडीज गारमेंट की संचालिका ने विरोध जताया। पास में ही स्थित बांबे फैशन दुकान को सील किया जो अंडरग्राउंड में है। वहीं डाक्टर गली में प्रीत कलेक्शन को सील किया गया। इसके बाद रजगढ़िया रोड में अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील किया गया। इसदौरान संचालक द्वारा एक सप्ताह में ट्रेड लाइसेंस लेने का लिखित सहमति देने पर चिकित्सकीय जरूरतों को देखते हुए उसे खोल दिया गया।

## एक नजर में

### गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा के अड़तीस कार्यकर्ता बुथ पर करेंगे प्रवास



खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत बुधवार को भारतीय जनता पार्टी गिद्धौर मंडल की बैठक बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में आगामी गांव चलो अभियान कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न करने का निर्णय लिया गया।इस निमित्त सभी बुथों पर 38 कार्यकर्ता चौबीस घंटे प्रवास करेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में मतदाताओं को बतायेंगे। बैठक में मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लोकसभा चुनाव में अबकी बार चार सौ सीट प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसलिए हम सभी कार्यकताओं को ग्रामीण आबादी के बीच अपनी पैठ को और मजबूत करने की आवश्यकता है। इसे लेकर हम सभी निष्ठा पूर्वक इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में मुख्य रूप से अशोक गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लखन दांगी, उपाध्यक्ष कविता देवी, युवा मंडल अध्यक्ष बब्लू कुमार साव, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्रसादी पासवान, पूर्व मुखिया महेंद्र राम, जगदीश दांगी, चमारी दांगी, शिवकुमार दांगी, राजेश सिंह, शीला देवी, संजय यादव, अमिर दांगी, दशरथ दांगी, इंद्रजीत दांगी, लालधारी यादव, रामेश्वर सिंह, सुरेश दांगी, जानकी यादव, ब्रह्मदेव यादव, नीतीश कुमार, दामोदर दांगी, प्रकाश पांडेय, जागेश्वर दांगी, रोहित कुमार समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### चट्टीबरियातू कोल माइंस का कोयला ढुलाई सिमरिया रास्ते से रहेगी बन्दः प्रमुख रोहन साव



खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। प्रखण्ड प्रमुख रोहन साहू ने चट्टीबरियातू कोल माइंस का कोयला ढुलाई का कार्य सिमरिया रास्ते बंद करने के लिए सख्त चेतावनी दिया है। प्रमुख ने पत्रकारों को बताया कि जब हजारीबाग जिला के केरेडारी में यह कोल माइंस संचालित है और बड़कागांव केरेडारी रास्ते जाने में हजारीबाग प्रशासन और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से कोयला ढुलाई बन्द किया है। चुकी कोयला वाहनों के चपेट में आने से कितने महिला विधवा और कितने महिला पुत्रविहीन हो चुके हैं। तो हम चतरा जिला वासी सिमरिया रास्ते चट्टी बरियातू कोल माइंस का कोयला ढुलाई हरगिज नहीं होने देंगे। चुकी धूल गर्दा मौत हमारी और माल तुम्हारी यह कोल कम्पनी का साजिस नहीं चलेगी। आगे कहा है कि चट्टी बरियातू का कोयला खुद कम्पनी अपने सुविधा अनुशार अपना सड़क बना लें। चुकी यह सड़क भारी माल ढुलाई के लिए नहीं है। हमारे क्षेत्र के बच्चे बच्चियों को शिक्षा के लिए हमेशा आना जाना लगा रहता है। कभी भी हमारे क्षेत्र वासियों के साथ उक्त कोल वाहनों से अप्रिय घटना घट सकती है। यदि चट्टी बरियातू कोल परियोजना कोयला ढुलाई का कार्य सिमरिया रास्ते अविलंब बन्द नहीं करती है तो मजबूर होकर उक्त कम्पनी के वाहनों को चक्का जाम कर देगें। वहीं ढुलाई कार्य वाधित कर देंगे। जिसका जिम्मेवार चट्टी बरियातू कोल कम्पनी खुद होगी। साथ हीं प्रमुख ने कहा कि जिला के दिशा के बैठक में जिला प्रशासन और मंत्री तथा सांसद के समक्ष हजारीबाग जिले के कोयला हजारीबाग के सड़क से ले जाने की आवाज उठाई गई थी जिसमें जिला प्रशासन ने इस मामले को लेकर सभी कोल कंपनियों के जीएम के साथ बैठककर मामले के निदान का आश्वासन दिया गया था लेकिन अब तक कुछ नहीं हो पाया।

### ट्रांसजेंडर, उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों के प्रति लोगों को करें जागरूक : उपायुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक स्थित ऑडिटोरियम में ट्रांसजेंडर एवं उभयलिंगी व्यक्तियों के अाकिारों पर दो चरणों में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने किया। कार्यशाला में शामिल स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं को ट्रांसजेंडर और उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इनके अाकिारों के प्रति आमजनों को जागरूक करें। डीसी ने कहा कि सामान्य लोगों की तरह ट्रांसजेंडर, उभयलिंगी व्यक्तियों को भी संविधान के द्वारा मौलिक अधिकार प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि इन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें। लोगों को इनके अधिकारों के प्रति जागरूक करें। कार्यशाला को डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ रिया सिंह, डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा आदि ने भी सम्बोधित किया। मौके पर डीईओ नयन कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नीली सरोज कुजूर, डीपीआरओ शिवनन्दन बड़ाइक आदि मौजूद थे।

### नगर प्रशासक की वादा खिलाफी के विरोध में टेम्पु चालकों ने किया प्रदर्शन

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। नगर प्रशासक के वादा खिलाफी के विरोध में झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन अंतर्गत टेंपू चालक संघ ने बुधवार को नगर पर्षद कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन कर नगर प्रशासक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद नगर प्रशासक ने 12 फरवरी तक यूनियन के सभी मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया। यूनियन ने चेतावनी दिया कि अगर निर्धारित समय के अंदर मांगें पूरी नहीं होगा तो उग्र आंदोलन के लिए बाय होगें। प्रदर्शन में मनमानी टैक्स वसूली बंद करो, टैम्पो स्टैंड की व्यवस्था करो, टैम्पो चालकों के साथ दुर्व्यवहार बंद करो आदि नारे लगाए जा रहे थे।

स्पीड न्यूज

## शंभू राम नें नये बीडीओ सीओ संतोष कुमार बैठा को दिया प्रभार



संतोष कुमार बैठा।

**गारू।** गारू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शम्भू राम नें महुआडांड़ सीओ संतोष कुमार बैठा को बीडीओ सह सीओ का प्रभार दिया। शम्भू राम नें गारू प्रखंड क्षेत्र के लोगों, कर्मियों तथा जनप्रतिनिधियों के व्यवहार को नये पदाधिकारी के साथ चर्चा किए। नये सीओ सह बीडीओ संतोष कुमार बैठा नें पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि सभी की सहभागिता से प्रखंडवासियों की उम्मीद पर खरा उतरने का काम करेंगे। बताते चलें कि उन्होंने पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रखंड कर्मी तथा अंचल कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों का परिचय बारी-बारी से लिए। उन्होंने सभी को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया।

## भाजपा की तैयारी पूरे जोर शोर से शुरू

**चंदवा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी पूरे जोर शोर से शुरू हो गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को स्थानीय होटल हाईवे हिल में भाजपा झारखंड के तीन लोकसभा चुनाव क्षेत्र चतरा हजारीबाग और पलामू को ले कर बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में तीनों जिला के जिला अध्यक्ष इन तीनों जिला के विस्तारक के अलावे प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं अन्य नेता इस बैठक में भाग लेंगे। बैठक के पश्चात चंदवा प्रखंड के रामपुर ग्राम में सैलबर टोला में संगठन के लोग गांव चले अभियान के तहत लोगो के साथ बैठक करेंगे। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने दी है।

## ट्रैक्टर के ट्रॉली के नीचे दबकर महिला का पैर कटा रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के भाटचतरा ग्राम में बुधवार को ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दब जाने से एक महिला का बायां पैर कट गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शीला देवी 55 वर्ष पिता बालू यादव ग्राम भाटचतरा थाना बरियातू निवासी अपने घर के पास ट्रैक्टर के नीचे बैठकर कुछ काम कर रही थी। इसी दौरान किसी ने ट्रैक्टर को आगे बढ़ा दिया। और ट्रैक्टर ट्रॉली खुलकर महिला के ऊपर आ गिरा। जिससे महिला का बायां पैर कट गया और महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों के द्वारा महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## दो मोटरसाइकिल में आमने-सामने की टक्कर में एक की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ एनएच 22 पर बुधवार को दो मोटरसाइकिल की हुई आमने-सामने टक्कर में एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बंसी राम 45 वर्ष पिता केवल राम बैलगाडा थाना सिमरिया जिला चतरा निवासी लातेहार में रहकर वकील का मुंशी का काम करता है। वह लातेहार से वापस अपने घर बैलगाडा मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर बरछिया ग्राम के पास एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल सवार से टक्कर हो गई। जिसमें बंसी राम गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल बंसी राम को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर धुर्व कुमार के द्वारा जांचोंउपरांत उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं दूसरे बाइक सवार को बरियातू पुलिस ने पकड़ लिया है।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पोषण युक्त एवं स्वच्छ एमडीएम मुहैया कराना सरकार का उद्देश्य: बीइइओ

# प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

- मवि डुमारो की रसोईया को मिला प्रथम स्थान, घोड़ियालांगड को द्वितीय व मवि चंदवा रही तीसरे स्थान पर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के मध्य विद्यालय चंदवा प्रशाल कक्ष मे बुधवार को राज्य शिक्षा परियोजना के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुकिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयश्री तुरी ने किया। कुकिंग प्रतियोगिता में विभिन्न संकुल क्षेत्र से कुल 14 विद्यालयों की रसाईयों ने भाग लिया। जिसमे मवि डुमारो की रसोईया को प्रथम, घोड़ियालांगड को द्वितीय व मवि चंदवा की रसोईया को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें बीईईओ जयश्री तुरी ने सम्मानित किया साथ विभाग की ओर से प्रथम स्थान पर आने वाली रसोईया को 2 हजार व द्वितीय स्थान पर रही रसोईया को एक हजार रुपये का पुरस्कार उनके खाते में भेजी जाएगी। उपस्थित रसोईया को संबोधित करते हुए बीइइओ जयश्री तुरी ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ पोषण युक्त खाना उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। पोषण युक्त भोजन करने से बच्चों में मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। इसलिए विद्यालय प्रबंधन बच्चो को पोषण युक्त खाना दें। इन्होंने रसोईया को बच्चों को मिलने वाले एमडीएम में साफ सफाई पर ध्यान देना देने की बात कही। खाना खाने के पूर्व बच्चों को हाथ घोने के लिए प्रेरित कर नित दिनचर्या में शामिल करने पर जोर देने की बात कही। मौके पर एनीमिया जिला प्रभारी, स्वास्थ्य विभाग के विकास रंजन, संकुल साधन सेवी विकाश कुमार, शिक्षिका राधिका कुमारी, वीणा भगत, सुबोध कुमार चंडेल, बाल संसद के 3 सदस्य समेत शिक्षक-शिक्षकायें व कर्मी मौजूद थे।

एक नजर में

## अनियमितता की भेंट चढ़ रहा है चिरो में पीएमजीएसवाई योजना



निमार्णाधीन पुलिया।

**चंदवा।** देश के गांव भी प्रखंड मुख्यालय व जिला मुख्यालय में जुड़कर विकास की राह में आगे बढ़े इस उद्देश्य से केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा गांवों को शहर से जोड़ने को लेकर सड़के बनाई जा रही है। लेकिन सरकार के इस नेक सोंच को भी ग्रहण लगाने का कार्य संवेदक रह रहे हैं।भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 80 लाख रुपये की लागत से चंदवा प्रखण्ड के एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित चिरो मोड़ से लगभग 3 किमी तक हो रही सड़क निर्माण गुणवत्ता के मामले में सवालों के घेरे में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर जैसे तैसे सड़क बना रहा है। सड़क तो निम्नस्तर की गुणवत्ता का बना ही है, साथ ही चिरो स्कूल के समीप बने पुलिया निर्माण में भी जमकर अनिमितता बरती जा रही है। गुणवत्ता इतनी निम्न स्तर की है कि महज एक लकड़ी से ही ढलाई उखड़ जा रही है। मीडिया में खबर छपने के बाद संवेदक पुलिया पर डस्ट डालकर खानापूर्ति का प्रयास कर रहा है। जिस पर विभाग की कोई निगरानी नही है। बता दें कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य अप्रैल 2023 में ही पूरा होना था, लेकिन अबतक सड़क अधूरा ही बना है। मामले को लेकर पूछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता संतोष उरांव ने बताया कि संवेदक को पुलिया के पुनः ढलाई करने का निर्देश दिया गया है, साथ ही जहां जहां जहां सड़क उखड़ी है उसे ठीक भी करना है।

## बीआरसी में मासिक गुरुगोष्ठी का आयोजन, शिक्षकों को दिए गए कई निर्देश



गुरुगोष्ठी में शामिल शिक्षक और शिक्षिकाएं।

**बरवाडीह।** प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत कन्या मध्य विद्यालय के भवन में बुधवार को बीईईओ नागेंद्र प्रसाद और बीआरपी श्याम मनोहर यादव की उपस्थिति में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में प्रखंड अंतर्गत सभी प्राथमिक, मध्य एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भाग लिया। बैठक में विद्यालय की स्थिति, शिक्षकों की ससमय उपस्थिति, मध्याह्न भोजन योजना जैसे मुख्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों का अनुपालन रिपोर्ट शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं निर्देश दिया गया कि तीन से लेकर आठ तक में अध्ययनरत जिन बच्चों के खाते में पैसा अब तक नहीं गया हैं। वैसे बच्चों का डिटेल्स दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराएं। जिनका खाता नहीं है, उनका विकल्प के रूप में माता-पिता के खाते का विवरण उपलब्ध कराएं तथा छूटे हुए बच्चों का खाता जल्द से जल्द खुलवाने का कार्य करें और वैसे बच्चों को पोशाक खरीद कर वितरण करें। बताया गया कि अब तक 4700 बच्चों के खाते में पैसा चला गया है, जिसमें साइकल के लिए साढ़े चार हजार, पोशाक के लिए छह सौ के अलावा छात्रवृति का पैसा भी शामिल हैं। इसके अलावा नामांकित सभी बच्चो का विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, निरक्षर लोगों की सूची जमा करने आदि कई अन्य दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में शिक्षक कन्हाई राम, पीटर खलको, राजदेव सिंह, सतेंद्र सिंह, उमेश राम, अभिमन्यु सिंह, सुषमा कुमारी, सुफियानी कुजूर, अनत्स्या तिर्की, रामनाथ राम, उमेश सिंह, शिरिल तिग्गा, मनोज झा, संजय लकड़ा, देवेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, परमदेव सिंह, दिनेश्वर सिंह, रामरेखा सिंह, जमादार सिंह, संतोष प्रजापति और अखिलेश्वर प्रजापति समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## प्रतुल शाहदेव ने सीएम से की चंदवा प्रखंड में स्थाई अधिकारियों की नियुक्ति की मांग

- कहा प्रभार में चल रहे अधिकारियों से चंदवा प्रखंड का विकास संभव नहीं
- अविलंब स्थाई अधिकारियों की नियुक्ति हो : प्रतुल शाहदेव



प्रतुल शाहदेव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने ट्वीट कर कहा है कि उनके गृह प्रखंड चंदवा लगातार प्रशासनिक अधिकारियों की कमी से प्रभावित रहा है, ऐसा लगता है कि पूरे राज्य सरकार का चंदवा पर ध्यान ही नहीं है। प्रतुल ने कहा कि वर्तमान में बालूमाथ के बीडीओ चंदवा बीडीओ के प्रभार में, चंदवा के सीओ सीडीपीओ के अतिरिक्त प्रभार में, लातेहार की बीईईओ चंदवा के प्रभार में, वन क्षेत्र पदाधिकारी का पद भी प्रभार में चल रहा है, प्रखंड कृषि पदाधिकारी व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर जनसेवक प्रभार में है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि चंदवा में बीडीओ की अविलंब स्थापना हो और प्रभार में चल रहे पदों पर स्थाई अफसरों की प्रतिनियुक्ति हो। याद दिलाते चलें की चंदवा किसी समय घोर उग्रवाद प्रभावित प्रखंड था और सरकार ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए बड़ी योजनाएं चलाई थी। इन योजनाओं की क्रियांवान में भी इन अधिकारियों की कमी के कारण परेशानी आ रही है। प्रतुल ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर संज्ञान लेंगे।

## माता रमाबाई जी की मनाई जयंती, सुकन्या संस्था ने लड़की की शादी में पांच हजार रूपए का दिया चेक

- स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत संस्था के द्वारा निःशुल्क दवा का किया जायेगा वितरण: अमल दास



चेक देते संस्था के संस्थापक अमल दास।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमिटी की ओर से बुधवार को जिला कार्यालय में माता रमाबाई जी की जयंती दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर मनाई गई। वहीं मौके पर संस्था के संस्थापक अमल दास, जिला प्रभारी राजू सिंह, प्रखंड प्रभारी एवं पंचायत प्रभारी उपस्थित रहे। जिसके बाद सेमरियातांड़ गांव के जग मोहन राम के बेटी आरती कुमारी के शादी में संस्था की ओर से पांच हजार रूपए का चेक लड़की के माता के हाथो सौंपा गया। वहीं लोगों को संबोधित करते हुए अमल दास ने बताया कि माता रमाबाई अगर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के हर सुख दुःख में अगर साथ नही देती तो बाबा साहेब अपनी जीवनी में कामयाब हासिल नहीं कर पाते, माता रमाबाई की जीवनी बहुत की संघर्ष शील ओर दुःख भरी रही है। आगे श्री दास ने संस्था के बारे में बताते हुए कहा कि संस्था के द्वारा स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के हरेक घर को सर्वे कराकर निःशुल्क दवा वितरण करने का काम करने जा रही है, इससे हमारे देश में बीमारी खत्म हो सकता है। क्योंकि आज के समय में गरीब लोगों की बीमारी के ईलाज कराने में बहुत कठिनाई होता है, इसे देखते हुए संस्था द्वारा निःशुल्क दवा हर घर पहुंचाया जायेगा। साथ ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है गरीब बच्चो की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी में जोड़ने का काम करना, महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहदी डिजाइन, सर्फ साबुन बनाना आदि के प्रशिक्षण देकर रोजगार मुहैया कराना। मौके पर चांदवा के प्रखंड प्रभारी मंजू देवी, फुलदेव कुमार, योसदा देवी, गुडी देवी, लोहरदगा के जिला प्रभारी दीपेंद्र खरवार के अलावे सभी पंचायत प्रभारी उपस्थित थे।

## ट्रक मालिकों से वार्ता करने पहुंचे परियोजना पदाधिकारी



वार्ता करते परियोजना पदाधिकारी।

- बकाया भाड़ा भुगतान को लेकर पीएनएम कंपनी के रिप्रेजेंटेटिव से बात करने की कही बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिक को द्वारा बकाया भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर दिए जा रहे धरना के छठे दिन धरना में शामिल होने जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बसिया पंचायत मुखिया विमला देवी पहुंची और ट्रक मालिकों की मांगों को जायज बताया। मौके पर ट्रक मालिको ने पूर्वी जिला परिषद प्रियंका कुमारी को जानकारी देते हुए बताया कि पीएनएम कंपनी समेत कई ट्रांसपोर्टर ट्रक मालिकों का करोड़ों रुपए बकाया भाड़ा रखे हुए हैं। साथ ही पीएनएम कंपनी एवं सीसीएल अच्छा कोयला रेजिंग भी नहीं दे रही है जिस कारण कोलियरी में सेल का कोयला प्रभावित हो रहा है। जिस पर बोलते हुए जिप सदस्य प्रियंका कुमारी ने मामले से उपायुक्त को अवगत कराने ट्रक मालिकों को न्याय दिलाने की बात कही। वहीं धरना स्थल में ग्रामीणों से वार्ता करने पहुंचे परियोजना पदाधिकारी केएल यादव ने कहा कि यह ट्रक मालिकों एवं पावर प्लांट के लिफ्टर के बीच का मामला है। अच्छा कोयला रेजिंग एक हफ्ते के बाद मिलना शुरू हो जाएगा। अभी धरना में बैठा कोई भी एक आदमी खदान के अंदर चलकर बता सकता है। मुझे कहां से अच्छा कोयला रेजिंग देना है। वैसे एक हफ्ते बाद कोयला का बढ़िया सिम पकड़ने पर वह अच्छा कोयला सप्लाई देंगे। वही आगे उन्होंने कहा कि बकाया भाड़ा भुगतान को लेकर पीएनएम कंपनी के रिप्रेजेंटेटिव से बात करूंगा। स्थानीय स्तर पर पीएनएम कंपनी के काम का देख रेख करने वाले लोगों को भी बुलाकर गुरुवार को ट्रक मालिकों के साथ वार्ता कराई जाएगी। मौके पर विस्थापित नेता संजय यादव, देवनारायण यादव, कमलेश कुमार, पंकज सिन्हा, मो. आजम, मनी यादव, मो. मोनू, कुलदीप यादव, कबलू यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डीएफओ के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी ने अवैध पोस्ते की खेती को किया नष्ट

- अवैध पोस्ते की खेती करने वाले पर की जायेगी कानूनी कार्रवाईः नन्द कुमार मेहता



पोस्ते की खेती को नष्ट करवाते वन क्षेत्र पदाधिकारी।

**लातेहार।** बारियातू के बालूभांग अमानद नदि के किनारे रानी दह, महंगदिया एवं अन्य स्थलों पर लगे पोस्ते की खेती को मंगलवार को नष्ट किया गया। ज्ञात हो कि डीएफओ रौशन कुमार को गुप्त सुचना मिली थी कि बारियातू के विभिन्न जगहों पर अवैध पोस्ता की खेती की जा रही है जिसका अनुमानित लागत बाजार में लाखों है, सुचना के पश्चात डीएफओ ने वन क्षेत्र पदाधिकारी नन्द कुमार मेहता को सुचित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिसके पश्चात श्री मेहता ने बालूमाथ में टीम गठित कर छापामारी दल तैयार किया और बारियातू के विभिन्न स्थलों पर लगे पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया। वहीं ग्रामीणों को श्री मेहता के द्वारा अवैध पोस्ता की खेती नहीं करने की नसीहत दी। अन्यथा पकड़ायें जाने पर भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जायेगी। छापामारी दल में प्रभारी वनपाल दिलीप उरांव, विश्वास देव पांडेय, वनरक्षी शिवकुमार, संतोष कुमार व पुलिस की टीम शामिल थी।

## सांसद प्रतिनिधि ने डीसी को आवेदन सौप जमीन बंदोबस्ती मामले के जांच की मांग

**बरवाडीह।** चतरा सांसद सुनील सिंह के बरवाडीह सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने जिले के उपायुक्त को आवेदन सौप कर बरवाडीह अंचल में बिचौलिए का बोलबाला और विगत दो से तीन वर्षों में बड़े पैमाने पर फर्जी तरीके से सरकारी भूमि के बंदोबस्ती करने का आरोप तत्कालीन सीओ राकेश सहाय पर लगाया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने बताया है कि बरवाडीह में नियम को ताक पर रखकर ऊंची पहुंच और पैरवी वाले लोगों को कई एकड़ भूमि बंदोबस्त किया गया है। सबसे आश्चर्य की बात यह भी है कि अंचल के सरकारी दस्तावेजों पर कुछ बिचौलिया और दलाल जैसे लोगों का कब्जा बना हुआ है। जहां आम आदमी अपने काम को करवाने के लिए सरकारी कर्मियों से पहले उन बिचौलिया और दलालों से मिलाना पड़ता है, जो आम लोगों का आर्थिक दोहन शोषण करने के बाद भी उनकी मदद नहीं कर पाते। जिसकी जानकारी अधिकारियों को होने के बावजूद इस पर लगाम लगाने का काम नहीं करते। जिसके चलते दलाल और बिचौलिया जैसे लोगों का कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। सांसद प्रतिनिधि ने बरवाडीह अंचल में हुए जमीन बंदोबस्ती की उच्चस्तरीय जांच कर मामले में उचित करवाई करने का अनुरोध किया हैं।

**क्या कहते है सीओ**

मामले के संबंध में तत्कालीन सीओ राकेश सहाय ने दूरभाष पर पूछताछ में बताया कि यह आरोप पूरी तरह निराधार है। नियमानुसार बंदोबस्ती की अनुशंसा का अधिकार अंचल को है, लेकिन बंदोबस्ती की स्वीकृति अनुमंडल से होती है। इसमें कोई नियम विरुद्ध नहीं हुआ है।

## डीडीसी पहुंचे बरवाडीह, मॉडल पंचायत उकामाड़ में चल रही विकास योजनाओं का किया भौतिक निरीक्षण



निरीक्षण करते डीडीसी।

**बरवाडीह।** लातेहार उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने बुधवार को बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज के साथ प्रखंड के मॉडल पंचायत उकामाड़ का दौरा कर पंचायत में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंचायत में जल छाजन के तहत बनाए गए ईश्वरी सिंह के जमीन में 100 बाई 100 के तालाब का निरक्षण किया। वहीं डीडीसी ने ग्रामीणों से कहा कि गांव को भौगोलिक स्थिति गांव वाले ही जानते है। इसलिए आपलोग आपस में ही एक ऐसा योजना बनाएं जिससे आपके गांव के खेत का पानी गांव से बाहर किसी भी हाल में नही जाए। वहीं उन्होंने मौके पर मौजूद कनीय अभियंता अजीत कुमार से गांव पंचायत में जल छाजन से हुए सभी कार्यों का जानकारी लिया। जिस पर कनीय अभियंता ने बताया की वर्ष 22/2023 में 100 बाई 100 का दो तालाब वर्ष 23/2024 में तीन तालाब बनाया गया है। उन्होंने बताया की सभी योजना को पूर्ण कर दिया गया है। इसके बाद डीडीसी ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। इसी क्रम में जॉब कार्ड के लिए आवेदन, योजना संबंधी जानकारी, मनरेगा संबंधी शिकायत एवं निराकरण तथा भुगतान के संबंध में जांच की गई। साथ ही बताया गया कि उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय से अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में पंचायतों का चयन कर समय-समय पर औचक निरीक्षण कर कार्यों का सफल संचालन सुनिश्चित कराएंगे। मौके पर पंचायत सेवक अरविंद कुमार, मनरेगा बीपीओ त्रिवेणी राम, आवास कोऑर्डिनेटर दीपक कुमार, मुखिया पूनम देवी, लाभुक ईश्वरी सिंह, कैलाश सिंह और कृष्णा प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

### डिजिटल युग में सरकार की व्यवस्था, वादों और घोषणाओं की पोल खोल रही है यह खपड़ैल विद्यालय

# अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंतित रहते हैं अभिभावक

- सरकारी स्कूल में शिक्षा की बदहाली बयां कर रही है यह तस्वीर

**दीपक राज**





सरकारी स्कूल का खपड़ैल भवन।

**बरवाडीह।** एक ओर सरकार और शिक्षा विभाग सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचनाओं के विकास का दावा करती है, डिजिटल युग और डिजिटल भारत बनाने का दावा करती है, लेकिन सरकार की व्यवस्थाओं, वादों और घोषणाओं की पोल खोलने के लिए सरकारी विद्यालय की यह कहानी और तस्वीर ही काफी है। वैसे तो बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में अधिकांश सरकारी विद्यालयों की स्थिति काफी दयनीय हैं, लेकिन बरवाडीह प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय उकामाड़ की यह तस्वीर सरकार के सभी वादों की पोल खोलने के लिए काफी हैं। यहां अभिभावक विद्यालय में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं, क्योंकि आज के इस डिजिटल युग में जहां सरकार लोगों को पक्के मकान देने का दावा करती है। वहां एक सरकारी विद्यालय ऐसा भी है जो खपड़ैल है, और पूरी तरह जर्जर अवस्था है। विद्यालय में पक्का भवन भी है लेकिन उसकी छतों में दरार साफ दिखाई देती है।

### अध्यापन के साथ-साथ शैक्षिक गतिविधि हो रही है प्रभावित

भवन के अभाव में एक कमरे में कक्षा एक से चार तक कक्षाएं, दूसरे कमरे में पांच व छह तथा तीसरे में सात और आठ कक्षाएं संचालित की जाती हैं। वहीं चौथे कमरे में ऑफिसियल वर्क किया जाता हैं। विडंबना यह भी है कि कक्षा आठ तक के इस विद्यालय में मात्र तीन शिक्षक हैं, जिसमें एक सरकारी और दो पारा है। नए भवन व चाहरदीवारी की मांग वर्षो से की जा रही हैं, लेकिन विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। चहारदीवारी नहीं होने के कारण प्रांगण में स्थित जर्जर शौचालय का उपयोग स्थानीय ग्रामीण करते है साथ ही विद्यालय में अध्यापन के साथ-साथ शैक्षिक गतिविधि भी प्रभावित हो रही है। स्कूल से सटी खाई के सामान एक नदी बहती है। जिसमें बच्चों के गिरने का भय बना रहता है।वहीं इस विद्यालय के साथ-साथ प्रखण्ड के अधिकांश विद्यालयों के पास भवन के अलावा भूमि उपलब्ध नहीं है।

### बंद पड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र विद्यालय को हैंडओवर करने की मांग

शिक्षकों ने बताया कि प्रांगण में लगे जलमिनार का सोलर पैनल चोरी हो गया है, जिसे लेकर थाना में आवेदन दिया गया है और मुखिया को भी इसकी जानकारी दी गई है। इसके अलावा परिसर में एक उप स्वास्थ्य केंद्र था जो दूसरे जगह स्थापित होने के कारण वर्षो से बंद पड़ा हुआ है। शिक्षकों ने बरवाडीह बीडीओ, सीओ, बीईईओ और स्वास्थ्य विभाग आदि से अपील करते हुए कहा कि इस बंद पड़े भवन को अगर विद्यालय को हैंड ओवर कर दिया जाए तो ऑफिस का वर्क इसमें किया जा सकता है। जिससे फिलहाल कक्षाएं संचालित करने में सहूलियत होती।

स्पीड न्यूज

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ चला अभियान


जावा महुआ नष्ट करती पुलिस।

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के मकरी गांव में अवैध महुआ शराब बनाने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अवैध महुआ शराब बनाने के लिए विभिन्न घरो में रखा हुआ लगभग 50 किलो जावा महुआ को नष्ट कर दिया गया। मौके पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने इस अवैध धंधे में संलिप्त लोगो को चेतावनी देते हुए कहा कि आगे से अवैध महुआ शराब बनाते हुए पकड़े जाने पर संबंधित व्यक्तियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। छापामारी दल में पुलिस के जवान शामिल थे।

## एमकेएम स्टेडियम में इंटर स्टील प्लांट फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**बोकारो।** बोकारो के मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में पांच दिवसीय इंटर स्टील प्लांट्स फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि ईडी माइंस जयदीप दासगुप्ता के साथ स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड के ऑब्जर्वर मोहनलाल जीएम एनए सैफी एके अविनाश डीजीएम अनुपम शी सुभाष रजक एजीएम स्पोर्ट्स एंड सीए तथा टाउनशिप के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। पांच दिनों तक चलने वाले इंटर स्टील प्लांट्स फुटबॉल चैंपियनशिप मैच में कुल 08 टीमों ने हिस्सा लिया है। लीग मैच और नॉकआउट के आधार पर खेलने वाली टीमों का फाइनल फुटबॉल मैच 10 फरवरी को खेला जाएगा। लीग मैच में आईएसपी बर्नपुर राउरकेला स्टील प्लांट टाटा स्टील तथा दुगार्पुर स्टील प्लांट की टीम विजयी रही।

## नवोदय में नामांकन के लिए परीक्षा 10 को


प्राचार्य भुवनेश्वर।

**गढ़वा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 में वर्ग नवम और 11वीं में नामांकन को लेकर 10 फरवरी को परीक्षा का आयोजन किया गया है। स्कूल के प्राचार्य भुवनेश्वर साह ने बताया कि 10 फरवरी शनिवार को होने वाली पाश्र्व चयन प्रवेश परीक्षा में नवम एवं एकादश में नामांकन के लिए संबंधित अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय अन्नराज, नवाडीह में बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नवम वर्ग में कुल 129 परीक्षार्थी और 11वी में 104 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा प्रभारी शिक्षक अजीत कुमार को बनाया गया है। सभी परीक्षार्थी 10 बजे पूर्वाह्न तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच का रथ पहुंचा धुरकी


उपस्थित लोग।

**धुरकी।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एव अधिकार मंच का रथ धुरकी तथा सगमा पहुंचा। इस दौश्रान धुरकी कपूर्री चैक तथा सगमा बैंक मोड़ पर नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। मौके पर संयोजक मंडल गोरख नाथ चैधरी ने कहा कि आज हम सब ओबीसी भाइयों जो राजनीतिक शैक्षणिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उन्हें मंच के माध्यम से एकत्रित एवं जागरूक किया जा रहा है। ओबीसी पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच का एक उद्देश्य है पिछड़ वर्ग को मजबूत करना। यह महासम्मेलन पलामू प्रमंडल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अभी तक ओबीसी के लिए किसी तरह का कोई मंच नहीं था, इसलिए हमारे ओबीसी भाई लोग अपने आप को कुंठित महसूस कर रहे थे। उनको जगाने के लिए जागरूकता अभियान रथ के माध्यम से जिले सहित प्रमंडल के गांव गांव जाकर संयोजक मंडली के सभी कार्यकताओं द्वारा सादर आमंत्रित किया जा रहा है। संजोजक मंडल के अजय वर्मा ने कहा कि मैं भी आप सभी से आग्रह करता हूं कि अभी समय एकता होने की जरूरत है। सभी से आग्रह है कि 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में अधिक से अधिक संख्या में जुटे और इस महासम्मेलन को सफल बनाएं। मौके पर वरूण बिहारी यादव, अख्तर अंसारी, कपिल राउत, प्रहलाद चैधरी, बिमलेश गुप्ता, राजू विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## तेनुघाट अधिवक्ता संघ ने स्व गुप्ता के निधन पर उनकी पत्नी को दिया आर्थिक सहयोग

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महासचिव वकील प्रसाद महतो ने संघ के सदस्य गणेश कुमार गुप्ता के निधन पर उनकी पत्नी सुमाना गुप्ता को आर्थिक सहयोग बुधवार को किया। मालूम हो कि तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्य दिवंगत गणेश प्रसाद गुप्ता का निधन गुरुवार 1 फरवरी को हो गया था । मालूम हो कि निधन के बाद तुरंत ही उसी दिन दाह संस्कार के लिए सहायता राशि दी गई थी। मगर आज बाद अधिवक्ता संघ के द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहयोग दिवंगत गणेश गुप्ता की पत्नी को दिया गया। इस अवसर पर श्री मिश्रा और श्री महतो ने बताया कि अधिवक्ता संघ के द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि आज दे दिया गया है। मगर बार काउंसिल के द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि भी जल्द ही दिवंगत गणेश गुप्ता की पत्नी को दिया जाएगा। आर्थिक सहयोग देते समय अधिवक्ता राम बल्लभ महतो, बीरेंद्र कुमार सिन्हा, बी एन पोद्दार, चेतन आनंद प्रसाद, तपन कुमार दे, अशोक पाठक, उमेश प्रसाद, संजय कश्यप, राजीव कुमार तिवारी, आंनद श्रीवास्तव, योगेश नंदन प्रसाद सहित अन्य अधिवक्ता संघ के सदस्य मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के गढ़वा आगमन को लेकर झामुमो ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक बुधवार को विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर जिला सचिव मनोज ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मौके पर सचिव मनोज ठाकुर ने कहा कि 10 फरवरी को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का गढ़वा में आगमन होने जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं पूर्व मंत्री सह विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा समाहरणालय भवन, नीलाम्बर-पीताम्बर बहुद्देशीय नगर भवन (टाउन हॉल), फुटबॉल स्टेडियम, हेलीपैड सह बिरसा मुंडा स्मारक उद्यान पार्क, सोनपुरवा बस स्टैण्ड आदि योजनाओं का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया जायेगा।


बैठक करते लोग।

श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा जैसे पिछड़े जिले में मिथिलेश कुमार ठाकुर के अथक प्रयास से विकास कार्य किया गया है, वो काफी सराहनीय है। गढ़वा जिलावासी कभी सपनों में भी नहीं सोचे थे। इस प्रकार विकास कार्य अपना गढ़वा में भी देखने को मिलेगा। 10 फरवरी को गढ़वा जिला में महत्वपूर्ण विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया जायेगा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन में लैंड करेंगे। इनके स्वागत के लिए पुलिस लाइन गढ़वा से बाईपास फोरलेन ग्राम डूमरो सभा स्थल तक पथ के दोनों तरफ पार्टी पदाधिकारियों एवं सदस्यगण ढ़ोल, नगाड़ा, मांड़र, झंडा, बैनर एवं नृत्यकला से स्वागत किया जायेगा। तत्पश्चात सभा स्थल पर पार्टी के सभी स्तर के पदाधिकारी, कार्यकत्तागण एवं इंडिया गठबंधन के घटक दल के सभी पार्टी पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य, जिला कमिटी, प्रखण्ड कमिटी, वर्ग संगठन, महिला मोर्चा कमिटी, अल्पसंख्यक मोर्चा कमिटी, यूवा मोर्चा कमिटी, क्रीड़ा मोर्चा तथा पार्टी समर्थित जिला परिषद अध्यक्षा, जिला परिषद उपाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष, 20 सूत्री प्रखण्ड उपाध्यक्ष, सभी प्रखण्ड सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज से ही तैयारी प्रारंभ कर दे। मौके पर ताहिर अंसारी, राजकिशोर यादव, अहमद अली, अशर्फी राम, शरीफ अंसारी, संजय सिंह उर्फ छोटू, सत्यनारायण यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, रेखा चैबे, फुजैल अहमद, आशुतोष पाण्डेय, आशीष गुप्ता, इमरान अख्तर, सदाब खान, शेरू खान, आफताब आलम, मुमताज अली, रंथा नायक, अहमद रजा, मो. जफर खान, अरविन्द यादव, दिलीप गुप्ता, निलेश पाण्डेय, आरिफ रजा, आनंद कुमार यादव, चंदन कुमार पासवान, धर्मराज पासवान, मुन्ना सिंह, जितेन्द्र सिन्हा, दशरथ प्रसाद, अराधना सिंह, इस्तेखार अंसारी, रविन्द्र तिवारी, धन्नजय पासवान, जितेन्द्र चैधरी, अजय कुमार ठाकुर, अरमान सिद्दीकी, इरफान अंसारी, बलेन्द्र सिंह, विवके सिंह, परविन जायसवाल, मंजर खान, ज्ञानरंजन मिश्रा, अभिशेक मेहता, अंतु दास आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत, घंटो रहा सड़क जाम



**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत फुसरो जैनामोड़ की सड़कें इन दिनों खून की प्यासी हो गई हैं। इस मार्ग में आए दिन सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत हो रही है। ताजा मामला देर रात को पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी प्योर ढोरी मोड़ के समीप हुई। जहां देर रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार बीस वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया।लगभग पांच घंटे सड़क जाम लगा रहा। युवक फुसरो नया रोड निवासी सीसीएल कर्मी हीरालाल सिंह के पुत्र राजेश सिंह हैं। युवक जरीडीह थाना क्षेत्र के नूतनडीह में शादी समारोह से वापस अपने घर नया रोड लौट रहा था। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक खुंटरी के समीप सड़क दुर्घटना हुई जिसमे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। अनुमान है कि दोनो घटना एक ही वाहन से हुईं होगी।

# ज़िप उपाध्यक्ष ने किया 15वें वित्त से निर्मित स्नान घाट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अन्तर्गत दुगार्पुर पंचायत में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसित राशि से पंचायत के बुटीटांड तालाब में स्नान घाट का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी कसमार प्रमुख नियोति कुमारी मुखिया अमरेश कुमार महतो पंसस अंजू देवी उप मुखिया पंचानन महतो के द्वारा किया गया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे है। इसमें स्थानीय लोगों की भी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने लोगों से सवार्गीण विकास के प्रति सजग व जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रखंड के एक भी गांव व टोला विकास से अछूता नहीं रहेगा। कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि 2026 तक कसमार प्रखंड के सभी गांवों व टोला में समुचित सुविधाएँ बहाल होगी। कहा कि कसमार प्रखंड में 5 वर्षों में विकास की किरण पहुंचाना ही मेरा लक्ष्य है। मौके पर वार्ड सदस्य संजु देवी, महेश शर्मा, डब्लू महतो,रंजु देवी, नेमिया देवी, रेखा देवी, सविता देवी, उमा देवी, चांदनी देवी, बाली देवी, संगीता देवी, नूनी बाला देवी, किरण देवी, बिगनी देवी, आदि उपस्थित थे।

# गढ़वा के ईशान ने राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में जीता ब्रॉन्ज मेडल

खबर मन्त्र संवाददाता


ईषान को सम्मानित करते प्राचार्य।

**गढ़वा।** हजारीबाग में आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में जिले के बीपी डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र ईशान मुखर्जी ने ब्रॉन्ज मेडल जीत कर इतिहास रच दिया। प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर ईशान ने विद्यालय और गढ़वा जिले का नाम रोशन किया है। बीपीडीएवी पब्लिक स्कूल में ईशान मुखर्जी के इस उपलब्धि के लिए सम्मान समारोह का आयोजन कर विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार चैबे ने मोमेन्टो एवं मेडल देकर ईशान को सम्मानित किया।

विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार चैबे ने कहा कि मेरे विद्यालय के बच्चे लगातार खेल के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यालय के शिक्षक अमियो मुखर्जी का पुत्र एवं सातवीं कक्षा का छात्र ईशान मुखर्जी ने राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में पूरे राज्य भर में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता है, जो सम्पूर्ण विद्यालय परिवार एवं गढ़वा जिला के लिए गौरव की बात है। हम लोग निरन्तर पढ़ाई के साथ साथ सह-शैक्षणिक क्रियाकलापों का सफल आयोजन एवं प्रशिक्षण पर बल दे रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे बच्चे शीघ्र ही राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाएंगे। ज्ञात हो कि गतका एक पारम्परिक युद्धक कला है। वर्तमान में भी सिक्खों के धार्मिक उत्सवों में इस कला का शस्त्र संचालन एवं प्रदर्शन किया जाता है। खेल प्राधिकरण, भारत सरकार ने इस खेल को भारतीय मार्शल आर्ट ह्लगतका ह्लखेल की मान्यता प्रदान किया है। झारखण्ड राज्य सरकार ने भी इस खेल को प्रोत्साहित करने के लिए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता की शुरूआत की है। मौके पर मीडिया एवं सीसीए प्रभारी शम्भु त्रिपाठी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**बोकारो।** डीसी कुलदीप चौधरी व डीडीसी कीर्ति श्री जी. ने अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता आदि की उपस्थिति में चास निगम कार्यालय समीप निमार्णाधीन बहुउद्देशीय सांस्कृतिक केंद्र चास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यरत एजेंसी से हो रहे निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और निर्माण कार्य में तेजी लाने को संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया। वहीं अपर नगर आयुक्त को निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित निगरानी का निर्देश दिया। उन्होंने जिला परिषद कार्यालय में निमार्णाधीन कांफ्रेंस हाल का भी जायजा लिया। मौके पर अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार एपीआरओ अविनाश कुमार नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे समेत विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेंट में फाइलेरिया जागरूकता अभियान आयोजित


शपथ दिलाते पदाधिकारी।

**गढ़वा।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एमडीए को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर पीसीआई. संस्था के जिला समन्वयक आनन्द प्रसाद ने कहा कि फाइलेरिया रोग संक्रमित मादा क्युलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह एक संक्रामक रोग है और पैरों व हाथों में सूजन होना इसके मुख्य लक्षण है। उन्हें एमडीए चक्र के दौरान आगामी 10 से 25 फरवरी तक फाइलेरिया से रोकथाम के लिए खिलाए जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा डीईसी और एल्बेंडाजोल की गोली सेवन करने के लिए शपथ दिलाई गई। मौके पर स्कूल के निदेषक मदन प्रसाद केषरी, प्राचार्य बसंत ठाकुर, शिक्षक सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी डाक विभाग की अहमियत से हुए रूबरू



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के 225 विद्यार्थियों ने बोकारो प्रधान डाकघर का दौरा कर डाक विभाग के कामकाज के तौर तरीकों और डाक की अत्याधुनिक सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। विभाग की ओर से डाकपाल सतीश कुमार एवं विपणन विभाग के डाककर्मी कौशल कुमार उपाध्याय ने डाक प्रणाली के बारे में समझाते हुए डाक पार्सल डाक टिकट संग्रहण की महत्ता फिलाटेली अकाउंट आधार सेंटर की कार्यप्रणाली सुकन्या समृद्धि योजना डाक जीवन बीमा पत्र लेखन प्रतियोगिता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने डाकपाल को कार्ड भेंट कर अपना आभार व्यक्त किया। मौके पर डीपीएस की टीम में शिक्षिका श्वेता शुभम पूनम शर्मा मनीषा सिंह आभा कुमारी झा कामिनीकांत स्वैन शेफालिका निधि उषा श्रीवास्तव व नितेश कुमार एवं डाक विभाग की ओर से सीपीसी मैनेजर संतोष कुमार सिंह वरीय डाककर्मी देवी प्रसाद चटर्जी देवेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि डाक टिकट अपने आप में ज्ञान का सागर और अनुपम धरोहर हैं। हर कालखंड में विभिन्न विषय वस्तुओं और घटनाओं को रेखांकित करते हुए डाक टिकट जारी किए गए हैं।

## हादसे में घर का एकलौता चिराग बुझा, घटना स्थल पर ही युवक की मौत

# करगली और रामविलास प्लस टु विद्यालय के बीच सड़क हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** इन दिनों बेरमो कोयलांचल में सड़क हादसे का सिलसिला सा आरंभ हो गया है। दो दिन पूर्व ही गांधीनगर थाना क्षेत्र के डीडी माइंस के समीप पुलिया पर हाइवा के चपेट में आकर एक सीसीएल कर्मी की दर्दनाक मौत हो चुकी। अभी लोगों के दिमाग से यह हादसा उतरा भी नही होगा कि बुधवार को दोपहर बेरमो थाना क्षेत्र के करगली के काम कर लौट रहे झिरकी निवासी मो गुलजार अंसारी का लगभग 23 - 24 वर्षीय एकलौता पुत्र मो सद्दाम अंसारी का सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त युवक अपनी प्लसर मोटरसाइकिल संख्या जेएच 09 ए डब्लू 6650 से करगली से ड्यूटी कर अपने घर झिरकी लौट रहा था इसी बीच यह घटना घट गई। बताया जाता है कि मृतक माइनिंग किया हुआ युवक था व वह अपने पिता के स्थान पर कार्य करता था। घटना की सूचना गांव पहुचते ही गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग घटना स्थल की तरफ भागे वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। घटना की सूचना पाते ही गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो भी घटना स्थल पर पहुंच चुके थे। बेरमो पुलिस घटना स्थल पर पहुंच मामले की छानबीन मे जुटी थी। बाइक को ठोकर मार कर कौन वाहन भागा है इस बात की जांच की जा रही है सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। वहीं इस सड़क हादसे में किसी के घर का एकलौता चिराग हमेशा के लिए बुझ गया। जबकि शव को करगली अस्पताल में रखा गया है।

## पेज 1 का शेष

### हर ग्राहक को मिलेगी...

**केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी ली :** सीएम ने बैठक में विभागवार केंद्र प्रायोजित योजनाओं के उपलब्धियां की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अबुआ आवास योजना की स्थाई प्रतीक्षा सूची बनान का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, अपर मुख्य सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे एवं विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव उपस्थित थे।

### मैं साथ और संघर्ष...

इस मैसेज के साथ उन्होंने एक तस्वीर भी पोस्ट की है। बुधवार को इडी दफ्तर जाकर उन्होंने हेमंत सोरेन से मुलाकात भी की। **फेमस है कल्पना-हेमंत की जोड़ी :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन की जोड़ी झारखंड में काफी फेमस है। दोनों अक्सर जब भी साथ निकलते हैं तो लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करते हैं, लेकिन शायद यह पहली बार है जब अपनी शादी की वर्षगांठ पर भी वे दोनों साथ नहीं हैं।

### चतरा में पुलिस-नक्सली...

वहीं तीन जवान कृष्णा, आकाश और संजय घायल हैं। आनन-फानन में घायल जवानों को सदर अस्पताल लाया गया जहां उनकी गंभीर अवस्था देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। शहीद सिकंदर राम गया के और शुकर राम पलामू के रहने वाले थे। एसडीपीओ ने कहा कि पूरे मामले की जानकारी ली जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है।

### अब, कैबिनेट का विस्तार...

बताया जा रहा है कि झामुमो और कांग्रेस दोनों की तरफ से नये चेहरे देखे जा सकते हैं। **मंत्री पद के लिए कांग्रेस के सबसे प्रबल दावेदार :** मंत्रिपरिषद में शामिल होने के लिए पार्टी के विधायक हर हथकंडा अपनाने में लगे हुए हैं। पार्टी की ओर से मंत्री पद के सबसे प्रबल दावेदार पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, सिमडेगा विधायक भूषण बारा, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बेरमो विधायक जयमंगल सिंह अनुप, महगामा विधायक दीपिका सिंह पांडेय और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह हैं। इन 6 दावेदारों में से तीन नामों पर मुहर लगनी है। इनमें प्रदीप यादव, दीपिका और भूषण बारा को अन्य पर भारी बताया जा रहा है। इस सरकार में सोरेन परिवार का कोई भी व्यक्ति शामिल नहीं है। मंत्रिपरिषद के गठन के दौरान सोरेन परिवार का कोई एक सदस्य शामिल होगा। इसमें जामा विधायक सीता सोरेन, दुमका विधायक बसंत सोरेन में से किसी एक को मंत्री या उपमुख्यमंत्री बनना है।

### बहु विवाह, हलाला प्रतिबंधित...

**बहु विवाह पर रोक, हलाला प्रतिबंधित :** यूसीसी विधेयक में बहु विवाह पर रोक लगायी गयी है और कहा गया है कि एक पति या पत्नी के जीवित रहते कोई नागरिक दूसरा विवाह नहीं कर सकता। विधेयक में मुस्लिम समुदाय में तलाकशुदा पत्नी के लिए प्रचलित हलाला को प्रतिबंधित करने के साथ ही उसे आपराधिक कृत्य घोषित करते हुए उसके लिए दंड का प्रावधान किया गया है। सदन में विधायक पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी पर कहा, संविधान के सिद्धांतों पर काम करते हुए हमें समान नागरिक संहिता की जरूरत है। अब समय आ गया है कि हम वोट बैंक की राजनीति और राजनीतिक व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठें और एक ऐसे समाज का निर्माण करें जो बिना किसी भेदभाव के समान और समृद्ध हों। श्री धामी ने राज्य विधानसभा में विधेयक पर कहा, ये कोई सामान्य विधेयक नहीं है। देवभूमि उत्तराखंड को इसका सौभाग्य मिला। भारत एक बहुत बड़ा देश है जिसमें बहुत सारे प्रदेश हैं लेकिन ये अवसर हमारे राज्य को मिला। हम सब गौरान्वित हैं कि हमें इतिहास लिखने और देवभूमि से देश को दिशा देने का अवसर मिला है। विपक्षी दलों के सदस्यों ने यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति को भेजे जाने की मांग की थी। वहीं चर्चा में सपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि भारत में एक धार्मिक ताना-बाना है और हर धर्म के लोगों को अपने-अपने रीति रिवाज मानने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। यूसीसी विधेयक में महिलाओं को अपने पिता की संपत्ति में बराबर का हक दिए जाने वाले प्रावधान का जिक्र करते हुए शहजाद ने कहा कि इससे ससुराल वाले उसे मायके से संपत्ति लाने के लिए तंग कर सकते हैं।

### कोलकाता में कारोबारी...

ईडी सूत्रों के मुताबिक, पिछले साल जून में दिलीप और अमित दोनों को केंद्रीय एजेंसी ने कोलकाता से गिरफ्तार किया था। केंद्रीय एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, कोलकाता के इन दोनों कारोबारियों से पूछताछ के बाद कथित जमीन घोटाले में हेमंत सोरेन की संलिप्तता के बारे में और भी खास जानकारी और सबूत मिले।

### हेमंत से और पांच दिन...

कोर्ट की अनुमति मिलते ही ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद हेमंत सोरेन को तीन फरवरी को अपने साथ ले गयी। पेशी के बाद जब हेमंत सोरेन बाहर निकले तो कार्यकर्ताओं ने नारा लगायें। इस पर जज नाराज हुये।

### कांग्रेस इस बार...

हमने देश को संकट के दौर से बाहर निकाला है। विपक्ष मेरी आवाज नहीं दबा सकता, देश की जनता ने मुझे मजबूत दी है। 'सबका साथ सबका विकास' यह नारा नहीं है, यह मोदी की गारंटी है। **खड़गेजी का आशीर्वाद सर आंखों पर :** पीएम मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं खड़गे जी का विशेष आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने एनडीए को 400 सीटें पाने का आशीर्वाद दिया है, उनका आशीर्वाद सिर आंखों पर। और वह चाहें तो अब इस आशीर्वाद को वापस ले सकते हैं। **कांग्रेस जन्मजात आरक्षण विरोधी :** पीएम ने कांग्रेस को आरक्षण का जन्मजात विरोधी बताते हुए पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू की एक चिट्ठी का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'मैं आदरपूर्वक नेहरूजी को ज्यादा याद करता हूं। देखिए एक बार नेहरू जी ने एक चिट्ठी लिखी और ये चिट्ठी मुख्यमंत्रियों को लिखी। जिसमें उन्होंने लिखा था- मैं किसी भी आरक्षण को पसंद नहीं करता। और खासकर नौकरी में आरक्षण तो कतई नहीं। मैं ऐसे किसी भी कदम के खिलाफ हूं जो अकुशलता को बढ़ावा दे, जो दोयम दर्जे की तरफ ले जाय। तब जाकर मैं कहता हूं कि ये जन्मजात इसके विरोधी हैं। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के एससी, एसटी और ओबीसी को उनके अधिकारों से वंचित रखा।

स्पीड न्यूज

### असिस्टेंट कस्टम कमिश्नर को सात साल की सजा

**नयी दिल्ली।** आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की मोहाली स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को लुधियाना (पंजाब) के एक असिस्टेंट कस्टम कमिश्नर को सात साल और उसकी पत्नी को तीन साल की कैद की सजा सुनायी है। अदालत ने क्रमशः एक लाख और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### पीएम आज इस्कॉन में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के संस्थापक श्री प्रभुपाद की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत मंडपम में एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री महान आध्यात्मिक गुरु के सम्मान में एक स्मारक टिकट और एक सिक्का भी जारी करेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में दी।

### संदिग्ध आतंकी की नासिक से गिरफ्तारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने नासिक जिले के तिड़के नगर में बुधवार तड़के छापा मार कर एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया। संदिग्ध आतंकी की पहचान हुजीफ अब्दुल अजीज शेख के रूप में हुई है। अब तक की छानबीन में पता चला है कि हुजीफ अब्दुल शेख विदेश में कई आतंकी संगठनों के जरिये आइएसआइएस के आतंकियों को आर्थिक मदद पहुंचा रहा था।

### भारत पेपर्स के निदेशक इडी की हिरासत में

**नयी दिल्ली।** जम्मू के स्पेशल पीएमएलए कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड में हुए घोटाला मामले में गिरफ्तार किये गये मेसर्स भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल को बुधवार को 13 फरवरी तक इडी की हिरासत में भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को छापेमारी के बाद गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह जानकारी साझा की। इडी ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड में हुए घोटाला मामले में मेसर्स भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया।

### मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने यूसीसी को अनुचित बताया

**नयी दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने उत्तराखंड सरकार के समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को अनुचित और अनावश्यक करार दिया है। बोर्ड का कहना है कि इस वक्त राजनीतिक फायदा हासिल करने की जल्दबाजी में इस विधेयक को सदन में लाया गया है। यह महज दिखावे और राजनीतिक प्रोपेगेंडा से ज्यादा कुछ भी नहीं है।

# 'डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम' में भारत के अब आत्मनिर्भर होने का समय : सीडीएस

## जनरल चौहान ने किया तीन दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी और प्रदर्शनी का उद्घाटन




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि अब भारत में अत्यधिक सक्षम आत्मनिर्भर 'डिफेंस स्पेस इकोसिस्टम' के निर्माण का समय है। उन्होंने भारतीय उद्योग जगत से देश की अंतरिक्ष संपत्तियों की सुरक्षा के लिए काउंटर-स्पेस क्षमताओं को बढ़ाने पर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा है कि चूंकि देश अमृत काल से गुजर रहा है, इसलिए अंतरिक्ष संवर्धन से लेकर अन्वेषण तक सरकार ने राष्ट्र के लिए बड़े लक्ष्यों की कल्पना की है।

सीडीएस चौहान बुधवार को दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में तीन दिवसीय अंतरिक्ष संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। सीडीएस ने निजी अंतरिक्ष उद्योग भागीदारों की विभिन्न तकनीक प्रगति को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। भारतीय सशस्त्र बलों में संयुक्तता, एकीकरण और परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय के साथ थिंक टैंक 'संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र' और सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ यह सेमिनार आयोजित की गयी। इसका उद्देश्य नागरिक, वाणिज्यिक और रक्षा अंतरिक्ष कार्यक्रमों के बीच समन्वय और तालमेल को बढ़ावा देना है।

मानव जाति और युद्ध में लगे सशस्त्र बलों के लिए अंतरिक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि भूमि, वायु, समुद्र और यहां तक कि साइबर के पारंपरिक क्षेत्रों में युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग किया जा सकता है। सशस्त्र बलों की क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अंतरिक्ष का उपयोग करने की सरकार की प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए सीडीएस ने आइ-डेक्स पहल के तहत मिशन डेफस्पेस 2022 के हिस्से के रूप में 75 अंतरिक्ष संबंधी चुनौतियों का उल्लेख किया।

जनरल चौहान ने कहा कि इस पहल के तहत कुल पांच अनुबंधों पर हस्ताक्षर किये गये हैं और चार अनुबंध प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। सीडीएस ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार देश के भीतर एक भरोसेमंद अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए स्टार्ट-अप सहित सभी हितधारकों को प्रोत्साहित कर रही है। हमारे पास अंतरिक्ष क्षेत्र में 2014 में एक स्टार्टअप था, जो 2023 में 204 तक बढ़ गये हैं। सरकार ने 2023 में इस क्षेत्र में 123 मिलियन डॉलर का निवेश किया है, जिससे कुल फंडिंग 380.25 मिलियन डॉलर हो गयी है। सीडीएस ने वर्ष 2033 तक स्वदेशी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 44 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद जतायी है।

# विस्फोट से दहला पाकिस्तान 28 लोगों की मौत, 40 घायल



**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान में गुरुवार को होने वाले आम चुनाव की पूर्व संध्या पर आतंकवादियों ने खूनखराबा कर देश को दहला दिया। देश के बलूचिस्तान में बुधवार को सिलसिलेवार हुए दो विस्फोट हुए। इनमें कम से कम 28 लोगों की मौत हो गयी और 40 से ज्यादा घायल हो गए। ये विस्फोट पिशिन और किला सैफुल्लाह में स्वतंत्र उम्मीदवार और जेयूआइ-एफ के चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर किये गये।

जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार आम चुनाव से ठीक एक दिन पहले बुधवार को बलूचिस्तान के पिशिन में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के कार्यालय के बाहर हुए विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की जान चली गयी, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। दूसरा विस्फोट किला सैफुल्लाह जिला में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआइ-एफ) कार्यालय के बाहर हुआ। यहां कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी। पिशिन में विस्फोट खानोजाई इलाके में स्वतंत्र उम्मीदवार असफंद यार खान काकर के राजनीतिक कार्यालय के बाहर हुआ। काकर एनए-265 निर्वाचन क्षेत्र और बलूचिस्तान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र- पीबी-47 और पीबी-48 से चुनाव लड़ रहे हैं।

अस्पताल के एमएस डॉ हबीब ने बताया कि घायलों को तहसील अस्पताल खानोजाई में स्थानांतरित कर दिया गया है। ज्यादातर घायलों की हालत गंभीर है। प्रांतीय स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि विस्फोट के बाद क्वेटा के अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गयी है।

# माइक्रोसॉफ्ट देगी 20 लाख भारतीयों को एआइ का प्रशिक्षण



**मुंबई (हि.स.)।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट वर्ष 2025 तक 20 लाख से अधिक भारतीयों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के कौशल में दक्ष बनाने का प्रशिक्षण देगी। माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला ने बुधवार को मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान यह ऐलान किया।

नडेला एआइ पर अमेरिका और भारत के बीच सहयोग से जुड़े एक सवाल पर कहा कि माइक्रोसॉफ्ट वर्ष 2025 तक भारत में 20 लाख लोगों को एआइ में दक्ष बनने के अवसर मुहैया करायेगी। उन्होंने भारत को उच्च वृद्धि दर वाले बाजारों में से एक बताते हुए कहा कि एआइ देश में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि को गति देने में मदद कर सकती है। उन्होंने इस अवसर पर एआइ से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत भी की।

भारत के दो दिवसीय दौरे पर आये नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें।

### उत्तराखंड में कांग्रेस नेता के कई ठिकानों पर इडी की छापेमारी

**देहरादून।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पूरे देश की तरह उत्तराखंड में भी छापेमारी प्रारंभ कर दी है। कांग्रेस नेता डॉ हरक सिंह रावत के घर और उनसे जुड़े कई स्थानों पर छापेमारी चल रही है। दिल्ली, उत्तराखंड, चंडीगढ़ समेत 16 स्थानों पर इडी छापेमारी की जा रही है। उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री कांग्रेस के नेता हरक सिंह के ठिकानों पर इडी की रेड चल रही है। उनके डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास में भी देर रात टीम पहुंची और छापेमारी चल रही है। डॉ हरक सिंह रावत के अलावा 10 से ज्यादा अन्य स्थानों पर भी प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी अपनी कार्रवाई कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की दिल्ली मेट्रो की यात्रा



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो में यात्रा की। यात्रा के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। दिल्ली मेट्रो के प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार राष्ट्रपति कश्मीरी गेट-राजा नाहर सिंह, वायलेट लाइन कॉरिडोर के केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन में सवार हुईं और नेहरू प्लेस मेट्रो स्टेशन तक यात्रा की और वहां से केंद्रीय सचिवालय वापस आयीं। यात्रा के दौरान उन्होंने कुछ स्कूली बच्चों के साथ संवाद भी किया।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक डॉ विकास कुमार इस यात्रा में राष्ट्रपति के साथ थे। डॉ कुमार ने राष्ट्रपति को डीएमआरसी के कामकाज के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और चल रही निर्माण परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। राष्ट्रपति ने एनसीएमसी रुपे कार्ड का उपयोग करके दिल्ली मेट्रो में यात्रा की।

माना जा रहा है कि राष्ट्रपति के इस अप्रत्याशित कदम का उद्देश्य शहर के निवासियों के दैनिक जीवन के साथ संबंध स्थापित करना था। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति मुर्मू दिल्ली मेट्रो से यात्रा करने वाली भारत की दूसरी सेवारत राष्ट्रपति हैं। साल 2012 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने भी दिल्ली मेट्रो में यात्रा की थी।

### एआइएडीएमके के कई पूर्व विधायकों ने थामा भाजपा का दामन

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई को एआइएडीएमके के 15 पूर्व विधायक और एक पूर्व सांसद के पार्टी में शामिल होने से मजबूती मिली है। बुधवार को तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई, राज्य मंत्री एल मुरुगन, राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर की उपस्थिति में इन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।



**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी।**

### सोनोवाल ने कहा- पूरी दुनिया आयुष चिकित्सा की ताकत को पहचान चुकी है

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को पंजाबी बाग (पश्चिम) में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा प्रणाली आयोग के नये कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सोनोवाल ने कहा कि आज पूरी दुनिया आयुष चिकित्सा प्रणाली की ताकत को पहचान चुकी है। भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की वैश्विक स्वीकार्यता से अब आयुष क्षेत्र से लोगों की अपेक्षाएं बढ़ी हैं।

# बिहार की जनता खेला करने वालों को झाड़ू मारकर बाहर करे : प्रशांत



**सहरसा (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजनीतिक निर्लज्जता के उदाहरण बन गये हैं, जो चुनाव हारने के बावजूद कोई ना कोई जुगाड़ कर अब तक कुर्सी पर बने हुए हैं। बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले ही सियासत में संकट के बादल मंडराने लगे हैं। एक तरफ कांग्रेस में टूट का डर है, तो दूसरी तरफ बिहार के सत्ताधारी गठबंधन एनडीए में भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। ये बातें बुधवार को सहरसा स्टेडियम में प्रेस वार्ता के दौरान जनसुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कही।

प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि बिहार में कोई भी खेला हो जाये। आपको शायद जानकारी हो कि बिहार में 2012 के बाद ये नीतीश का सातवां राजनीतिक प्रयोग है। केंद्र में चाहे यूपीए की सरकार हो या प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार हो, बिहार में नीतीश कुमार चाहे महागठबंधन के साथ रहें या अकेले रहें या फिर बीजेपी के साथ रहें, इससे बिहार में क्या बदल गया। क्या आज बिहार में बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था अच्छी हुई। बिहार में क्या चीनी मिलें चालू हुई। बिहार के लोगों को रोजगार तो मिला नहीं। बिहार के लोग आज भी पलायन के लिए मजबूर हैं।

# यूएइ में पहले हिंदू मंदिर का पीएम मोदी 14 फरवरी को करेंगे उद्घाटन



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** संयुक्त राष्ट्र अमीरात (यूएइ) की राजधानी अबूधाबी का पहला हिंदू मंदिर पूरी तरह से बनकर तैयार है। इस मंदिर में विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 14 फरवरी को पूरा होगा। उसी दिन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) संस्था के प्रमुख संत स्वामी महाराज के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। रेगिस्तान में मंदिर निर्माण की कल्पना 27 वर्ष पूर्व बीएपीएस संस्था के प्रमुख संत स्वामी महाराज ने की थी।

नयी दिल्ली के अक्षरधाम स्थित बीएपीएस रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक साधु ज्ञानानंद स्वामी ने हिंदुस्थान समाचार को बताया कि वैसे तो संस्था ने विश्व के कई देशों में 1100 से अधिक मंदिर बनवाये हैं, लेकिन अरब मुस्लिम देश में हिंदू मंदिर का निर्माण अपने में ऐतिहासिक है। अबू मुरीखाह जिले में स्थित 'अल वाकबा' में यह मंदिर भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच दोस्ती, सांस्कृतिक सद्भाव और सहयोग की भावना का प्रतीक है। यहां मंदिर का निर्माण यूएइ सरकार और उसके शासकों की उदारता से ही संभव हो सका है।

साधु ज्ञानानंद स्वामी ने बताया कि अबूधाबी में दो देशों की संस्कृतियों के प्रतीक के रूप में मंदिर निर्माण के लिए बीएपीएस संस्था के लगातार प्रयास के बाद क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने वर्ष 2015 में मंदिर के लिए जमीन देने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 फरवरी 2018 को यूएइ में भारतीय समुदाय को संबोधन के दौरान इस मंदिर के प्रोजेक्ट को शुरू करने की घोषणा की थी।

### भारत और सऊदी अरब ने रक्षा सहयोग मजबूत करने का लिया संकल्प

**रियाद/नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सऊदी अरब की मेजबानी में चल रहे पांच दिवसीय विश्व रक्षा शो (डब्ल्यूडीएस) में हिस्सा लेने के लिए रियाद की यात्रा पर हैं। उन्होंने रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद के साथ बैठक करके द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की है। रक्षा राज्य मंत्री ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे बहुआयामी रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर वार्ता की और सऊदी अरब सैन्य उद्योग के मंडप का भी दौरा किया। विश्व रक्षा शो 4 फरवरी को शुरू हुआ था और 8 फरवरी को समाप्त होगा। भारत और सऊदी अरब के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों का प्रमाण देते हुए रक्षा राज्य मंत्री इस समय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रियाद में हैं। यह पांच दिवसीय शो भाग लेने वाली कंपनियों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा।

# केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने वर्तमान व भविष्य की बाजार स्थितियों पर योजना बनाने का दिया निर्देश

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने बुधवार को मंत्रालय में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, एनटीपीसी, केंद्रीय विद्युत आयोग और भारतीय सौर ऊर्जा निगम के अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल हुए। इस दौरान मंत्री ने वर्तमान व भविष्य की बाजार स्थितियों के आधार पर योजना बनाने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बढ़ती बिजली की मांग और नवीकरणीय ऊर्जा की लागत को कम करने और इसे किफायती बनाने में चौबीसों घंटे नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व को रेखांकित किया। मंत्री ने कहा कि इस तरह की पहली परियोजना से मिली सीख का उपयोग भविष्य में बड़ी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए किया जायेगा।

बैठक के दौरान चौबीसों घंटे बिजली और चरम बिजली की मांग का समर्थन करने के लिए भंडारण माध्यम के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग करने के विभिन्न संभावित विकल्पों पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में ऐसी परियोजनाओं के लिए सरकारी सहायता प्रदान करने के विभिन्न नीतिगत तंत्रों पर चर्चा हुई।

### उतार-चढ़ाव के बीच सपाट बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार उतार-चढ़ाव के बीच सपाट बंद हुआ। बुधवार को कारोबार के अंत में बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) का सेंसेक्स 34.09 अंक यानी 0.04 फीसदी टूटकर 72,152.00 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) का निफ्टी 1.10 अंक यानी 0.0050 फीसदी की मामूली बढ़त के साथ 21,948.75 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 शेयरों में तेजी रही है, जबकि 12 शेयरों में गिरावट दिखी है। आज दिनभर के उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच घरेलू शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी मामूली बढत के साथ बंद होने में कामयाब रहा। पेटीएम के सीइओ विजय शेखर शर्मा की वित मंत्री से मुलाकात की खबरों के बीच कंपनी के शेयर में 10 फीसदी की तेजी रही। पेटीएम का शेयर 45.10 रुपये बढ़कर 496.25 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत में शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान पर खुला। बीएसइ का सेंसेक्स 353 अंकों की उछाल के साथ 72,546 पर खुला था, जबकि एनएसई का निफ्टी 0.54 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,048 पर कारोबार की शुरूआत की थी। हालांकि, आज कारोबार के दौरान डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम शेयर में लगातार दूसरे दिन तेजी देखने को मिली। आज कारोबार के अंत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ), जेएसडब्ल्यू स्टील, एचडीएफसी लाइफ, ग्रासिम इंडस्ट्रीज टॉप गेनर की सूची में शामिल रहे।

### शरद की पार्टी को मिला नया नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार'

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को वरिष्ठ नेता शरद पवार की पार्टी का नया नाम 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार' तय किया है। शरद पवार के समर्थकों ने चुनाव की ओर दिये गये नये नाम पर खुशी जतायी है। हालांकि, यह नाम 27 फरवरी तक अर्थात राज्यसभा चुनाव तक ही अधिकृत रहेगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में दो फाड़ हो जाने के बाद बुधवार को चुनाव आयोग ने असली राकांपा और चुनाव चिह्न उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को सौंप दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग ने शरद पवार गुट को नये नाम और चुनाव चिह्न के लिए आवेदन देने को कहा था। इसके बाद शरद पवार गुट की ओर से 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार' सहित चार नाम दिये गये थे। इनमें से चुनाव आयोग ने शरद पवार के गुट को 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार' नाम देने का निर्णय लिया है।

### अंकिता ने शेयर किये अपने कड़वे अनुभव



**फिल्म इंडस्ट्री** और कास्टिंग काउच के बारे में अक्सर सुनने को मिलता है। कुछ अभिनेत्रियों ने इस संबंध में अपने कड़वे अनुभवों को अक्सर शेयर भी किया है। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने खुलासा किया कि एक साउथ फिल्म के दौरान उन्हें भी दो बार कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा। टीवी की स्टार एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने अपनी एक्टिंग से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अलग पहचान बनायी है। अंकिता लोखंडे को भी सिने इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। हाल ही में उन्होंने इस घटना के बारे में बताया। जब यह घटना घटी, तब अंकिता महज 19-20 साल की थीं। अंकिता ने कहा कि कास्टिंग काउच से उनका पहला सामना तब हुआ, जब वह अपना करियर शुरू कर रही थीं और उन्हें एक साउथ फिल्म के ऑडिशन के लिए बुलाया गया था। फिर उससे डील करने को कहा गया। एक्ट्रेस ने कहा था, 'मैं बहुत स्मार्ट थी और वहां उस कमरे में अकेली थी। उस समय मेरी उम्र 19 या 20 साल की रही होगी और मैंने उनसे पूछा- आपका प्रड्यूसर कैसा समझौता चाहता है? क्या मुझे पार्टियों में या डिनर के लिए जाना होगा?' अंकिता ने कहा कि वह ऐसी स्थिति से बचना चाहती थीं, जहां उन्हें सीधे तौर पर प्रड्यूसर के साथ सोने की बात कही जाये। उन्होंने कहा, 'और जैसे ही उसने ये कहा, मैंने उसकी बैंड बजा दी थी।' दूसरी घटना के बारे में बात करते हुए अंकिता लोखंडे ने कहा, 'जब मैं फिल्मों में लौटी तो मुझे यह दोबारा महसूस हुआ। मैंने बस उस लड़के से हाथ मिलाया। मैं उनका नाम नहीं लेना चहती, वह एक महान अभिनेता थे। उस पल मुझे बुरी अनुभूति हुई और मैंने तुरंत अपना हाथ हटा ली और चली गयी।'


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास से विपक्ष में बेचैनी

**आशीष वशिष्ठ**



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पांच फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण में कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फैसले होंगे। 26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उद्घाटन के अवसर पर कहा था कि मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, ये मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है।

बीते साल प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया था कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्योरा पेश करेंगे। लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिल्कुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

केवल प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट में भी सरकार का आत्मविश्वास झलकता है। उसमें देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है।

जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है। प्रधानमंत्री मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, जो कहा सो पूरा किया के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं। मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं जो पहले छोटे शहरों तक में उपलब्ध नहीं थीं। आयुष्मान योजना के परिणाम भी बहुत अच्छे हैं। सड़क, रेल और हवाई यातायात का परिदृश्य बदल रहा है। मैन्यूफैक्चरिंग के कारण रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोतरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्डियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है। अखबार में हन्ना एलिस पीटरसन के कॉलम में कहा गया है कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा में भाजपा की संभावनाओं को और मजबूत करने वाली है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी खुद इस विधानसभा चुनाव की जीत को 2024 में जीत की गारंटी बता चुके हैं।

लेख में कहा गया है कि विपक्षी दलों की तरफ से कुछ ही माह पहले बनाया गया गठबंधन भले ही सामूहिक रूप से भाजपा के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जता रहा हो लेकिन वह अभी भी एकजुट नहीं हो पाया है।

# भाजपा के मिशन 2024 से ही टीम भारत का

**संजय तिवारी**



भारतीय जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को एक अवसर मानते हुए अगले 25 वर्ष की नई राजनीतिक अवधारणा पर कार्य करना शुरू कर दिया है। इस बार के चुनाव में युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर टिकट देकर आगामी 25 वर्षों के लिए अत्यंत ऊर्जावान और क्रियाशील टीम भारत का आधार तैयार करने की रणनीति पर कार्य शुरू हो चुका है। यह सब विजन मोदी के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक भी है। इसके संकेत स्वयं प्रधानमंत्री के संसद के बजट सत्र में दिए गए विस्तृत संबोधन में भी दिखे हैं।

इसको समझने के लिए प्रधानमंत्री के अमृतकाल की परिधि को भी समझना होगा। वर्ष 2047 तक के कालखंड को अमृतकाल मानते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। तब भारत अपनी स्वाधीनता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा। उस समय तक राष्ट्र को सक्षम और अयंत ऊर्जावान राजनीतिक टीम की जरूरत होगी। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभी से संकेत दे दिया है कि नई लोकसभा में अब अत्यधिक युवा चेहरों की जरूरत है।

इसमें युवा नारीशक्ति की भी बहुत जरूरत होगी। यद्यपि महिला आरक्षण के रूप में नारी शक्ति वंदन कानून पास हो चुका है लेकिन उसको आधिकारिक रूप से लागू होने में अभी कई तकनीकी कार्य शेष हैं । ऐसे में अपने टिकट बंटवारे में भाजपा नारीशक्ति वंदन के संकेत स्पष्ट मानकर महिला प्रतिनिधित्व भी बढ़ा सकती है। यह कदम भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले दलों के लिए सांसत जैसा होगा क्योंकि वे हल्ला तो बहुत करते हैं लेकिन महिलाओं को वैसा प्रतिनिधित्व देते नहीं हैं। इससे भाजपा देश की महिलाओं को स्पष्ट संदेश देकर आधी आबादी को स्वयं से जोड़ सकती है।

इस बार का चुनाव वैसे भी बहुत अलग होने जा रहा है। इसका संकेत प्रधानमंत्री का श्रीअयोध्या जी में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय का वह उद्बोधन है जिसमे वह बार-बार कालचक्र के परिवर्तन और अगले एक हजार वर्ष की भारत की सनातन यात्रा की नींव की चर्चा करते हैं। यह पारंपरिक राजनीति के गणित के फामूर्ले सिद्ध करने वाले कथित राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की समझ से परे है। इसका संकेत स्वयं प्रधानमंत्री ने संसद में कर दिया जब उन्होंने कहा कि उनका तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े और बहुत कड़े फैसलों का होने वाला है।

संकेत समझिए। अब राजनीति बदल रही है। राजनीति में मठाधीशी समाप्त होगी और नए क्रियाशील चेहरे जगह पाएंगे। ऐसा भाजपा के टिकट बंटवारे में भी दिख सकता है। पारंपरिक राजनीति की परिभाषा में बहुत दिग्गज माने जाने वाले चेहरे अगर टिकट की सूची में स्थान नहीं पा सके तो चौंकने की जरूरत नहीं है। टीम भारत के निर्माण में नए, सांगठनिक समर्पण वाले ऊर्जावान चेहरे जरूरी हैं। वैसे भी यह चुनाव केवल एक ही चेहरे का है। हर टिकट पर नरेन्द्र मोदी की छाप होनी है। चुनाव चिह्न पर वोट मिलने हैं। ऐसे में किसी दिग्गज को भ्रम भी नहीं होना चाहिए कि कोई विजय उसकी है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# युवाओं के लिये देश भर में सरकारी नौकरियों के अवसर

**त्रिपुरा लोक सेवा आयोग में सीनियर कंप्यूटर असिस्टेंट**

त्रिपुरा लोकसेवा आयोग (टीपीएससी) ने ग्रुप सी सर्विसेज सीनियर कंप्यूटर असिस्टेंट पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसके लिए रजिस्ट्रेशन विंडो 26 फरवरी तक खुली है। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय समयसीमा के भीतर अपने आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। सभी 33 रिक्तियों, जिनमें 23 स्थायी सीनियर कंप्यूटर असिस्टेंट के पद हैं। इसके अलावा वित्त विभाग में 10 पद और उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में 10 अस्थायी पद हैं। शैक्षणिक योग्यता एवं विस्तृत जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट को देख सकते हैं।

**शिक्षा विभाग, चंडीगढ़**

शिक्षा विभाग, चंडीगढ़ ने जूनियर बेसिक टीचर (जेबीटी) पदों पर भर्ती निकाली है। पंजीकरण की प्रक्रिया 24 जनवरी 2024 से शुरू कर दी गयी है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 19 फरवरी, 2024 है। उम्मीदवार आवेदन शुल्क का भुगतान 22 फरवरी दोपहर 2 बजे तक कर सकेंगे। पदों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 01 जनवरी, 2024 को 21 से 37 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट लागू है। चयनित उम्मीदवारों को 9,300 रुपये से 34,800 रुपये + ग्रेड वेतन 4,200 रुपये (स्तर 5) के अनुसार वेतन दिया जाएगा।

**भारतीय सेना में अवसर**

भारतीय सेना ने शॉर्ट सर्विस कमीशन (ररउ) के अनुदान के लिए इच्छुक और योग्य अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला इंजीनियरिंग स्नातकों और भारतीय सशस्त्र बल रक्षा कर्मियों की विधवाओं से ऑनलाइन आवेदन मंगवाये हैं। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 21 फरवरी 2024 दोपहर 3 बजे तक होगी। इस भर्ती अभियान के अंतर्गत 381 रिक्तियों को भरना है, जिनमें से 350 रिक्तियां एसएससी (टेक) पुरुषों के लिए, 29 एसएससी (टेक) महिलाओं के लिए और 02 रिक्तियां रक्षा कर्मियों की विधवाओं के लिए हैं। इंडियन आर्मी एसएससी भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स पूरा कर चुके हों या जो इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स के अंतिम वर्ष में हैं, वे भी आवेदन करने के लिए पात्र माने जायेंगे।

**राजस्थान लोक सेवा आयोग**

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 200 पदों पर भर्ती निकाली है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आरपीएससी भर्ती 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। शैक्षणिक योग्यता के रूप में उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 55% अंकों के साथ मास्टर डिग्री होनी चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 21 फरवरी 2024 है। रिक्त पदों में हिंदी के लिए 37 पद, अंग्रेजी के लिए 27 पद, राजनीति विज्ञान के लिए 05 पद, इतिहास के लिए 03 पद, सामान्य संस्कृत के लिए 38 पद, साहित्य के 41 पद, व्याकरण के 36 पद, धर्मशास्त्र के 03 पद, ज्योतिष, अंकशास्त्र के 02 पद, यजुर्वेद के 02 पद, ज्योतिष फलित का 01 पद, ऋग्वेद का 01 पद, सामान्य दर्शन का 01 श्लोक, भाषा विज्ञान के 02 पद तथा योग विज्ञान का 01 पद सम्मिलित हैं। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 21- 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# स्त्री और पुरुष समानता के हक में है यूसीसी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

उत्तराखंड में चल रहे विधानसभा सत्र के बीच अपने घर से निकलते समय संविधान की मूल प्रति को लेकर सदन पहुंचने के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक ओर यह कहकर देश में नई बहस शुरू कर दी है कि "देश के संविधान निमार्ताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 को सार्थकता प्रदान करने की दिशा में आज का दिन देवभूमि उत्तराखंड के लिए विशेष है। देश का संविधान हमें समानता और समरसता के लिए प्रेरित करता है और समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की प्रतिबद्धता इस प्रेरणा को साकार करने के लिए एक सेतु का कार्य करेगी।" इसके साथ सदन में पहुंचकर उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को सदन के पटल पर रख यह बता दिया है कि प्रत्येक नागरिक की समानता को लेकर जो शुरूआत उत्तराखंड से हुई है, वह अब अनेक राज्यों में होते हुए केंद्र तक जाएगी।

देहरादून स्थित जामा मस्जिद शहर काजी मोहम्मद अहमद कासमी, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी , इमाम संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती रईस, नुमाइंदा ग्रुप याकूब सिद्दीकी, लताफत हुसैन और राज्य बेग , ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड के महासचिव मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दीदी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत देश भर में मुस्लिम रहनुमाई का दम भरने वाले आज कई नेता है जोकि यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का खुलकर विरोध कर रहे हैं ।

वास्तव में इन सभी की छोटी मानसिकता से साफ समझ आ रहा है कि वह भारत के तमाम मुसलमानों को गुमराह करने के कार्य रहे हैं । कहना होगा कि आज कहीं न कहीं ये सभी और इन जैसे भारत में मुसलमानों को इस्लाम के नाम पर मजहब को ऊपर रख देश को तोड़ने का ही कार्य कर रहे हैं । जब ये लोग कहते हैं कि मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीअत पर अमल करना है। तब ये सभी यह भी मंशा जाहिर कर देते हैं कि उन्हें देश के कानून से कोई लेनादेना नहीं है।

पर्सनल लॉ बोर्ड तो सीधे धमकी देने तक पर उतर आया है, कह रहा है "मुल्क में अगर भाईचारा खत्म हो गया तो मुल्क का इत्तेहाद पार हो जाएगा। अगर नफरत के जहर को नहीं रोका गया तो ये आग ज्वालामुखी बन जाएगी और मुल्क की तहजीब, उसकी नेकनामी, इसकी तरक्की और इसकी नैतिकता सब को जलाकर रख देगी।" अब इनसे कोई पूछे, कौन फैला रहा है नफरत ? देश के कई राज्यों में आज "सर तन से जुदा" के नारे क्यों लग रहे हैं ?

हम सबको याद है कि 1948 में जब हिंदू कोड बिल संविधान सभा में पहली बार पेश किया गया, तब कुछ लोगों ने इसका जमकर विरोध किया, किंतु डॉ. भीमराव आम्बेडकर अपने उद्देश्य से डिगे नहीं। वे भारत की स्त्रियों को हर स्थिति में समान अधिकार दिलाने के लिए संकल्पित थे। तत्कालीन कानून मंत्री आम्बेडकर ने 5 फरवरी, 1951 को हिंदू कोड बिल को संसद में दोबारा प्रस्तुत किया। इसके बाद 17 सितंबर, 1951 को चर्चा के लिए इस बिल को फिर संसद के पटल पर रखा गया। संसद में विरोध के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट दिया, जोकि अंबेडकर को सही नहीं लगा और उन्होंने आहत होकर कानून मंत्री के पद से इस्तीफा तक दे दिया।

डॉ. आम्बेडकर ने हिंदू कोड बिल पारित करवाने को लेकर साफ कहा कि "मुझे भारतीय संविधान के निर्माण से अधिक दिलचस्पी और खुशी हिंदू कोड बिल पास कराने में है।" और आखिर 1955 में हिंदू मैरिज एक्ट आया, जिसके अंतर्गत तलाक को कानूनी दर्जा, अलग-अलग जातियों के स्त्री-पुरुष को एक-दूसरे से विवाह का अधिकार और एक बार में एक से ज्यादा शादी को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। फिर 1956 में ही हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, हिंदू दत्तक ग्रहण और पोषण अधिनियम और हिंदू अवयस्कता और संरक्षकता अधिनियम देश में संवैधानिक नियमन से लागू हुए ।

कह सकते हैं कि ये सभी कानून महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा देने के लिए लाए गये थे। इसके तहत पहली बार महिलाओं को संपत्ति में अधिकार और लड़कियों को गोद लेने पर जोर दिया गया। उस समय भी संसद का इस बात पर जोर था कि यह कानून सिर्फ हिन्दुओं के लिए नहीं भारत में रहनेवाले प्रत्येक नागरिक के लिए समान रूप से लागू हों। इस संदर्भ में इतिहास और संसद की बहसें देखी जा सकती हैं कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार खासकर जवाहरलाल नेहरू इसके लिए तैयार नहीं हुए और यह कानून हिन्दुओं तक सीमित होकर रह गया। फिर जो भी आज यूनिफॉर्म सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता की चर्चा की गई है। राज्य के नीति-निर्देशक तत्व से संबंधित इस अनुच्छेद में कहा गया है कि 'राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा'।

इस दिशा में उत्तराखंड सरकार ने जो पहल सदन में बिल पेश कर की है, उसके कानून बनते ही यहां की विशेषकर आधी मुस्लिम आबादी के साथ न्याय हो सकेगा। बहुविवाह पर रोक लगेगी। महिलाओं को पैतृक संपत्ति में अधिकार मिलेगा, बच्चों को गोद लेने का भी अधिकार पाना संभव होगा। सभी धर्मों में लड़की की शादी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। वर्तमान में मुस्लिम समाज शरिया पर आधारित पर्सनल लॉ के तहत संचालित है। इसमें मुस्लिम पुरुषों को चार विवाह की इजाजत है। इसके लागू होते ही एक विवाह ही मान्य होगा। मुस्लिम लड़कियों को भी लड़कों के बराबर अधिकार मिलेगा। इद्दत और हलाला जैसी कुप्रथा पर प्रतिबंध लगेगा। तलाक के मामले में शौहर और बीवी को बराबर अधिकार मिलेंगे।

इसी प्रकार से सभी धर्म के लोगों को लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसमें विवाह का पंजीकरण भी जरूरी है। साथ ही अन्य भी बहुत कुछ है जो स्त्री-पुरुष के बीच के विभेद को इसके माध्यम से धामी सरकार ने समाप्त करने का प्रयास किया है। अच्छा हो कि इसकी खूबियों को सभी मुस्लिम समझें, विरोध छोड़ धामी सरकार के इस निर्णय पर उसकी प्रशंसा करने आगे आएं। वहीं आज जरूरत इस बात की भी है कि जो पहल उत्तराखंड से शुरू हुई है, वह रुके नहीं। देश के अन्य राज्य और केंद्र सरकार भी जल्द इस पर कानून बनायें।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# साकेत ने झारखंड का नाम पूरे विश्व में गौरवान्वित किया








* एशिया यूथ इंटरनेशनल माडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में चयनित होकर एक झारखंड के साकेत ने एक कीर्तिमान बनाया

महज 24 की उम्र में ही एशिया यूथ इंटरनेशनल माडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में चयनित होकर एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया। एशिया यूथ इंटरनेशनल के सचिव जोनास ब्रंस ने साकेत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

इस वर्ष 26 जनवरी से 29 जनवरी मलेशिया के कुआलालंपुर में एशिया यूथ इंटरनेशनल माडल संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें भारत से कुल 28 युवा प्रतिभागी भाग लिये थे।

यह संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का एक प्रारूप होता है जिसमें पूरे विश्व से प्रतिभाशाली युवा प्रतिभागियों को सीखने और समझने के लिए एक मंच दिया जाता है। इसमें हल्ड, वठएरउड, वठकउएऋ, कठळएफढडछए, वठऊफफ जैसी बड़ी बड़ी कमिटियाँ होती है। इसमें 15 से 25 वर्ष के युवा ही भाग ले सकते हैं। जिस क्षेत्र पर विद्यार्थी शोध किए होते हैं, उस पर अपना माडल प्रस्तुत करना होता है। प्रतिभागियों को अनुसंधान, सार्वजनिक रूप से बोलना, बहस करना, लिखना, आलोचनात्मक सोच, टीम वर्क और नेतृत्व जैसे कौशल सीखने को मौका मिलता है। प्रतिनिधि सम्मेलनों से पहले शोध करते हैं। इसमें प्राथमिक विद्यालय से लेकर कालेज या विश्वविद्यालय स्तर तक के छात्रों को शामिल किया जाता है। प्रत्येक छात्र एक देश, संगठन या व्यक्ति के प्रतिनिधि के रूप में काम करता है और उसे दुनिया भर के अन्य प्रतिनिधियों के साथ समस्या का समाधान करना होता है।

झारखंड की राजधानी राँची में पले बढ़े साकेत ने दोहा कतर का प्रतिनिधित्व किया और अपने शोध के आधार पर कतर की समस्या, समाधान और अन्य बिंदुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कतर की समस्याओं खासकर साइबर सुरक्षा को लेकर समाधान कैसे हो, इसपर एक मॉडल प्रस्तुत किया, जिसे सबने सराहा। साकेत की कम्युनिटी थी इंटरपोल। कई देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में साकेत ने बताया कि इंटरपोल, कतर और अन्य देश मिलकर कैसे साइबर समस्याओं से निबट सकते हैं।

आपको बता दें कि साकेत के पिता का नाम रवींद्र सिंह एवं माता संजू सिंह हैं, जो राँची के धुर्वा में रहते हैं। माता-पिता धुर्वा में ही आर एस कोचिंग सेंटर के नाम से इंस्टिट्यूट चलाते हैं। इनके दादा जी ल्ठएउ में नौकरी करते थे। कुल 5 सदस्यों के परिवार में साकेत सबसे छोटा है। हालाँकि साकेत का पैतृक निवास उत्तरप्रदेश का सिताबदियारा है, लेकिन इनका पूरा परिवार रांची में ही रहता है।

साकेत ने बताया कि एमयूएन का उद्देश्य छात्रों को एक मंच देना और उन्हें वर्तमान विश्व के मुद्दों और विश्व राजनीति में गहरी समझ विकसित करने की अनुमति देना है। युवाओं में देश-दुनिया से संबंधित राजनीतिक जागरूकता लाना। ऐसे कार्यक्रम से व्यक्तिगत विकास भी होता है। उन्होंने बताया कि सभी युवाओं को राष्ट्रीय राजनीति की थोड़ी बहुत जानकारी जरूर रखनी चाहिए।

साकेत ने बताया कि सोशल मीडिया के द्वारा इस सम्मेलन के बारे में पता चला था। ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन करने के बाद सेलेक्शन हुआ। ऐसे कार्यक्रम से नेटवर्क मजबूत होता है। कई बड़े शिक्षण संस्थान से संपर्क बनते हैं, जो बेहतर भविष्य की नींव रखने में सहायक हो सकते हैं। अपने सेलेक्शन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि ऐसा मंच मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मलेशिया से वापस लौटने पर उनके माता-पिता समेत सभी भई बहनों ने साथ मिलकर खुशियाँ मनाई।

झारखंड को लेकर उन्होंने कहा कि झारखंड में पूरी शिक्षा हुई है। राँची के संत थॉमस स्कूल से 2016 में दसवीं तक की शिक्षा ली थी। उसके बाद उन्होंने संत जेवियर कॉलेज से डिग्री ली। उसके बाद वे बैंगलोर जाकर उच्च शिक्षा ली और अभी वे बैंगलोर में ही जॉब कर रहे हैं। अपने माता पिता को इस उपलब्धि के लिए श्रेय देते हुए कहते हैं कि उनका योगदान अमूल्य है।